e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 100
गुरुवार
13.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
फूलों की सुगंध केवल वायु की दिशा में फैलती है, लेकिन अच्छे व्यक्ति की अच्छाई हर दिशा में फैलती है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**
इफ्तार (13/04/23) 06:10
सेहरी (14/04/23) 04:05

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**
अधिकतम 36°
न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना :** राजधानी पटना के एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस धमकी से एयरपोर्ट अथारिटी में हड़कंप मच गया। एसएसपी राजीव मिश्रा ने इसकी पुष्टि की है। एयरपोर्ट डायरेक्टर अंचल प्रकाश ने कहा है कि बुधवार सुबह लगभग 11 बजे उनके मोबाइल फोन पर अंजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी। कुछ सेकंड बाद कॉल कट गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा दल-बल के साथ एयरपोर्ट पहुंचे। फौरन बम स्क्वॉड टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाया गया। इसके बाद चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा है। मिश्रा ने बताया कि इसके बाद पूरे एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यात्रियों के सामान को भी चेक किया जा रहा है। सीआईएसएफ भी जांच कर रही है। धमकी देने वाले कॉलर की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### डॉ अमिताभ कौशल खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले के सचिव बने

**रांची :** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। योजना एवं विकास विभाग के सचिव डॉ अमिताभ कौशल को स्थानांतरित करते खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले का सचिव बनाया गया है। डॉ. कौशल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ राजस्व,निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग का सचिव तथा आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जलसंसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार को अपने कार्यों के साथ योजना एवं विकास विभाग का सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग के सचिव विप्रा भाल को अपने कार्यों के साथ वाणिज्य कर विभाग का सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव चंद्रशेखर को स्थानांतरित करते हुए उन्हें ग्रामीण विकास विभाग का प्रभारी सचिव बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### बठिंडा में मिलिट्री स्टेशन पर गोलीबारी, चार की मौत

**बठिंडा (पंजाब) :** मिलिट्री स्टेशन बठिंडा में गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है। गोलीबारी के दौरान जोरदार धमाका भी हुआ। इस बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस पर सेना से पूरी रिपोर्ट मांगी है। घटना के बाद बठिंडा मिलिट्री एरिया को सील कर दिया गया है। बठिंडा के एसएसपी गुलनीत खुराना का कहना है कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार सेना के जवान गोलीबारी का जवाब दे रहे हैं। सेना के अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। इसके बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

सचिवालय घेराव कार्यक्रम

# भाजपा के 41 नेताओं पर एफआईआर

**धुर्वा थाने में कार्यपालक दंडाधिकारी उपेंद्र कुमार के बयान पर प्राथमिकी की गई।**

प्रभात मत्र सवाददाता

**रांची :** सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को भाजपा नेताओं द्वारा बैरेकेडिंग तोड़ने व बड़ी संख्या में प्रोजेक्ट भवन घेरने के मकसद से आगे बढ़ने के आरोप में धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में भाजपा के पांच सांसद, तीन विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री सहित 41 नामजद व हजारों अज्ञात कार्यकर्ताओं को आरोपी बनाया गया है। सभी पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा, अपराध के लिए उकसाने व दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज हुआ है। धुर्वा थाने में कार्यपालक दंडाधिकारी उपेंद्र कुमार के बयान पर प्राथमिकी की गई। नामजद आरोपियों में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, रांची के सांसद संजय सेठ, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, सांसद निशिकांत दुबे, विधायक अमित मंडल, आरती कुजूर, प्रदीप मुखर्जी, शत्रुघ्न सिंह, अनिता सोरेन, मुनचुन राय, उमेश यादव, वीरेंद्र यादव, ललित ओझा, केके गुप्ता, कुलवंत सिंह बंटी, गुंजन यादव, अमित कुमार, विकास कुमार पांडे, दिलीप कुमार सिंह, कुमकुम देवी, कामेश्वर सिंह, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, कमलेश राम, नीलम चौधरी, साधु मांझी और विमल मरांडी शामिल हैं.

**दर्ज प्राथमिकी को लेकर तेज हुई राजनीति, आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी**

### भाजपा का बुलंद है हौसला : दीपक प्रकाश



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि सत्ता आती-जाती रहती है। जिस दिन हमारी सरकार आयी उस दिन इस लाठीचार्ज का बदला लेंगे। 2024 के चुनाव में हेमंत सरकार को उनकी औकात दिखाएंगे। हमारे कार्यकर्ताओं पर जिस तरह से लाठीचार्ज किया गया है,लाठीचार्ज से सिर्फ हमरा शरीर जख्मी हुआ है लेकिन हमारा हौसला अब भी बुलंद है। हेमंत सोरेन सरकार ही इस आंदोलन से नींव हिल गयी है। आज भाजपा के कार्यकर्ताओं पर जो अत्याचार हुए हैं, वो सरकार के इशारे पर हुआ। भाजपा इसका विरोध करती है।हमारे कार्यकर्ताओं पर जिस तरह से लाठीचार्ज किया गया है, उन्हें क्या लगता है हम डर जाएंगे। अगर सरकार ऐसा सोच रही है तो बिल्कुल गलत सोच रही है।

### भाजपा को है सत्ता पाने की बौखलाहट : जेएमएम



झारखंड मुक्ति मोरचा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे अधिक भीड़ तो नुक्कड़ सभाओं में होती है. सचिवालय घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ता आये ही नहीं। भाजपा के नेताओं को हेमंत फोबिया हो गया है। भाजपा हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से डर रही है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा नेताओं को सपने में भी हेमंत सोरेन दिखाई पड़ते होंगे। सत्ता पाने की बौखलाहट को राज्य की जनता समझ रही है। आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और समाज के वंचित वर्ग तक सरकार की पहुंच है। युवाओं से किया वादा सरकार पूरा कर रही है। शिक्षा पर जोर दे रही है, गरीब छात्रों की मदद कर रही है। विनोद पांडेय ने कहा सरकार योजनाओं के माध्यम से लोगों के सहयोग में लगी है।

# भीषण गर्मी व लू की चपेट में पलामू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है।दोपहर में अब बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। तेज धूप और बढ़ती गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ाने लगी है। कई जिलों में अब हीट वेव के हालात उत्पन्न हो रहे हैं। स्कूल से छुट्टी के बाद दोपहर को घर वापस लौटना अब बच्चों के लिए भी मुश्किल होने लगा है। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक गर्मी और चिलचिलाती धूप अब लोगों को परेशान करने लगी है। अगले दो से चार दिनों में झारखंड का तापमान चार से पांच डिग्री बढ़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी से किसी तरह की राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले तीन से चार दिनों में ही रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। अभी रांची का तापमान लगभग 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। जमशेदपुर में अभी तापमान में और बढ़त होने की संभावना है। इस वक्त यहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के आसपास है।मौसम विभाग ने कहा है कि अभी तापमान में बढ़त जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को राज्य में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। अगले कुछ दिनों तक तापमान लगातार बढ़ने का अनुमान है। इससे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। पलामू जिले में बढ़ती गर्मी को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने स्कूलों के समय में बदलाव को लेकर निर्देश जारी किया है। जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालय के कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से लेकर 12 बजे तक ही संचालित की जाएंगी।

**मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले तीन से चार दिनों में ही रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।**

एनएचआरसी की अंतरिम रिपोर्ट

# ममता सरकार की प्रशासनिक विफलता से भड़की हिंसा



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के हावड़ा, हुगली और डालकोला में हुई हिंसा को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने महत्वपूर्ण रिपोर्ट सौंपी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार है। हिन्दुस्थान समाचार के पास इस अंतरिम रिपोर्ट की एक प्रति है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि हावड़ा के शिवपुर अथवा हुगली जिले के रिसड़ा, उत्तर दिनाजपुर के दालखोला में हिंसा की जो घटनाएं हुई हैं उसमें पश्चिम बंगाल प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार है।

मानवाधिकार आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जब शोभायात्रा निकल रही थी तब पुलिस की टीम उसके साथ थी। यहां तक कि पुलिस ने जिस भी रूट पर परमिशन दिया था उसी रूट पर शोभायात्रा निकल रही थी। लेकिन जैसे ही अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शोभायात्रा पहुंची छतों और आसपास के क्षेत्रों से पथराव शुरू हो गए। यहां तक की शोभायात्रा पर हमले के बाद आगजनी भी शुरू हो गई, जिसके बाद हिंसा भड़की है।

मानवाधिकार आयोग ने अपनी रिपोर्ट में हावड़ा, हुगली और डालकोला में शोभायात्रा का जिक्र किया है जिसमें प्रस्तावित रूट पर ही शोभायात्रा निकालने पर पथराव और आगजनी का जिक्र किया गया है। इसमें साफ कहा गया है कि ममता बनर्जी सरकार की प्रशासन की विफलता की वजह से ही हिंसा भड़की है।पटना हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एल नरसिम्हा रेड्डी समेत अन्य पांच सदस्यों की टीम ने स्पष्ट कहा है कि पश्चिम बंगाल में हावड़ा हुगली और डालखोला में जब रामनवमी की शोभायात्रा निकली तो राज्य पुलिस ने जिस रूट पर रैली को अनुमति दी थी उसी रूट पर रैली निकल रही थी।

जयपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस को पीएम ने किया रवाना

# देश भर में वंदे भारत ट्रेन का हो रहा है गौरव गान : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पीएम नरेंद्र मोदी ने जयपुर से दिल्ली कैंट के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पीएम ने कहा कि बीते दो महीनों में यह छठी वंदे भारत एक्सप्रेस है, जिसे हरी झंडी दिखाने का मुझे सौभाग्य मिला है। मुम्बई-शोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस, मुम्बई-शिरड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, रानी कमलापति हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस, सिकंदराबाद-तिरूपति वंदे भारत एक्सप्रेस, चेन्नई-कोयम्बटूर वंदे भारत एक्सप्रेस और अब जयपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस आज शुरू हो रही है। जब से ये आधुनिक ट्रेने शुरू हुई हैं। जब से करीब 60 लाख लोग इन ट्रेनों में सफर कर चुके हैं। तेज रफ्तार वंदे भारत एक्सप्रेस की सबसे बड़ी विशेषता है, जो लोगों का समय बचा रही है। एक स्टडी है कि एक वंदे भारत की यात्रा करने पर लोगों के करीब 2500 घंटे बचते हैं। यात्रा में बचने वाले ये 2500 घंटे लोगों को अन्य कार्यों के लिए उपलब्ध हो रहे हैं। मेन्युफेक्चरिंग कौशल से लेकर सुरक्षा गारंटी तक, तेज रफ्तार से लेकर खूबसूरत डिजाइन तक वंदे भारत तमाम खूबियों से सम्पन्न है। यही सब खूबियों को देखते हुए आज देशभर में वंदे भारत ट्रेन का गौरव गान हो रहा है। वंदे भारत ने एक तरह से कई रेल की शुरुआत की है। वंदे भारत पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन है, जो मेड इन इंडिया है। वंदे भारत पहली ऐसी ट्रेन है जो कॉम्पैक्ट और एफिशिएंट है।

मोदी ने कहा कि रेलों के विकास की यह यात्रा कल हमें विकसित भारत की यात्रा की ओर ले जाएगी। हमारे देश का दुर्भाग्य रहा है कि रेलवे जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था जो सामान्य मानव के जीवन का इतना बड़ा हिस्सा है, उसे भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया था। आजादी के बाद भी भारत को एक बड़ा रेलवे नेटवर्क मिला था। लेकिन रेलवे के आधुनिकीकरण पर हमेशा राजनीतिक स्वार्थ हावी रहा। मोदी ने कहा, राजनीतिक स्वार्थ को देखकर तब ये तय किया जाता था कि कौन रेल मंत्री बनेगा, कौन नहीं बनेगा। राजनीतिक स्वार्थ ही तय करता था कि कौन सी ट्रेन किस स्टेशन पर चलेगी। राजनीतिक स्वार्थ ने ही बजट में ऐसी-ऐसी ट्रेनों की घोषणाएं करवाई, जो कभी चली ही नहीं। हालत ये थी कि रेलवे की भर्तियों में राजनीति होती थी। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता था। हालत ये थी कि गरीब लोगों की जमीनें छीनकर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया गया। देश में मौजूद हजारों मानव रहित क्रॉसिंग को भी अपने ही हाल पर छोड़ दिया गया था। रेलवे की सुरक्षा, स्वच्छता, प्लेटफॉर्म की स्वच्छता सब कुछ नजर अंदाज कर दिया गया था। पीएम ने कहा कि हमारी सरकार रोड के साथ ही राजस्थान में रेल कनेक्टिविटी को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। तारंगा हिल से अम्बाजी होते हुए आबूरोड तक नई रेललाइन के निर्माण पर भी काम शुरू हो चुका है, इस रेललाइन की मांग 100 साल से भी पुरानी है, जो भाजपा सरकार ने ही पूरी की है।

# विपक्षी एकजुटता की कवायद, राहुल-खड़गे से मिले नीतीश-तेजस्वी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता को मजबूत करने की कोशिश में लगे हुए हैं. अपने तीन दिवसीय दौरे पर गए नीतीश कुमार ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात की. नीतीश कुमार के साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी मौजूद थे.बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेस कर नेताओं ने बता दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकता देखने को मिलेगी.

नीतीश कुमार, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभी पार्टियों को एक जुट कर और एक होकर आगे के चुनाव लड़ेंगे.बता दें कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार बीजेपी का साथ छोड़कर महागठबंधन के साथ मिलकर जब से सरकार बनाई है, तब से वह लगातार विपक्षी एकजुटता की कोशिश में जुटे हैं. पिछले साल भी जब वह दिल्ली आए थे, तब राहुल गांधी और सोनिया गांधी से मिले थे. हालांकि उस दौरान कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया था. बाद के दिनों में तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव भी बिहार आए थे. अभी हाल में नीतीश कुमार ने बताया था कि खरगे ने उन्हें फोन किया था. जिसके बाद से ये चर्चा जोर पकड़ने लगी थी कि कांग्रेस नेताओं से जल्द ही नीतीश कुमार की मुलाकात हो सकती है. सीएम तीन दिनों तक दिल्ली में रहेंगे.

### विपक्ष का विजन विकसित करेंगे : राहुल

विपक्ष को एक करने में एक बेहद ऐतिहासिक कदम लिया गया है, यह एक प्रक्रिया है। विपक्ष का देश के लिए जो विजन है हम उसे विकसित करेंगे। जितनी भी विपक्षी पार्टी हमारे साथ चलेंगी हम उन्हें साथ लेकर चलेंगे और लोकतंत्र और देश पर जो आक्रमण हो रहा है हम उसके खिलाफ एक साथ खड़े होंगे और लड़ेंगे.



### एक साथ काम करेंगे : नीतीश

अभी बात हो गई है. हमने काफी देर चर्चा की है, अधिक से अधिक पार्टियों को पूरे देश में एक जुट करने का प्रयास करना है. हम आगे एक साथ काम करेंगे ये तय हो गया है.

### एकजुटता हमारी प्राथमिकता : खड़गे

हमने ऐतिहासिक बैठक की है. बहुत से मुद्दों पर चर्चा हुई. हमने तय किया कि सभी पार्टियों को एक जुट कर और एक होकर आगे के चुनाव लड़ेंगे. हम सभी उसी रास्ते पर आगे चलेंगे.

### झारखंड : कोरोना के 29 नए मरीज

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 29 नए मरीज सामने आए हैं। संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 99 हो गई है। इस अवधि में पांच मरीज स्वस्थ हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से कोरोना दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। नए मरीजों में रांची में नौ, देवघर में चार, दुमका में दो, लोहरदगा में चार, वेस्ट सिंहभूम में दो, ईस्ट सिंहभूम में तीन, गढ़वा में एक, हजारीबाग में दो, खूंटी में एक, कोडरमा में एक, लातेहार में एक और रामगढ़ में एक शामिल हैं। इससे पहले रिम्स समेत 312 हॉस्पिटल में कोरोना मॉकड्रिल कर प्रबंधों का जायजा लिया जा चुका है।

# एनएचआई संवेदक ने भंडार गांव में जबरदस्ती कार्य किया शुरू, लोगों में दिखा आक्रोश

**स्थानीय लोगों ने कार्य बंद कराते हुए सड़क किनारे शांतिपूर्ण दिया धरना**

**विश्रामपुर अंचलाधिकारी वह विश्रामपुर थाना प्रभारी ने लोगों को समझाया**



धरना पर बैठे लोग, आक्रोशित लोगों को समझाते अंचलाधिकारी प्रशांत हेंब्रम व थाना प्रभारी शशि रंजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** एनएच 39 फोरलेन निर्माण कार्य करा रही कंपनी के द्वारा बुधवार को भंडार गांव में जबरदस्ती सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दी गई। अधिग्रहण की जाने वाली जमीन का मुआवजा भी किसी रैयतों को नहीं दिया गया है। और ना ही मुआवजा की राशि हीं भूअर्जन के द्वारा तय की गई है। निर्माण कार्य करा रही कंपनी के कर्मियों द्वारा जबरदस्ती पोकलेन आदि मशीन को लगाकर कार्य शुरू किए जाने को लेकर लोगों में आक्रोश देखा गया। इतना ही नहीं आक्रोशित लोगों ने निर्माण कार्य को बंद कराते हुए मोबाइल पर इसकी जानकारी पलामू उपायुक्त सहित भू अर्जन पदाधिकारी, विश्रामपुर अंचलाधिकारी प्रशांत हेंब्रम, व थाना प्रभारी शशी रंजन को दी। जहां दोनों ने पहुंच कर लोगों आक्रोशित लोगों से बातचीत किया। साथ ही आश्वासन दिया कि नियमानुसार सारी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।जानकारी के अनुसार एनएच 39 फोरलेन का निर्माण कार्य के लिए एनएचआई के द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अधिग्रहण को लेकर जमीन का सीमांकन का कार्य अलग-अलग दो चरणों में पूरा किया गया। सर्वप्रथम अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी व अमीन जिला भू अर्जन कार्यालय व एनएचआई के द्वारा उपलब्ध कराई गई मैप के आधार पर अधिग्रहण किए जमीन का सीमांकन कार्य किया गया। वहीं दूसरी बार निर्माण कार्य करा रही कंपनी के द्वारा भी अधिग्रहित जमीन की मापी का कार्य अपने कर्मियों के द्वारा कराया गया। जिसमें पूर्व व वर्तमान दोनों बार मापी में भिन्नता पाई गई। नतीजतन रैयतों के द्वारा समय-समय पर इसकी शिकायत अंचल व जिला भू अर्जन कार्यालय में की गई। जहां सुधार कर नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की जाती रही है। अधिग्रहित जमीन की मुआवजा आदि का भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। रैयत हर रोज अंचल व जिला कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। इधर बुधवार की सुबह कंपनी के कर्मियों के द्वारा जबरजस्ती भंडार गांव में कार्य की शुरुआत कर दी गई। जिसकी जानकारी मिलते ही लोगों में आक्रोश टूट पड़ा। देखते ही देखते राजहरा से शंखा गांव तक के सैकड़ों लोग स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रोकते हुए सड़क किनारे शांतिपूर्ण धरना पर बैठ गए। लोगों के द्वारा जिला प्रशासन की प्रति नाराजगी देखी गई। लोगों ने एक स्वर में कहा कि जान दे देंगे लेकिन जमीन औने पौने दाम में नहीं देंगे। जमीन मूल्य का निर्धारण बाजार मूल्य के अनुसार तय हो।इधर धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलती ही विश्रामपुर अंचलाधिकारी प्रशांत हेंब्रम व विश्रामपुर थाना प्रभारी शशी रंजन स्थल पर पहुंचे। जहां शांतिपूर्ण धरना दे रहे लोगों को समझाते हुए कहा कि नियमानुसार ही सारी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बगैर सहमति निर्माण कार्य कैसे शुरू की गई इस संबंध में कंपनी के कर्मियों से बातचीत कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं लोगों ने कहा कि कंपनी के द्वारा जबरजस्ती कार्य करने की कोशिश की जा रही है। जो नियम संगत नहीं है। सर्वप्रथम जमीन का मूल्य तय हो, उसके बाद भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों भाजपा कार्यसमिति सदस्य पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील पांडेय, राहुल दुबे, बैजनाथ पांडेय, चंद्रशेखर पांडेय, प्रवीण सिंह, रवि सिंह, भीम पांडेय सहित कई लोग शामिल थे।

### अधिग्रहित जमीन का बाजार मूल्य 2.50 लाख भू अर्जन की ओर से महज 15 हजार का दिखाया जा रहा लॉलीपॉप

पड़वा मोड़ से शंखा तक अधिग्रहण किए जाने वाले जमीन के मूल्य भू अर्जन के द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा रहा। रैयतों में असमंजस की स्थिति बनी है। प्रत्येक दिन भूस्वामी अंचल व जिला कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। जबकि जमीन का बाजार मूल्य 2.50-3 लाख है। उहापोह की स्थिति में रैयत बेमौत मारे जा रहे हैं। सरकारी प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्री कार्यालय से छह माह पूर्व या आसपास के क्षेत्र में हुए डीड को आधार मानकर बाजार मूल्य तय किया जाता है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं की गई है। केवल सड़क किनारे लगे हुए झाड़ की सफाई की जा रही थी। जिसे लोग निर्माण कार्य की शुरुआत समझ टूट अपना आक्रोश व्यक्त करने लगे।

## एके सिंह कॉलेज जपला हुसैनाबाद में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद( पलामू):** ए.के. सिंह कॉलेज जपला में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला सी. एस. सी. प्रबंधक नागेंद्र कुमार एवं अरविंद कुमार ,एजुकेशन कंसल्टेंट बिरेन्द्र कुमार सिंह,एसआरसी के संचालक भीएलई राजीव कुमार एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।एसआरसी के द्वारा प्रदान की जाने वाली सर्विस के बारे में पलामू सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर कॉलेज कैम्पस में खुलने से कॉलेज के छात्र-छात्राओ को आनलाईन फार्म एवं अन्य डिजिटल सेवा का लाभ मिल पायेगा वही संचालक को रियायती दर पर सेवाएं प्रदान करने का निर्देश दिया गया है साथ ही केंद्र को सही ढंग से संचालित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

## मंझिगावा गांव के तट पर हो रहा रूद्र महायज्ञ का आयोजन,10000 हजार भक्त कलश यात्रा में हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर :** पलामू-ड्डचैनपुर प्रखंड के मंझीगावा गांव में मुंसफ प्रसाद उर्फ पहलवान सहाब जी की स्मृति में रूद्र महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बैंडड्डबाजे के साथ निकली कलश यात्रा मैं लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस बीच 10 हज़ार सैकड़ों की संख्या में लोगो ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया और डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया के नेतृत्व में महायज्ञ का किया जा रहा है आयोजन। जानकारी के अनुसार चैनपुर प्रखंड के मंझिगावा गांव के ब्रहास्थान पर ग्रामीणों के सहयोग से रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है।जिसको लेकर बुधवार को बैंडड्डबाजा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जल भरने की प्रक्रिया विधान पूर्वक संपन्न होने के बाद कलश यात्रा करीब आधा दर्जन गावों से होते हुए वापस मंझिगावा गांव में पहुंची। जहां साधु संतो कि मंत्रोच्चार के बाद यज्ञ प्रारंभ हुआ। 6 दिवसीय यज्ञ बुधवार से सोमवार तक आयोजित होगी। कलश यात्रा को लेकर भक्तो के जयकारे के कारण भक्तिमय हो उठा।यज्ञ आयोजन मंडल के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन पूजा के साथ शाम में प्रवचन का भी आयोजन किया जाएगा।

## सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका ने किया स्कूलों का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया के मुखिया प्रियंका कुमारी ने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं.उनके भविष्य के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.बच्चों को सही शिक्षा तथा सरकार के द्वारा दी जाने वाली मध्यान भोजन समेत अन्य सुविधा स्कूलों में बहाल करें .उक्त बातें पंचायत स्थित विश्रामपुर मध्य विद्यालय तथा उत्क्रमित विद्यालय का निरीक्षण करते हुए कहा।उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण के दौरान पाया कि बच्चों की उपस्थिति काफी कम है। जिस पर उन्होंने शिक्षकों को अभिभावक मीटिंग बुलाकर उन्हें जागरूक करने को कहा। उन्होंने स्कूल में बनाए जा रहे मिड-डे-मील को भी देखा तथा मीनू के अनुसार बच्चों को भोजन मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश शिक्षकों को दिया।

## पिपरा पीएनबी में मना 129 वां स्थापना दिवस

**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पीएनबी बैंक परिसर में दिन बुधवार को 129 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्रांच के मैनेजर आशुतोष जी ने कहां की पिपरा प्रखंड एक सुदूरवर्ती क्षेत्र है। लेकिन यहां के लोग काफी जागरूक हैं। काफी कम समय में बैंक के खाताधारकों की संख्या मे बड़ी इजाफा आया है। खाताधारकों की सेवा के लिए मैं एवं पूरे बैंककर्मी हमेशा तैयार रहते हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर दर्जनभर संतुष्ट ग्राहकों ने मैनेजर आशुतोष जी से मिलकर उन्हें अच्छी एवं भेदभाव रहित सेवा देने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान कान्हा सिंह अर्जुन यादव सुनील सिंह जितेंद्र सिंह वीरेंद्र जी भीम प्रजापति अनेश राम विजय यादव उपेंद्र राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ से मुलाकात कर कराया समस्याओं से अवगत

**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड के नवपदस्थापित प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार से प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने दिन बुधवार को औपचारिक मुलाकात करते हुए उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। प्रमुख ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं से भी अवगत कराया गया है ।जिसे उन्होंने गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया है। मौके पर हरि यादव बबलू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस-जिलेभर में 20 को चलाया जायेगा अभियान

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में आगामी 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत विशेष अभियान चलाया जायेगा.इसके तहत 1 से 19 साल तक के किशोर एवं किशोरियों को कृमि नाशक अल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी.यह गोली जिले में सभी सरकारी व निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर खिलायी जायेंगी.यह बातें उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता के लिये आयोजित बैठक में कही.उन्होंने शिक्षा,स्वास्थ्य व आईसीडीएस को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए कुल लक्षित 11 लाख 12 हज़ार 829 बच्चों को गोली खिलाने पर बल दिया.उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल को दवा सेवन से वंचित बच्चों को दवा खिलाने के लिए 25 अप्रैल को दोबारा अभियान संचालित कर दवा खिलाई जाएगी.इसके लिए आप सभी लोग बेहतर रणनीति व माइक्रोप्लान तैयार करना सुनिश्चित करें.इसके अलावे बैठक में डीआरसीएचओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कृमि संक्रमण से बचाव,इलाज और फायदे के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी.उन्होंने अभियान के दौरान आनेवाली समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उसके समाधान के विषय पर भी बात की.उन्होंने बताया कि दवा खिलाये जाने के बाद किसी को स्वास्थ्य के संबंध में किसी प्रकार की समस्या आती है तो ऐसे में 104 पर संपर्क किया जा सकेगा वहीं एंबुलेंस हेतु 108 पर फोन किया जा सकता है.राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में अधिक जानकारी हेतु टॉल फ्री नंबर 18001803024 भी क्रियाशील है.बैठक में उपरोक्त के अलावे सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी व आईसीडीएस से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार संत मरियम के समय सारणी में परिवर्तन

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले में बढ़ती हुई गर्मी के प्रकोप को देखते हुए पलामू उपायुक्त श्री ए दोड्डे ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के समय सारणी में परिवर्तन हेतु निर्देश दिया । उपायुक्त महोदय के निर्देश के आलोक में संत मरियम विद्यालय प्रबंधन ने अपने समय सारणी में परिवर्तन किया है । सीनियर बच्चों के लिए समय सुबह 7ञ्00 से 12ञ्30 श्रद्व एवं जूनियर छात्रों के लिए 7ञ्30 से 11ञ्30 ड्डद्व तक किया गया।उपरोक्त जानकारी देते हुए स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने सभी अभिभावकों से अपील किया की गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है । बच्चों को खाली पेट स्कूल ना भेजें, लंच, पानी बोतल और तौलिया जरूर दें साथ ही स्कूल से घर जाने के उन्हे धूप में न निकलने दे।

## गर्मी में बढ़ी शीतल पेय पदार्थों की डिमांड

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू में गर्मी का तेवर अब सख्त होने लगा है। ऐसे में बाजार में कोल्डड्रिंक, खीरा ककड़ी समेत शीतल पेय पदार्थों की ब्रिकी शुरू हो गई है। मौसम के तेवर देख लोग परेशान होने लगे हैं। कहने को तो अभी अप्रैल का महीना ही चल रहा है। फिर भी शरीर को भेद देने वाली तेज धूप एवं उमस से लोगों को मई जून की याद दिला रही है और लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि अप्रैल महीना का यह हाल है तो आने वाले मई- जून में क्या हाल होगा। गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थानीय बाजारों में शीतल पेय पदार्थ गन्ने का रस, बेल का शर्बत, नीबू पानी, आम का जूस आदि की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि स्थानीय बाजार में इन पेय पदार्थों की दुकानें सज गई हैं और लोग खुद को गर्मी से राहत देने के लिए इसका सेवन भी कर रहे हैं। वहीं कोल्ड ड्रिंक की बिक्री भी खूब बढ़ गई है।वही दूसरी तरफ गर्मी के बढ़ते असर से सुबह 10 बजे से ही तेज धूप लोगों को तपाने लगी है।दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक गर्मी और बढ़ जा रही है। मनुष्य के साथ पशु पक्षियों की हालत भी गर्मी से पस्त होने लगी है।वहीं गर्मी आते ही शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर देशी पेय पदार्थ की दुकानें सज गई है। साथ ही ठेला के द्वारा गली गली देशी पेय पदार्थ उपलब्ध हो रही है। वहीं लोगों का कहना है कि देशी पेय पदार्थ की बात ही कुछ अलग है। शुद्ध और बिना कैमिकल युक्त देशी पेय पदार्थ सेहत के लिए भी फायदेमंद है।बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक देशी पेय पदार्थ का आनंद ले रहे हैं। वहीं राहगीर तपती धूप और प्यास से राहत पाने के लिए इसका उपयोग अधिक कर रहे हैं।

## चाकू मारकर हत्या करने वाला गिरफ्तार प्रभारी पुलिस निरीक्षक ने किया प्रेसवार्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** बीते 5 अप्रैल 2023 को थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली दक्षिणी के बघमनवा टोला निवासी मोजीब अंसारी के हत्यारोपी उसके चचेरे भाई फिरदौस अंसारी को भवनाथपुर पुलिस ने मंगलवार की शाम श्रीबंशीधर नगर गढ़वा मुख्य मार्ग से गिरफ्तार कर थाना लाया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू और आरोपी के खून लगा गंजी को बरामद की। थाना में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। इसकी जानकारी भवनाथपुर परिसर में थाना के प्रभारी पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के बघमनवा टोला निवासी फिरदौस अंसारी 24 वर्ष पिता इदरीश अंसारी ने अपने चचेरे भाई मोजीब अंसारी 18 वर्ष पिता अजीमुल्लाह अंसारी को बीते 5 अप्रैल 2023 को छाती में चाकू मार कर घायल कर दिया था, अस्पताल में ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद से ही हत्यारोपी फिरदौस फरार चल रहा था। गढ़वा एसपी के निर्देश पर श्रीबंशीधर नगर डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम द्वारा मंगलवार को श्रीबंशीधर नगर गढ़वा मुख्य मार्ग से कांड के प्राथमिकी अभियुक्त फिरदौस अंसारी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक मोजीब अंसारी का अभियुक्त फिरदौस अंसारी की पत्नी के साथ अवैध संबंध था।

## चैनपुर व शाहपुर में मेयर अरुणा शंकर ने पानी टैंकर से जलापूर्ति का निरीक्षण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू ):** मेयर अरुणा शंकर ने आज स्वयं चैनपुर शाहपुर के वार्डो मैं जाकर निगम द्वारा कराई जा रही टैंकर से जलापूर्ति का निरीक्षण किया । मेयर अरुणा शंकर ने उपस्थित माताओं बहनों को आश्वस्त किया कि मैं लगातार निगम के सभी क्षेत्रों में जाऊंगी और जहां भी पानी की समस्या होगी वहां तत्काल यथासंभव टैंकर द्वारा पानी बढ़ा कर दी जाएगी । महापौर ने यह भी कहा अभी सभी वार्ड में (1/2 वार्ड छोड़कर) माननीय पार्षदों के माध्यम से 5/5 टैंकर पानी की आपूर्ति की जा रही है जरूरत पड़ी तो टैंकर बढ़ाए जाएंगे । मेयर ने कहां मेरी विशेष निगाह ड्राइ जॉन में है कल मैं स्वयं ड्राई जोन में जाऊंगी और जहां जहां पानी की आवश्यकता जितनी होगी निगम यथासंभव पानी देगा । इस क्रम में मेयर ने डोर टू डोर कचरा का भी निरीक्षण किया तथा कर्मियों को कई निर्देश दिय । मेयर ने यह भी बताया पूरे निगम में लगभग डेढ़ सौ पॉइंट नई बोरिंग कराई जा रही है ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके । वही एनीकेट (मिनी बांध) शहर के पानी का लेवल बढ़ाने का एकमात्र विकल्प । मैं सरकार एवं माननीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर जी से से मांग करूंगी कोयल पर शहर के बाहर उचित स्थान पर निगम बोर्ड द्वारा पारित मिनी बांध बनाई जाए ताकि शहरी क्षेत्र के नदी में 5 फीट पानी हमेशा बना रहे जिससे शहरी क्षेत्र के हर बोरिंग और कुएं मैं पानी आ जाएगा तथा जानवरों को भी नदी में जगह-जगह पानी सुलभ तरीका से मिल सके और किसान भी जमीन सिंचित कर पाए ।

**नारायण वन सूर्य मंदिर की स्थापना दिवस पर भव्य होगा कार्यक्रम**

## मीडिया ग्रुप केतार के नेतृत्व में सुप्रसिद्ध मंदिर स्थापना दिवस के मौके पर 14 की शाम शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**केतार :** प्रखंड क्षेत्र के इकलौता सुप्रसिद्ध सूर्य नारायण वन मंदिर परिसर में आगामी 14 अप्रैल 2023 को भगवान सूर्य के प्रथम स्थापना दिवस के मौके पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया केतार ग्रुप के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाना है। इसको लेकर सूर्य नारायण वन मंदिर परिसर की साफ सफाई जोरों पर किया जा रहा है। वही आने वाले श्रद्धालु भक्त एवं कार्यक्रम देखने वाले लोगों के लिए उत्तम लाइटिंग, टेंट हाउस, स्वक्ष पेयजल, स्टेज निर्माण सहित मंदिर परिसर को विधिवत ढंग से सजाने का कार्य पत्रकारों द्वारा दिन रात एक कर के किया जा रहा है। पत्रकार संदीप कुमार, विकास कुमार सिंह, गोखुल कुमार, इम्तेयाज आलम, ने बताया कि प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर सूर्य नारायण वन के प्रांगण में 14 अप्रैल शुक्रवार की शाम शानदार भव्य दुगोला महा मुकाबला उत्तर प्रदेश के निर्मला यादव बनाम झारखंड के दयानंद तिवारी के बीच होगा। वही पत्रकार रविकांत चंद्रवंशी, बिट्टू सिंह, पुरुषोत्तम प्रसाद, सूरज वर्मा, ज्वाला कमलापुरी, अंगद कुमार, सहित अन्य ने बताया कि प्रथम स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने को लेकर संबंधित गांव मुकुंदपुर के लोग काफी उत्साहित एवं हर्ष व्यक्त कर रहे हैं। वही समय-समय पर मंदिर विकास समिति के सदस्यों के द्वारा भी कार्यक्रम को बेहतर बनाने में सहयोग प्राप्त हो रहा है। ज्ञात हो कि पहाड़ियों से घिरा भूतगढ़वा ढोडे के समीप सैकड़ों वर्ष पहले भगवान सूर्य की मूर्ति निकली थी। जिसकी पूजा अर्चना क्षेत्र के ग्रामीण कर रहे थे। तत्पश्चात उसी समय भूतगढ़वा नाम बदलकर नारायण वन सूर्य मंदिर रखा गया। वर्तमान में उक्त स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा चुका है। परंतु ग्राउंड फ्लोर में पुरानी मूर्ति का स्थापना किया गया था ।जो पिछले वर्ष यज्ञ कराकर फर्स्ट फ्लोर के गर्भगृह में उक्त मूर्ति के साथ - साथ संगमरमर से बना भगवान सूर्य की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा बीते वर्ष के 14 अप्रैल को कराई गई थी।

## पांडू वासियों को आज तक नहीं मिला एक बूंद भी पानी, पानी टंकी सिर्फ शोभा बढ़ाने के आ रहा है काम

**करोड़ों की राशि का खर्च के बावजूद योजना नहीं हुआ चालू**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पलामू :** एक तरफ जहां पांडू वासी पिने के पानी की बूंद -बूंद के लिए तरस रहे है .नदी के चुवाड़ी से पानी पी रहे है. पांडू में पानी की घोर किल्लत है. तो दूसरी ओर पेयजल आपूर्ति योजना के तहत पांडू में बना पानी टंकी सिर्फ शोभा बढ़ाने के काम आ रहा है. पांडू वासियों को बड़ी सुविधा तब होती जब इस जलापूर्ति योजना को सुचारु रुप से चालू कर घर-घर लोगों को पेयजल की पूर्ति की जाती. परंतु आज तक यह चालू नहीं किया जा सका जो कि निश्चित तौर पर चिंता का विषय है. लोगों की जो उम्मीद थी आज धरी की धरी रह गई है. पांडू बांकी नदी से पानी को रिफाइनरी कर पानी सप्लाई करने की यह योजना आखिर किस कारण अधूरा पड़ा हुआ है यह तो विभागीय जांच का विषय है. परंतु सबसे दुखद बात यह है की पांडू में पानी की घोर किल्लत के बावजूद कोई भी जनप्रतिनिधि इसे चालू कराने हेतू सुध लेने को तैयार नहीं है. अगर झारखंड सरकार या विभागीय मंत्री का इस पर थोड़ा भी कृपा हो जाता तो पांडू वासियों के लिए इससे बड़ा तोहफा और कुछ नहीं हो सकता था. हालांकि पांडू प्रखंड के कल्याण उच्च विद्यालय के खेल मैदान में 19 अप्रैल को होने वाले सामूहिक शादी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री माननीय मिथिलेश ठाकुर जी के आगमन की सूचना मिली है. पांडू वासियों को एक उम्मीद जगी है कि माननीय मंत्री जी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए बंद पड़े इस अधूरे जलापूर्ति योजना को चालू कराने का कार्य करेंगे।

**संक्षिप्त खबरें**

### आरजेडी के राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण पहुंचे रांची

**रांची।** बिरसा मुंडा रांची एयरपोर्ट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव, झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव का आगमन हुआ।पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड प्रभारी के स्वागत में राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव एवं पूर्व झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह,युवा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश के महासचिव कमलेश यादव, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अंजल किशोर सिंह, प्रदेश महासचिव प्रशांत किशोर, प्रदेश महासचिव डॉ अरुण देव, प्रदेश महासचिव इरफान अंसारी, युवा के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल , राजद के नेता विनोद यादव, युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष शहनाज खातून, प्रदेश सचिव अनिल शर्मा, लक्ष्मण दुबे, संतोष कुमार, आर्यन वर्मन, युवा के प्रदेश सचिव अरशद अंसारी, युवा के प्रदेश महासचिव तबरेज आलम एवं राष्ट्रीय जनता दल के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झारखंड : आठवीं बोर्ड की परीक्षा के दिन भी परीक्षार्थियों को मिलेगा मध्याह्न भोजन

**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों की आठवीं बोर्ड की परीक्षा के दिन भी परीक्षार्थियों को अब मध्याह्न भोजन दिया जायेगा। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण ने आदेश जारी कर दिया है। प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को भी पत्र के जरिये इसकी सूचना दे दी है। जारी आदेश में निदेशक ने कहा है कि 13 अप्रैल को आठवीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन होना है। पूर्व की भांति परीक्षा आयोजन के दिन सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा खत्म होने के बाद सभी परीक्षार्थी मध्याह्न भोजन ग्रहण करेंगे।

# पूजा सिंघल ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर, भेजी गई जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत की अवधि बुधवार पूरी हो गयी। इसके बाद पूजा सिंघल ने अदालत के समक्ष सरेंडर किया। पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई होनी है। सरेंडर करने के बाद अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी ने बताया कि अदालत से उनके जरिए जरूरी दवाओं को मुहैया कराने के लिए भी आग्रह किया गया है जिसे अदालत ने स्वीकार किया है। सोमवार को पूजा सिंघल के



खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप तय किए गए थे। इस दौरान पूजा सिंघल कोर्ट में उपस्थित थीं। अदालत ने पूजा सिंघल के खिलाफ लगे सभी आरोपों को पढ़कर सुनाया। पूजा सिंघल ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को गलत बताया था।ईडी कोर्ट ने पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की धारा तीन और चार के तहत पूजा सिंघल के खिलाफ आरोप तय किए हैं। इससे पूर्व दोनों पक्षों की ओर से बहस होने के बाद कोर्ट ने आरोप गठन के लिए 10 अप्रैल की तिथि निर्धारित की थी। तीन अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। पूजा सिंघल को फरवरी महीने में उनकी बेटी के मेडिकल ग्राउंड पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत मिली थी। झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को मई 2022 को गिरफ्तार किया था।

# जलसंकट की स्थिति से निपटने के लिए एक करोड़ की राशि उपलब्ध : मेयर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने बुधवार को रांची नगर निगम के स्वास्थ्य व जलापूर्ति शाखा की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने विभागीय अधिकारियों में वार्ड स्तर पर पेयजल संकट की स्थिति व नगर निगम की ओर से की गई व्यवस्था की जानकारी ली। मेयर ने बताया कि गर्मी के मौसम में जलसंकट की स्थिति से निपटने के लिए एक करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है। वर्तमान में रांची नगर निगम क्षेत्र में 2507 चापानल चालू स्थिति में हैं। खराब चापानलों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार, निगम क्षेत्र में 174 एचवाईडीटी व 1374 भीनी एचवाइडीटी हैं। कुछ चापानल ऐसे हैं, जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। इन चापानलों में मोटर लगाकर सिंटेक्स की टंकी स्थापित पर उपयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल नगर निगम क्षेत्र में 80 जगहों पर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। निगम क्षेत्र में कुल 69078 वैध वाटर कनेक्शन हैं। संबंधित उपभोक्ताओं से रांची नगर



निगम को वाटर यूजर चार्ज प्राप्त हो रहा है। मेयर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में पाइपलाइन समेत खराब चापानल, एचवाईडीटी व मिनी एचवाईडीटी की मरम्मत के लिए कुल आठ टीम हैं। एक टीम में आठ सदस्य शामिल हैं। वर्तमान में रांची नगर निगम के पास 06 केएल के चार, 05 केएल के एक, 04 केएल के 30 व 02 केएल के चार टैंकर उपलब्ध हैं। मेयर ने बताया कि निगम क्षेत्र में खासकर ड्राई जोन क्षेत्र में आम लोगों को नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। इसके अलावा, मेयर, डिप्टी मेयर, सांसद, विधायक, नगर आयुक्त व पार्षदों की अनुशंसा पर भी टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। आम लोगों के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। निर्धारित राशि का भुगतान कर आप ऑनलाइन टैंकर से पानी की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।इसके अलावा प्रत्येक वार्ड में तीन नए बोरिंग कराए जाएंगे। कुल 204 नए बोरिंग कराए जाएंगे। मेयर ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रांची नगर निगम जलसंकट की समस्या से निपटने के लिए तैयार है। इस बैठक में अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पहान, उत्क्रमित अधीक्षण अभियंता प्रसून कुमार मुर्मू, नगर प्रबंधक स्नेहाश्री, ओंकार पांडे प्रभारी स्वास्थ्य शाखा समेत जलापूर्ति शाखा कनीय अभियंता उपस्थित रहे।

# रांचीः राजद का दावत-ए-इफ्तार आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के रांची स्थित कार्यालय में गुरुवार को शाम छह बजे पवित्र रमजान के मौके पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन होगा। प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि रमजान के मुबारक मौके पर दावत ए इफ्तार में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि राजद के विधायकों, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, सभी प्रदेश के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# शोक सभा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पैगंबर मुहम्मद(सल.) के दामाद हजरत अली की शहादत पर मस्जिद ए जाफरिया रांची में शोक सभा(मजलिस गम) का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय मजलिस गम के तीसरी मजलिस को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष, खतीब व इमाम मस्जिद जाफरिया रांची व सदस्य हज कमेटी झारखंड हजरत मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने कहा कि ए लोगो ज़िक्र अली करना इबादत है। पैगंबर मुहम्मद (स) ने कहा अपनी मजलिसो को खूबसूरत बनाओ जिक्र अली से। कियूंकी जिक्र अली करना इबादत है। जिसका जिक्र करना इबादत हो उसका व्यक्तित्व कैसा होगा? ज़माने में अगर सच्चाई के साथ जीना है तो अली की राह पर चलना सीखो। मौला अली ने कहा कि जो सच्चाई के साथ रहता है उसे कभी भी अपमानित नहीं किया जा सकता है। अली का हत्यारा(कातिल) यह सोच रहा था कि अली को मारने के बाद कोई अली का नाम नहीं लेगा, जिक्र अली खत्म हो जाएगा। लेकिन अली की शहादत के बाद जमाने में अली का जिक्र आम हो गया। मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) दुनिया में किसी के भाई नहीं हैं, लेकिन हज़रत अली वह शख्स हैं जिन्हें पैगंबर मुहम्मद (सल्ल)ने अपना भाई बनाया। जब अली का दूसरा नहीं हो सकता तो मुहम्मद अरबी जैसा कैसे हो सकता है? आप सभी को पता होना चाहिए कि शहादत के बाद मौत नहीं, जिंदगी है। उनकी शहादत रमजान की 21 तारीख को हुई। शहादत अली की याद में पूरी दुनिया में मातम मनाया जाता है। मजलिस के बाद हजरत अली का ताबूत निकाला गया। या अली, मौला अली, से प्रिसर गूंज उठा। तीन दिवसीय मजलिस-ए-ग़म का आयोजन सैयद मेहदी इमाम व ज़फ़रुल-हसन ने किया। सोज ख्वानी सैयद अत्ता इमाम रिजवी, पेश ख्वानी कासिम अली, सैयद नेहाल हुसैन, हसनैन, अमूद अब्बास, कमर बिलग्रामी ने पेश किया। मौके पर हाजी इकबाल हुसैन, सैयद मेहदी इमाम, अशरफ हुसैन, इब्राहिम, एस एम अब्बास, जावेद हैदर, अली हसन फातेमी, इकबाल फातेमी, सैयद हसनैन जैदी, सैयद फराज अब्बास, सैयद समर अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मधु कोड़ा ईडी की विशेष अदालत में हुए हाजिर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और 7 आरोपी ईडी की विशेष अदालत में पेश हुए। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के द्वारा पूर्व इनकम टैक्स ऑफिसर सह ईडी के तत्कालीन उप निदेशक डॉ. प्रभाकांत की गवाही दर्ज की गई। जिसका बचाव पक्ष के द्वारा प्रतिपरीक्षण किया गया। इस पूरे मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा समेत 7 आरोपी पर 3600 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया गया है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के अलावे विकास सिन्हा, विनोद सिन्हा, अनिल



बस्तावडे, अरविंद व्यास और विजय जोशी ट्रायल फेस कर रहे है। इन सभी के खिलाफ साल 2012 के सितंबर में ईडी की विशेष अदालत ने आरोप गठित किया था। ईडी का आरोप है कि 3600 करोड़ का मनी लॉन्ड्रिंग दर्जनों सेल कंपनियां बनाकर की गई है।

# मुक्ति संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राजभवन में मुक्ति संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने संस्था की ओर से किए गये अब तक के कार्यों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को दी। साथ ही राजधानी में विद्युत शवदाह गृह के निर्माण की मांग रखी। इस पर राज्यपाल ने एक अच्छी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया और संस्था के कार्यों की प्रशंसा। मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण



लोहिया ने राज्यपाल के सामने विचार रखा कि अंग दान करने के लिए काफी लोग इच्छुक हैं। अगर राज्य में रख रखाव की उचित व्यवस्था हो जाए तो यहां के मरीजों को काफी मदद मिलेगी। राज्यपाल ने मुक्ति संस्था के कार्यों की प्रशंसा की और भविष्य में बेहतर करते रहने के लिए शुभकामना दी।

उल्लेखनीय है कि मुक्ति संस्था की ओर से अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। अबतक लगभग 1534 अज्ञात शव का अंतिम संस्कार विधि-विधान से संस्था की ओर से किया गया है।

# वाटरशेड परियोजना से भूमि की नमी बढ़ाने की दिशा में कार्य करें : राजेश्वरी बी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने वाटरशेड परियोजना से बेहतर जल प्रबंधन कर भूमि की नमी और गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है। इससे कृषि और बागवानी के कार्यों को विस्तार दिया जा सके तथा किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी बुधवार को राज्य के सात जिलों के 24 प्रखंडों में हाई मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान बोल



रही थीं। उन्होंने योजना से जुड़े बिदुओं और इसके कार्यान्वयन की जानकारी पदाधिकारियों से ली। योजना को भारत सरकार की संस्था भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन (बीआरएलएफ) के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। बैठक में बीआरएलएफ अंतर्गत सात के जिलों से डीडीसी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं परियोजना में कार्य कर रहे संस्था क्रमशः प्रधान, जन जागरण केंद्र, सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ वाटरशेड डेवलपमेंट, विकास भारती, ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सभी संस्था की ओर से प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई।बैठक में मनरेगा आयुक्त की ओर से सात जिलों के डीडीसी को सीएसओ भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ आगे की योजना बनाने और योजनाओं की अधिकतम स्वीकृति के लिए जिला स्तरीय कार्यशालाएं-सेमिनार आयोजित करने का निर्देश दिया है।

# एसएसपी और ग्रामीण एसपी ने किया मुरी ओपी के नए भवन का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बुधवार को मुरी ओपी के नए भवन पहुंचे। एसएसपी ने विधिवत पूजा अर्चना की इसके बाद फीता काटकर इसका उदघाटन किया। इस नए भवन के बन जाने से जनता को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि हर थाने को भवन समेत अन्य सुविधाओ से युक्त किया जा रहा है ताकि पुलिस को भी जनता के बीच काम करने में सहूलियत हो सके। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने कहा कि नए थाना भवन में आगंतुकों के लिए स्वागत कक्ष का निर्माण कराया गया है, जिसमें आगंतुकों के लिए पीने का पानी एवं बैठने के लिए कुर्सी का व्यवस्था की गई है, ताकि दूरदराज से आए ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। अवसर पर डीएसपी सिल्ली, क्रिस्टोफर केरकेट्टा, मुरी ओपी प्रभारी बबलू सिंह, सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप समेत अनगड़ा, सोनाहातू व राहे थाना प्रभारी के साथ आसपास के प्रतिष्ठित नागरिक व मीडिया कर्मी मौजूद थे।

# खेलगांव में निःशुल्क मेडिटेशन शिविर पांच मई को

**रांची :** योग विद्या प्राणिक हीलिंग झारखंड ट्रस्ट की ओर से खेलगांव टाना भगत स्टेडियम में पांच मई को मेडिटेशन कैंप लगाया जा रहा है। मेडिटेशन कैंप में 16 वर्ष से ऊपर के सभी लोग भाग ले सकते हैं। योग विद्या प्राणिक हीलिंग झारखंड से जुड़ी विनीता भवनानी और अरिहंत जैन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह रांची वासियों के लिए स्वर्णिम अवसर है। कार्यक्रम के लिए रजिस्टर करने के लिए निःशुल्क में भाग लेने के लिए के आप फेसबुक, इंस्टाग्राम में झारखंड फाउंडेशन प्राणिक हीलिंग पर रजिस्टर कर सकते हैं।

# सेल के धातु और खनन उद्योग में क्षमता निर्माण का हुआ कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** धातु और खनन उद्योग में क्षमता निर्माण (सीबीएमएम 2023÷) के लिए डिजिटल एचआर पर अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और वेब डिजिटल मीडिया की उपस्थिति के साथ विशिष्ट वक्ताओं हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल और संजीव कुमार, कार्यकारी निदेशक (एचआरडी), एमटीआई ने इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन की विस्तृत जानकारी दी। उज्ज्वल भास्कर, संचार प्रमुख, सेल रांची ने मीडिया बन्धुगनों का स्वागत किया और कार्यक्रम की संचालना की।एचएन मिश्रा ने मानव दैनिक जीवन में डिजिटल एआई प्रौद्योगिकियों की जबरदस्त प्रभाव क्षमता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक इकोसिस्टम धीरे-धीरे वैधानिक सुरक्षा उपायों के साथ विकसित हो रहा है क्योंकि यह तकनीक सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक परिवेश में द्विधारी है, जिसके अच्छे और बुरे दोनों स्वरुप हैं। उद्योग जगत इन तकनीकों को आत्मसात करेगा क्योकि इससे लाभप्रदता, उत्पादकता, गुणवत्ता, ग्राहक संतुष्टि इत्यादि में अभिवृद्धि होगी परन्तु इसे एक अच्छे कॉर्पोरेट गवर्नेंस के ढांचे के अंतर्गत की करना होगा। संजीव कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में हमें अपने अस्तित्व के लिए इन प्रौद्योगिकियों को अपनाना ही होगा जिससे उद्योग जगत अपनी परिचालन क्षमता का अनुकूलन करेंगे और ग्राहक संतुष्टि प्रदान करेंगे। मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सेल ने पहले ही इन उभरती प्रौद्योगिकियों को लागू करना शुरू कर दिया है और कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करने के लिए इसका लाभ उठाने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव आयोजन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, मोयल लिमिटेड, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस एवं और नेशनल एच.आर.डी. नेटवर्क, रांची चैप्टर के सहयोग से किया गया है। प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (सेल), रांची में आयोजित इस सम्मलेन में 250 से भी अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं जो सेल, सीसीएल, सीएमपीडीआईएल, एचसीएल, मैथन इस्पात, आरआईएनएल, एमओआईएल, गेल, हिंडाल्को, आईबीएम, एक्सआईएसएस, आदि जैसे विभिन्न प्रमुख संगठनों से हैं। कॉन्क्लेव को श्नाइडर इलेक्ट्रिक्स, बेल्डन, फ़ूजी इलेक्ट्रिक्स, आरआईटी, फोनिक्स, पालोटो, जॉनसन कंट्रोल्स, आईबीएम, लोटस, मैको, भारत बिजली, ट्रेंड माइक्रो, सिफी, मंत्र आदि जैसे विभिन्न अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ताओं से भारी समर्थन और प्रायोजन मिला है।

# आतिथ्य क्षेत्र के विकास के लिए अपने कौशल और ज्ञान का करें उपयोगः राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन, रांची ने बुधवार को अपना दूसरा ग्रेजुएशन सेरेमनी मनाया। यह 2020-23 बैच के स्टूडेंट्स का ग्रेजुएशन सेरेमनी था, जहां 35 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गयी। साथ बैच के सभी 35 स्टूडेंट्स को ज्वाइनिंग लेटर भी दिया गया। प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने बताया कि रांची आईएचएम का यह दूसरा साल है जब सभी स्टूडेंट्स को जॉब मिला है। इस तरह से संस्थान का शत प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। ग्रेजुएशन सेरेमनी के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आपने कड़ी मेहनत, समर्पण एवं अध्ययन की बदौलत अपनी डिग्री अर्जित की है। अब आपको अपने व्यावहारिक जीवन में विभिन्न चुनौतियों का कुशलतापूर्वक सामना करने के लिए तैयार रहना है। आप अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक आतिथ्य क्षेत्र में अपने अर्जित ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण के साथ उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सक्षम बनें। आप सभी ने यहां जो शिक्षा प्राप्त की है। वह निश्चित रूप से आपकी पेशेवर यात्रा



में सहायक होगी। यही आपको पहचान भी दिलाएगी।

उन्होंने छात्रों से आग्रह करते हुए कहा कि वे हमारे राज्य और देश में आतिथ्य क्षेत्र के विकास के लिए अपने कौशल और ज्ञान का उपयोग करें। आतिथ्य क्षेत्र में लोगों को एक साथ लाने, अविस्मरणीय अनुभव बनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की शक्ति निहित है। आतिथ्य पेशेवर के रूप में, आपके समक्ष लोगों के जीवन में बदलाव लाने एवं हमारे समाज में सद्भाव को बढ़ावा देने का अवसर है। आतिथ्य हमारी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इसका विकास और सफलता आपके महत्वपूर्ण योगदान पर निर्भर है।

उन्होंने कहा कि अपने करियर की शुरुआत करते समय याद रखें कि आप न केवल अपना प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, बल्कि आईएचएम रांची और हमारे झारखंड राज्य का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप हमारे आतिथ्य के ब्राण्ड एम्बेसडर हैं।

# पूरे झारखंड में शिलपारानी ने लाया पहला स्थान : तरन्नुम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आइडियल स्कूल ऑफ नर्सिंग दलादली का प्रेस वार्ता आलम अस्पताल में हुआ वार्ता को संबोधित करते हुए निर्देशक डॉ तरन्नुम ने कहा कि हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने शिल्पारानी महातो जीएनएम फर्स्ट ईयर परीक्षा में पूरे झारखंड में पहला स्थान लाकर हमारे कॉलेज का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि आइडियल स्कूल ऑफ नर्सिंग आलम हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर का सिस्टर कंसर्न है जो नर्सों की अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर



उन्हें प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध कराती है ।शिल्पा रानी महतो ने कहा कि हमारे कॉलेज के सारे शिक्षकों ने हमें पढ़ाई करने में हर तरह की सहायता की इस वजह से मैंने झारखंड में पहला स्थान प्राप्त किया ।इस मौके पर प्रिंसिपल जे एंजलीन ने कहा कि हमारे नर्सिंग कॉलेज में गरीब छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में स्नातक समारोह 2023 का सफल आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत ब्राम्बे में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट राँची में त्रिवर्षीय बी. एससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष, बैच 2020-23 के छात्रों हेतु स्नातक समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यपाल श्री सी. पी. राधाकृष्णन, विशेष अतिथि मांडर विधायक, सुश्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं अन्य अतिथियों में निदेशक पर्यटन, झारखंड सरकार, सुश्री अंजली यादव तथा संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक, शिकेत्तर कर्मी एवम सभी छात्र तथा अन्य अतिथिगण उपस्थित रहें। स्नातक समारोह की शुरूआत दीपप्रज्वलन, गणेश वंदना तथा छात्रों द्वारा प्रस्तुत झारखंड राज्य के लोक नृत्य से की गई। तत्पश्चात बी. एससी पाठ्यक्रम, बैच 2020-23 के सभी छात्रों को उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवम देश विदेश के विभिन्न होटलों तथा सेवा क्षेत्रों जैसे ताज ग्रुप, द ओबेरॉय ग्रैंड, कोलकाता, द पार्क ग्रुप, द रोजिएट ग्रुप, आदित्य बिड़ला फैशन, टेकोबेल बर्मन हॉस्पिटैलिटी, दिल्ली ड्यूटी फ्री, पोस्ट कार्ड होटल्स, मैसिव रेस्टोरेंट प्राइवेट लिमिटेड, सरोवर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, एमआरपीएल, लेमन ट्री, ईजीडायनर, जस्ता होटल्स एवम अन्य द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित होने पर नियुक्ति पत्र प्रदान की गई। साथ हीं पूरे पाठ्यक्रम के दौरान उपस्थिति, शैक्षणिक परिणाम, पाठ्येतर गतिविधि, व्यवहार में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर सुश्री प्रतिभा टोप्पो को वर्ष 2023 हेतु स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुना गया तथा गोल्ड मेडल एवं 5000 रुपए चेक से सम्मानित भी किया गया। प्रतिभा टोप्पो झारखंड राज्य, रांची जिला के नगड़ी क्षेत्र की एक छोटे से गांव एक्करों की निवासी है। प्रतिभा ने अपने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई लखनऊ से की तथा स्नातक की पढ़ाई आईएचएम रांची से की जहां संस्थान के प्राचार्य एवम शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभा त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम बी. एससी पाठ्यक्रम में एक्डेमिक टॉपर के साथ साथ देश के नामी गिरामी होटल्स जैसे ताज होटल, कोलकाता में मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर प्लेसमेंट प्राप्त किया। इसके अलावा प्रतिभा का चयन दिल्ली ड्यूटी फ्री, दिल्ली एवं रोजिएट हाउस, न्यू दिल्ली में भी हुआ है।

## चकला स्कूल में वार्षिक उत्सव का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में कार्यक्रम आयोजित कर वार्षिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नीला हाउस ग्रुप को अतिथि के रूप में उपस्थित ओरमांझी बीईईओ सीमा कुमारी,बीपीओ रीना यादव, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला ने संयुक्त रूप से ब्लू हाउस ग्रुप के कैप्टन दीपिका कुमारी वाइस कैप्टन अमन कुमार को वार्षिक रनिंग हाउस ट्रॉफी प्रदान किया गया। इससे पूर्व विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं हाउस को सहयोग कर रहे हैं। भारती फाउंडेशन के अभिषेक सिंह ने विद्यालय के सभी चारों हाउस रेड हाउस ग्रुप, येलो हाउस ग्रुप, ग्रीन हाउस ग्रुप एवं ब्लू हाउस ग्रुप में खेलकूद संबंधित गतिविधि, ड्राइंग कंपटीशन सहित कई अन्य गतिविधि सालों भर कराया गया है। जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर ब्लू हाउस ग्रुप को सबसे अधिक अंक प्राप्त होने पर वार्षिक रनिंग हाउस ट्रॉफी विजेता घोषित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरणमाला तथा संचालन शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीईईओ सीमा कुमारी, बीपीओ रीना यादव, प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, मुस्तफा अंसारी, प्रभा देवी , भारतीय फाउंडेशन के अभिषेक सिंह सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं आदि मुख्य रूप से उपस्थित उपस्थित थे।

## आदिवासी समाज सरहुल मिलन 24 को अरगड्डा में पारंपरिक वेशभूषा के साथ मनाएगें

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा में आदिवासी समाज के द्वारा सरहुल मिलन समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता भुट्टो मांझी व संचालन दशइया गंझू ने किया। अवसर पर सरहुल समिति के अध्यक्ष अशोक करमाली ने कहां कि आगामी 16 अप्रैल को रामगढ़ व 24 अप्रैल को सामुदायिक भवन अरगड्डा में सरहुल मिलन आयोजित होगी। जिसमें समाज के लोग लोग जल, जंगल, जमीन बचाने और सामाजिक एकजुटता का परिचय पारंपरिक वेशभूषा धारण कर देंगे। समारोह में अरगड्डा नीचे धौड़ा, झोपड़ी, रोलर चौक, जीपी कैंप, सिरका के कई जगह से बच्चे, युवा, बड़े शामिल होंगे। सभी से सहयोग की भी अपील की गई हैं। मौके पर अशोक करमाली, रामटहल मुंडा, धनराज मुंडा, दशइया गंझू, मनीष उरांव, अशोक कुमार, प्रशांत करमाली, सुनरा उरांव, सुरेश करमाली, विश्वनाथ मांझी, मुन्ना देवी, ललित देवी, मीरा देवी, मानी देवी, एल. देवी आदि उपस्थित थे।

## खूंटी क्लब में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 16 को

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी क्लब एवं श्री गणेश आई हॉस्पिटल रातू रोड रांची के संयुक्त तत्वावधान में 16 अप्रैल को खूंटी क्लब परिसर में निःशुल्क आंख जांच एवं मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित की गयी है। शिविर में श्री गणेश आई हॉस्पिटल के आई विशेषज्ञ डॉ अमित जायसवाल व उनकी टीम द्वारा जांच की जाएगी। शिविर रविवार को पूर्वाहन 11 बजे से दो पहर तीन बजे तक ही चलेगी। आंखो की जांच हेतू इच्छुक व्यक्ति ससमय खूंटी क्लब परिसर पहुंचकर शिविर का लाभ उठा सकते है।

## मुरी ओपी नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी के नए भवन का उद्धघाटन बुधवार को एसएसपी किशोर कौशल ने विधिवत फीता काटकर उद्धघाटन किये।इस मौके पर उन्होंने कहा की जिले के अंतर्गत प्रयास चल रहा है सरकार एवं पुलिस मुख्यालय की ओर से नई भवने बनाई जा रही है इसी कड़ी में मुरी ओपी भवन का निर्माण किया गया है। जहां लोगों को हर सुविधा उपलब्ध होगी। सिल्ली में हो रहे जाम के सम्बंध में उन्होंने कहा छोटे छोटे गाड़ियां लोग उचित स्थान पर लगाएं। जिससे जाम की स्थिति नहीं बनेगी इसके बाद भी अगर इस पर लोग अमल नहीं करेंगे तो कार्रवाई अवश्य की जाएगी।इस मौके पर मौके पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेटा अनगड़ा थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार,सिल्ली थाना प्रभारी, आकाशदिप,मुरी ओपी प्रभारी, बबलू सिंह,सोनाहातू थाना प्रभारी मुकेश हेब्रहम, राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान समेत सैकड़ो पुलिस के जवान उपस्थित थे एवं जिला उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, सुशील महतो, उप मुखिया सुकरी देवी समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।

## लाखों के मोरम का अवैध ढंग से उठाव जारी



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कई गैरमजरूआ जमीन से फोरलेन सड़क निर्माण करने वाली आरकेडी कंपनी के द्वारा लगातार मोरम का उठाव कर गड्ढा बना दिया गया है. जिससे किसी बड़ी घटना निमंत्रण दे रहा है. आजसू ज़िला सचिव मुरतेजा आलम ने उपायुक्त को पत्र लिखकर आरकेडी कंपनी के द्वारा स्कूल मैदान से अवैध ढंग से लाखो रुपये का मोरम अवैध उत्खनन करने का आरोप लगाया है। ज्ञात हो कि पलमा से गुमला तक फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य तेजी से चल रही हैं. उसी स्थान पर सड़क को लेबलिंग करने के लिए कंपन्नी द्वारा अवैध ढंग से स्थल से मोरम का उठाव कर सड़क में भरा जा रहा है।. आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम के द्वारा उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर अवैध ढंग से स्कूल के भूमि से मोरम का उठाव के संवेदक को लाभ पहुंचाने वाले दोषी अधिकारियों के ऊपर करवाई करने की मांग की गई है. साथ ही जेसीबी से उत्खनन की गई गड्ढे को भरकर लेवलिंग करने की मांग की गई है । मुर्तजा आलम ने जानकारी दी कि कंपन्नी द्वारा मोरम का उठाव उत्क्रमित उच्च विद्यालय गड़गांव टिकराटोली के जमीन से, पलमा स्थित गैरमजरूआ भूमि से मोरम का उठाव, चचगुरा मैदान स्थित गैरमजरूआ भूमि से मोरम का उठाओ की गयी है ।

## आज के युवा महापुरुषों के बलिदान से सीख लेंगे : शांता

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा जीएम ऑफिस के सामने मंच पर ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एंप्लॉय कोऑर्डिनेशन काउंसिल के द्वारा आगामी 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाएगा। इसकी जानकारी एससी/ एसटी काउंसिल प्रतिनिधि शांता कुमार व माथुर राम ने एक साथ बुधवार को दिया। वक्ता शांता कुमार ने कहां कि आज के वर्तमान युवाओं को महापुरुषों के बताए रास्तों और बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि देकर देश और समाज निर्माण के लिए संकल्प लेना चाहिए। जिससे स्वच्छ और सुरक्षित माहौल का बन सकें। समारोह में मुख्य रुप से अरगड्डा महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे समेत काउंसिल के वरीय और क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सफलता के लिए सभी समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया हैं।


## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

### (अतिअल्पकालिक ई०निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 01/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी : स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 209, दिनांक 14.03.23(DMFT)

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमरिया | पिरी | पिरी | छठ रोड एन0एच0100 से रामकिशुन भुईया के घर तक पीसीसी पथ एवं पुलिया निर्माण। | 3872100 | 5000 | 77500 | 04 माह |
| 2 | सिमरिया | पिरी | पिरी | पारटांड में बढन भुईया के घर से जगन भुईया के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 3743300 | 5000 | 75000 | 04 माह |
| 3 | सिमरिया | डाड़ी | डाड़ी | बिजली राम के घर से सरयु राम के घर तक पीसीसी पथ निम्रण। | 2840300 | 5000 | 57000 | 02 माह |
| 4 | सिमरिया | जिरवाखूर्द | कुरूमारी | एन0एच0 रोड से साकेन्द्र सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2489200 | 5000 | 50000 | 02 माह |
| 5 | सिमरिया | डाड़ी | बकचुमा | अनवर मिया के घर से पी0डब्लू0डी0 पथ तक पीसीसी पथ निर्माण। | 3719300 | 5000 | 74500 | 04 माह |
| 6 | सिमरिया | बानासाड़ी | बानासाड़ी | रंजीत सिन्ह के घर से कठहर पेड तक पुलिया निर्माण | 2320900 | 5000 | 46500 | 04 माह |
| 7 | सिमरिया | बानासाड़ी | इचाक | ग्राम ईचाक खूर्द उच्च विधालय से गोपरा सिमाना तक पीसीसी पथ एवं पुलिया निर्माण। | 6758100 | 10000 | 135500 | 06 माह |
| 8 | सिमरिया | बानासाड़ी | कुटी | शिव मंदिर से देवी मंदप तक पीसीसी पथ dk fuekZ.k | 1029000 | 2500 | 21000 | 02 माह |
| 9 | सिमरिया | बानासाड़ी | रोल | अगस्त सिन्ह के घर से अजय सिन्ह के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण | 2005900 | 5000 | 40500 | 02 माह |
| 10 | सिमरिया | चोपे | बिरहु | ग्राम बिरहु मै भुनेश्वर ठाकुर के घर से लेकर जीरण ठाकुर के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 1137900 | 2500 | 23000 | 02 माह |
| 11 | सिमरिया | चोपे | भैयपुर | ग्राम भैयपुर मै विजय यादव के घर से लेकर प्रमोद यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 1707000 | 5000 | 34500 | 02 माह |
| 12 | सिमरिया | पिरी | हाहे | हाहे कुलदीप भोक्ता के घर से मुनेश्वर गंझू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 3003100 | 5000 | 60500 | 04 माह |
| 13 | सिमरिया | पिरी | पिरी | लुरक नायक के घर से फुलवारी टोला तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1422400 | 2500 | 28500 | 02 माह |
| 14 | सिमरिया | पिरी | बजै | राजेश सिंह के घर से बेन्दगा पिच तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1707000 | 5000 | 34500 | 02 माह |
| 15 | सिमरिया | चोपे | चोपे | ग्राम चोपे मे सोहन यादव के घर से लेकर चरकू यादव तक पीसीसी पथ निर्माण | 1365600 | 2500 | 27500 | 02 माह |
| 16 | सिमरिया | चोपे | तोरार | ग्राम तोरार टोला मंदर गढ़ में छोटू महतो के घर से आंगनबाड़ी केन्द्र तक पीसीसी सड़क निर्माण | 1251800 | 2500 | 25500 | 02 माह |
| 17 | सिमरिया | चोपे | बेस | ग्राम बेस मे मेराल रोड से लेकर बेस स्कूल तम पीसीसी पथ निर्माण। | 3413800 | 5000 | 68500 | 04 माह |
| 18 | सिमरिया | जिरवाखूर्द | जिरवाखूर्द | महाबीर मंदिर से गणेश गंझू के घर तक पीसीसी निर्माण। | 2362600 | 5000 | 47500 | 02 माह |
| 19 | सिमरिया | जिरवाखूर्द | टुनडाग | किरण सिंह के दुकान से दीपक सिंह के घर तक पीसीसी। | 2488000 | 5000 | 50000 | 02 माह |
| 20 | सिमरिया | जिरवाखूर्द | कुरूमदारी | ललकी माटी में पुल निर्माण। | 4925600 | 5000 | 99000 | 06 माह |
| 21 | सिमरिया | जिरवाखूर्द | जिरवाखूर्द | धनेश्वर साव के घर से पंचायत भवन तक पीसीसी का निर्माण। | 2083900 | 5000 | 42000 | 02 माह |
| 22 | सिमरिया | जिरवाखूर्द | सलगी | मोहन यादव के घर से अंचल राणा के घर तक पीसीसी निर्माण। | 4747000 | 5000 | 95000 | 04 माह |
| 23 | सिमरिया | जिरवाखूर्द | सलगी | रमेश यादव के घर से मोहन तुरी के घर तक पीसीसी निर्माण। | 2959500 | 5000 | 59500 | 02 माह |
| 24 | सिमरिया | चोपे | तिबाब | ग्राम तिबब में गबिरीयाले मुण्डा के घर के पास पुल निर्माण | 4628700 | 5000 | 93000 | 06 माह |
| 25 | सिमरिया | चोपे | चोपे | पंचायत भवन से लेकर देनदला तक पीसीसी पथ निर्माण। | 5178200 | 10000 | 104000 | 04 माह |
| 26 | सिमरिया | बानासाड़ी | इचाकखूर्द | चादिया रोड में पुलिया निर्माण | 1514100 | 5000 | 30500 | 02 माह |
| 27 | सिमरिया | सेरनदाग | बेलगडा | बद्री भुईया के घर से लेकर उ0म0विधालय उद्री तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2476100 | 5000 | 50000 | 02 माह |
| 28 | सिमरिया | सेरनदाग | सेरनदाग | रामसेवक राम के घर से ठाकुर तालाब तक पीसीसी निर्माण। | 3355100 | 5000 | 67500 | 04 माह |
| 29 | सिमरिया | सेरनदाग | बेलगडा | मनोवर मिया के घर से लेकर उर्दू स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण। | 3089300 | 5000 | 62000 | 04 माह |
| 30 | सिमरिया | पगार | केवटा | रिया भुईया के घर से जनता भुईया के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 1401500 | 2500 | 28500 | 02 माह |
| 31 | सिमरिया | पगार | मुरवे | पी0डब्लू0डी0 पथ से देवनारायण सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 3943500 | 5000 | 79000 | 04 माह |
| 32 | सिमरिया | पगार | खपीया | अमीन अंसारी के घर से मन्दिर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2910400 | 5000 | 58500 | 02 माह |
| 33 | सिमरिया | पगार | सदमा | चुरामन साव के घर से योधा साव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 7865300 | 10000 | 157500 | 06 माह |
| 34 | सिमरिया | पगार | सोहरकला | कुढ़न भुईया के घर से सिटन भुईया के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2189000 | 5000 | 44000 | 02 माह |
| 35 | सिमरिया | पगार | मुरवे | इसराईल के घर से विकास सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2205800 | 5000 | 44500 | 02 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25/04/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 26.04.2023 से 02.05.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 03.05.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 294999 District (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।

### ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना
(तृतीय कॉल)

जिसका PR No. 285740 (Drinking Water and Sanitaion) 2022–23 है।

Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-15/2022-23 Date - 12-04-2023

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2022-23 (on Turn Key Basis) | 3C | 3C (i) | Burmu | 964.60 | 9.65 | 10000.00 |
| 2 | | | 3C (ii) | Burmu | 917.43 | 9.18 | 10000.00 |
| 3 | | | 3C (iii) | Burmu & khelari | 940.30 | 9.41 | 10000.00 |
| 4 | | 7C | 7C | Bero, itki & Lapung | 905.24 | 9.06 | 10000.00 |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 13-04-2023 at 04:00 P.M | | | |
| 7 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 19-04-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 8 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 20-04-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 9 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 20-04-2023 up to 05:00 P.M | | | |
| 10 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची। | | | |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR 295005 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

### ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–08/2022–23 (2nd Call) तिथि :– 11.04.2023

P.R. No. 292556 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.04.2023 को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 17.04.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाइन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 24.04.2023 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 25.04.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Utility shifting of 33 KV Rukka feeder line at proposed WTP Site village – Rukka under Electric supply section Ormanjhi. | 24,14,760.00 | 48,300.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | One month |

नोटः–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।

(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।

(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।

PR 294984 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

### ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन् निविदा संख्या– 01/2023-24/RWD/CHATRA

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/01 | हण्टरगंज | नावाडीह पनारी | मायापुर | शंकर चौधरी के घर से अजय सिंह के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। (ल.–0.246 कि.मी.) | 39,40,079.00 | उन्चालिस लाख चालीस हजार उनासी मात्र | 03 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.04.2023
3. ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 21.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमय :– 24.04.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.04.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. ई– निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
7. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 7091716441
8. ई– निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"

9- UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।

10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 294947 Rural Work Department(23-24)D

## उपायुक्त के निर्देश पर यातायात नियमों के प्रति लोगो किया जा रहा जागरूक



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दण्डधिकारी सह उपायुक्त अरवा राजकमल के निदेशनुसार ज़िला परिवहन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों के प्रति लोगो जागरूक किया जा रहा है। इस निमित्त ज़िला सड़क सुरक्षा टीम, कुंदन वर्मा ( डीआरएसएम ) एवं ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त प्रयास से सरायकेला चाईबासा रोड पर जागरूकता अभियान चला बिना हेलमेट के दु पहिया वाहन चलानें तथा बिना सीट बेल्ट के प्रयोग के बड़े वाहन चला रहे लोगो को यातायात नियमों के प्रति जानकारी साझा कर जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया की किसी भी परिस्थिति में ड्रंक एंड ड्राइव तथा ओवरस्पीडिंग ना करे।

## छोटा गम्हरिया पंचायत में दो पेबर्स ब्लॉक सड़क का उद्घाटन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत में 15वीं वित्त आयोग के मद से निर्मल पथ रोड नंबर छह में करीब आठ लाख रुपए की लागत से निर्मित शिव प्रसाद के घर से अमित पाण्डे के घर तक और नरेश प्रसाद के घर से दिलीप सिंह के घर तक बनाए गए पेबर्स ब्लॉक सड़क का बुधवार को उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित मुखिया निरोला सरदार, उप मुखिया रेणु देवी ने विधिवत फीता काटकर व मौजूद ग्राम प्रधान सुरज लाल महतो, पंसस पुजा कुमारी, विकाश कुमार शर्मा, वार्ड सदस्य अनिता देवी, नेहा शर्मा और सुनिता देवी ने नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर पूर्व पंसस अजीत कुमार सिंह, संमाजसेवी माधव महतो, फिरन झा, अमित पांडे, विनोद श्रीवास्तव, मुकेश झा, गुड्डू कुमार, प्रीतम पात्रो, सुभाष गोराई समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## खपरैल नुमा घर में लगी आग, डेढ़ लाख की संपत्ति जल कर खाक



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका प्रखंड अंतर्गत कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगराईन गांव में दिनेश भक्त के खपरैल नुमा घर अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान घर में रखे जरूरी सामान जिसकी कीमत डेढ़ लाख बताई जाती है जल कर स्वाहा हो गई।दग्रामीणों ने चापाकल में लगे समरसेबल पम्प से किसी तरह आग पर पाया काबू पाया। इस बाबत पीड़ित परिवार के परिजन पिंटू दास व सामाजिक कार्यकर्ता उज्ज्वल मंडल ने बताया कि आज बुधवार दोपहर तीन बजे गेहूं पिसनेवाली मशीन में मोमबत्ती जल रही थी। उसकी चिंगारी से मकान में आग पकड़ ली व पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में साल भर का तैयार किया हुआ चावल ,20 -25 बोरा धान, एवं घर के जरूरतमंद सभी समान जल गए। गांव के ग्राम प्रधान मंगल पाल, पिंटू दास व सामाजिक कार्यकर्ता उज्ज्वल मंडल ने इसकी जांच करवा कर सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा देने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

## बोड़ाम प्रखंड में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को बोड़ाम प्रखंड में आयोजित प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में डीआरडीए के निदेशक सौरभ सिन्हा, एनईपी की निदेशक श्रीमती ज्योत्सना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी दीपू कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. रजनीकांत मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, मत्स्य पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी व तकनीकी विभागों के पदाधिकारी समेत बीडीओ नाजिया अफरोज, सीओ निवेदिता नियति व सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व प्रखंड के अन्य पदाधिकारी तथा कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहे। बोड़ाम प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक में क्रमवार सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए जलमीनार व चापाकल मरम्मती के कार्य को प्राथमिकता से करने का निदेश दिया गया। प्रखंड में अधिष्ठापित कुल 223 जलमीनार में से 64 खराब पड़े हैं जिसे यथाशीघ्र मरम्मती का आदेश दिया गया। सभी मुखिया से अपील किया गया कि उनके क्षेत्र में खराब पड़े चापाकल की सूची अविलंब बीडीओ कार्यालय में उपलब्ध करायें ताकि जल्द से जल्द उन सभी की मरम्मती कराई जा सके।

## जिला प्रशासन भाजपा नेता अभय सिंह समेत सभी निर्दोषों को रिहा करें : रवींद्र राय



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में हुए सांप्रदायिक हिंसा के बाद भाजपा के नेता अभय सिंह को जेल भेज दिया गया था। इस हिंसा के पीछे अभय सिंह का हाथ होना सामने आया है। इसके बाद पुलिस ने उन्हें जेल भेजा है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में गिरफ्तार लोगों ने भाजपा नेता अभय सिंह का नाम लिया। इसीलिए उनको गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी से भाजपा नेताओं में आक्रोश है। बुधवार को भाजपा नेता अभय सिंह के काशीडीह स्थित आवासीय कार्यालय पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और मांग की कि जिला प्रशासन भाजपा नेता अभय सिंह को रिहा करे। अभय सिंह के साथ ही भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को रिहा किया जाए। रविंद्र राय ने कहा कि जिला प्रशासन इस मामले में राजनीतिक विद्वेष के तहत कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने मांग की कि जिला प्रशासन किसी राजनीतिक नेता के इशारे पर कार्रवाई करना बंद करे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की तिथि 10 मई तक बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं से आवेदन प्राप्त करने की तिथि को आगे बढ़ाया गया है। सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं से आवेदन मांगा गया है ताकि वे छात्रवृत्ति योजना का लाभ ससमय ले सकें ।

**1. ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा:** - शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की विस्तारित अंतिम तिथि- 25.04. 2023, - शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की विस्तारित अंतिम तिथि- 10.05.2023, - संबंधित शैक्षणिक संस्थान के आईएनओ द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की विस्तारित अंतिम तिथि- 17.05.2023

**2. छात्रवृति के लिए आय की अधिसीमा:** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राएँ जिनके माता-पिता / अभिभावक की सभी श्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से अधिक नहीं हो। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अन्य कोई छात्रवृति का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

**3. आवेदन करने की प्रक्रिया:** अहर्त्ता प्राप्त छात्रों को वेबसाइट **https://ekalyan.cgg.gov.in** में दिये गये सभी दिशा निर्देशों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन करना है एवं सभी निम्नांकित वांछित प्रमाण-पत्रों की **Scanned Copy** (**jpeg / jpg** में **1mb** तक) वेबसाईट पर अपलोड करेगें ।

**4. हेल्प लाईन:** सिर्फ आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया में यदि कोई कठिनाई हो तो ई-कल्याण के सम्पर्क संख्या - 040-23120591/23120592/23120593 पर सम्पर्क कर सकते हैं, एवं **e-mail id-helpdeskekalyan@gmail.com** पर **e-mail** कर सकते हैं अथवा **https://ekalyan.cgg.gov.in** वेबसाइट के **Complaint link** पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज कर सकते हैं ।

## श्रमिक मजदूरों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल से मिला यूथ इंटक झारखंड के प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्रमिक मजदूरों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर लगातार आवाज उठा रही यूथ इंटक और कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन के प्रतिनिधि ने झारखंड के राज्यपाल से राजभवन में मुलाकात की। झारखंड के विभिन्न कारखानों में मजदूरों का पर हो रहे शोषण और अत्याचार को लेकर यूथ इंटक प्रदेश अध्यक्ष रवि चौबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के राज्यपाल सी पी जी को ज्ञापन सौंपा और वास्तु स्थिति से अवगत कराया। राज्यपाल ने सभी बातों को संज्ञान में लेते हुए, अति शीघ्र कार्रवाई कर सारी समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया । यूथ इंटक की ओर से प्रचार सचिव अंजनी कुमार, पलामू जिला अध्यक्ष शशांक सुमन, प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश कुमार और बोकारो जिला अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी मौजूद थे।

## कांग्रेस की जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति का बैठक जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें 14 अप्रैल को सुबह 12 बजे से कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में कांग्रेसजनों के साथ %सतुवान कार्यक्रम% का आयोजन होगा। साथ ही संध्या 6ः00 से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जयंती समारोह बिरसानगर संडे मार्केट में आयोजित किया जाएगा। सर्वधर्म समभाव के तहत आगामी दिनों में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी धर्म एवं समाज के लोगों को सम्मिलित करा कर एक मजबूत संदेश प्रस्तुत किया जाएगा। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने तैयारी समिति के बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रखंड, मंडल कमेटी एवं पंचायत कमेटी युद्ध स्तर पर नुक्कड़ सभा का आयोजन अपने क्षेत्रों के चौक चौराहे, हाट बाजार पर करें। मोदी सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ में जनता को बताने का कार्य करें। हर हाल में 2024 में देश को भाजपा के कुचक्र से जनता को बचाया जाए। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने बैठक के क्रम में उदघोषणा किया कि अशोक सिंह कदमा निवासी को आज के दिन से %अशोक सिंह क्रांतिकारी के नाम से जाना जाएगा, नामकरण उपाधी की घोषणा की जाने पर कांग्रेसजन ने लड्डू का वितरण किया गया। तैयारी समिति के बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, कार्यकारीअध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर, संजय सिंह आजाद, रामदरस चौधरी, सुबोध सिंह सरदार, गुरदीप सिंह, आदि थे।

## अधिवक्ता चंदन चौबे को हथकड़ी लगाकर कोर्ट में पेश करने का बार एसोसिएशन ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्रीनगर में हुए हिंसा में गिरफ्तार जमशेदपुर कोर्ट के अधिवक्ता चंदन चौबे को हथकड़ी लगा कर न्यायालय में पेश करने और जेल भेजने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को कोर्ट परिसर में प्रदर्शन करने के बाद अधिवक्ताओं ने साकची स्थित डीसी ऑफिस में भी प्रदर्शन किया और डीसी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कहा गया है कि अगर 12 घंटे के अंदर अधिवक्ता चंदन चौबे को हथकड़ी लगाने वाले पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो गुरुवार को भी काम ठप्प रहेगी। अधिवक्ता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लाला अजीत कुमार अम्बष्ट के नेतृत्व में डीसी ऑफिस पहुंचे थे। उनके साथ अक्षय कुमार झा, तापस कुमार मित्र, त्रिलोकी नाथ ओझा, रंजन धारी सिंह, विनोद कुमार मिश्र, अमित कुमार, अमित कुमार सिंह, परमजीत कुमार श्रीवास्तव, संजय राय, रविंद्र कुमार, नवीन प्रकाश, संजीव कुमार झा, विद्युत नंदी, आशीष दत्ता, सुभाष सिंह, नवीन प्रकाश, चेतन प्रकाश, चंदन कुमार यादव, राजीव रंजन, रविंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे। इससे पहले कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने एक मीटिंग भी की और इसी मीटिंग में हड़ताल का फैसला लिया गया। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर बुधवार को भी अधिवक्ता काम ठप किए। अधिवक्ताओं का कहना है कि वह मामले की शिकायत राज्यपाल और मुख्यमंत्री से भी करेंगे।

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ दुष्प्रचार से दूर रहें युवा : रानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जन कल्याण संगठन झारखंड की वरीय उप निदेशक एवं समाज सेविका रानी गुप्ता ने जमशेदपुर की आम जनता और खासकर युवा वर्ग से अपील किया है कि वे शहर के सामाजिक समरसता, भाईचारा को सुदृढ़ बनाते हुए गलत अफवाहों पर ध्यान ना दें, कुछ असामाजिक तत्व धार्मिक संगठनों के आदमी लगातार अफवाहों और सोशल मीडिया पर भड़काऊ दुष्प्रचार कर लोगों में दहशत और अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। शहर की शांति प्रिय और प्रबुद्ध लोगों को चाहिए ऐसे लोगों को चिन्हित कर जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं, ताकि समय रहते उनके नापाक मंसूबों पर लगाम लगाया जा सके। सही मायने में हमारा शहर जमशेदपुर एक छोटा सा हिंदुस्तान है जहां सभी मजहब, जाति विभिन्न भाषाओं के लोग वर्षो से काफी मिल्लत के साथ मिलजुल कर रहते आ रहे हैं, सभी एक दूसरे के धार्मिक त्योहारों में खुशी खुशी शामिल होते रहे हैं ।

## डीएमपएस चांडिल के सीनियर सेकेंडरी को विषय वस्तु एक्सपर्ट की मिलेगी सुविधा : प्रिंसिपल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** डीएमपएस चांडिल के सीनियर सेकेंडरी को विषय-वस्तु एक्सपर्ट की मिलेगी विशेष सुविधा यह बातें डीएमपीएस के प्रधानाध्यापका शम्पा बनर्जी ने बुधवार को स्कूल के कॉन्फ्रेंस हॉल में संवाददाता सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीकी सोच के साथ दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में हर सुविधा देकर शिक्षा को आगे बढ़ा रही है। कक्षा 11वी एवं 12 वी बच्चों के लिए विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों के द्वारा पढ़ाये जाने के लिए अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ जमशेदपुर से नियुक्त किए गए है, इसमें गणित, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी विज्ञान विषय की विशेष रूप से तैयारी कराई जा रही है। शम्पा बनर्जी अभिवावकों संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से ये कहा कि हमारे स्कूल की इस व्यवस्था को अवश्य ध्यान दें। विद्यालय में पुस्तकालय प्रोयोगशाला विज्ञान, कंप्यूटर, प्लेग्राउंड स्पोर्ट्स (इंडोर, आउटडोर) को और विस्तृत किया जा रहा हैं। डीएमपएस में पिछले वर्ष से छात्रावास प्रारम्भ किया गया है। इसके अलावा छोटे बच्चों के लिए चांडिल सनसिटी में डीएमपएस की जूनियर शाखा खोली गई है जिसमे प्री नूर, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों को आधुनिक तकनीकी द्वारा शिक्षा दी जा रही है वहाँ भी स्मार्ट क्लास प्रारम्भ होने जा रहा है ।



शम्पा बनर्जी - प्रिंसिपल, डीएमपीएस

## बोड़ाम में बिजली विभाग का ओटीएस का कैम्प आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर गुरुवार को बोड़ाम पंचायत भवन में वन टाइम सेटेलमेंट (ओटीएस) योजना के तहत शिविर आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए लाइनमैन पुतुल प्रमाणिक ने बताया कि सहायक अभियंता अमरजीत प्रसाद के निर्देश पर पूरे पंचायत क्षेत्र में प्रचार-प्रसार किया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें पुराना बकाया बिल के भुगतान पर ब्याज माफी की सुविधा मिलेगी और लोग समझौते के बाद किश्तों में भुगतान कर पायेंगे।

## अर्का जैन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** अर्का जैन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नाकआउट बास्केटबॉल प्रतियोगिता बुधवार को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में अर्का जैन की टीम ने विद्या भारती चिन्मया विद्यालय को 57 -55 के अंतर से शिकस्त देकर चैंपियनशिप का ख़िताब अपने नाम किया। इसमें विद्या भारती चिन्मया विद्यालय के हर्ष तिवारी प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट घोषित किए गए। इस प्रतियोगिता में रांची के डॉ श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी, एनआईटी जमशेदपुर, संत जेवियर स्कूल चाईबासा, चिन्मया विद्यालय, अर्का जैन यूनिवर्सिटी सहित कुल 9 टीमों ने हिस्सा लिया था। समापन समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में झारखण्ड स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राम कुमार उपाध्याय, अर्का जैन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एसएस रजी, डॉ अरविन्द कुमार पांडेय, चेयरमैन स्पोर्ट्स कौंसिल अर्का जैन विश्वविद्यालय, इवेंट कोर्डिनेटर डॉ रूपा सरकार आदि उपस्थित थे।

## जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालय में दी जाएगी सामाजिक भावनात्मक शिक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** समाहरणालय भवन स्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में आज बुधवार को अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश कुमार की अध्यक्षता में हर्ष जोहार पाठ्यक्रम से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए एडीपीओ प्रकास कुमार ने कहा कि हर्ष जोहार पाठ्यक्रम के तहत जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों नृपराज प्लस टू उच्च विद्यालय सरायकेला, के. वी. पी. एस. डी. एस. एस. बालिका उच्च विद्यालय सरायकेला एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय सरायकेला के विद्यार्थियों को सामाजिक भावनात्मक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव होगा। उन्होंने कहा की इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बच्चों के सकारात्मक संबंध, आत्मसम्मान, समानुभूति, स्वजागरूकता, भावनात्मक दृढ़ता आदि कौशलों पर ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान हर्ष जोहार पाठ्यक्रम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए एडीपीओ ने तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों के समक्ष संबंधित पुस्तकों का वितरण किया।

### सरायकेला जिला में अवैध बालू उत्खन्न के खेल में पुलिस के साथ एक यूट्यूबर्स की भूमिका बनी चर्चा का केन्द्र

## जांच के लिए कोल्हान डीआईजी ने एसडीपीओ को दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**गम्हरिया :** इन दिनों सरायकेला जिला के आदित्यपूर क्षेत्र से संचालित एक पोर्टल/यूटयूब के लिए कार्य करने वाले पूर्व सहारा एजेंट चर्चा का केन्द्र बिंदू बने हुए हैं। झारखंड में बालू के खेल को लेकर जहां लगातार भाजपा हेमन्त सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं इस खेल में सरायकेला पुलिस के वरीय अधिकारी की भूमिका पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। प्राप्त सूचना के अनुसार बालू के इस खेल में अब पुलिस ने भी खेला कर दिया है। ग्रामीणों और स्थानीय पत्रकारों के अनुसार जिस पुलिस को गाड़ियों को जब्त करने की जिम्मेवारी थी, आरोपियों को गिरफ्तार करने की जिम्मेवारी थी और अवैध बालू उत्खन्न बंद करने की जिम्मेवारी थी. वहीं पुलिस रात में मौके पर पहुंचती है और गाड़ियों को वहां से भगा देती है। यानी की पुलिस ने अवैध बालू उत्खन्न के इस खेल में शामिल होकर खेला कर रही है। पूरे मामले को जब कोल्हान डीआईजी ने संज्ञान में लेकर मामले की जांच के लिए एसडीपीओ को निर्देश दिया है तो पुलिस के हाथ-पांव फूले हुए है। थानेदार का दावा है कि पुलिस के पहुंचते ही सभी ट्रैक्टर लेकर भाग गए, जबकि घंटो तक ग्रामीण ने गाड़ियों को अपने कब्जे में ले रखा था। प्राप्त सूचना के अनुसार बीती रात आरआइटी थाना क्षेत्र के आसंगी गांव स्थित खरकई नदी तट पर अवैध बालू उत्खन्न कर रहे छः ट्रैक्टर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था। इस दौरान ग्रामीणों और बालू माफिया में टकराव की स्थिति बनी हुई थी। मामले की सूचना जब आरआइटी पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के कब्जे से सभी ट्रैक्टर को छुड़ाते हुए उसे भगा दिया। आसंगी नदी घाट से बालू अवैध उत्खन्न मामले में पूर्व में वहां के एक बिल्डर द्वारा सीधे तौर पर आरआइटी थाना प्रभारी पर पैसे लेकर बालू घाट से अवैध उत्खन्न का आरोप लगा चुके है। आरोप लगने के बाद काफी दिनों तक यहां बालू का उत्खन्न बंद रहा। लेकिन एक बार फिर से यहां अवैध बालू उत्खन्न का काम शुरू हो गया। इस अवैध उत्खन्न से तंग ग्रामीण जब खुद मोर्चा संभाला तो पुलिस पहुंची और कार्रवाई के बजाये सभी गाड़ियों को भगा दिया। सूत्री की माने तो इस कार्य का संचालन सरायकेला जिला के अदित्यपूर क्षेत्र से संचालित एक पोर्टल/यूटयूब के लिए कार्य करने वाले पूर्व सहारा एजेंट द्वारा किया जाता है जिसके एवज एक मोटी रकम हर सप्ताह पुलिस तक वह स्वयं पहुंचाता है। इस मुद्दे पर डीआईजी कोल्हान अजय लिंडा ने बताया कि मीडिया के माध्यम से अवैध उत्खन्न की जानकारी मिली है इस मामले को लेकर सरायकेला एसडीपीओ को जांच का निर्देश दिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। अवैध बालू उत्खन्न पर पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी इसमें कोई पुलिस पदाधिकारी भी दोषी पाये जाते है तो उनपर सख्त कार्रवाई होगी।

## बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती कल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** एससी/ एसटी ओबीसी समन्वय समिति की ओर से 14 अप्रैल को शाम 4:00 बजे बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर अंबेडकर उत्सव एव अधिकार यात्रा निकाला जाएगा. इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को जागृति मैदान में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने अपना अपना सुझाव और प्रस्ताव रखें। बैठक में नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह,अखिल झारखंड दुसाध महासभा अध्यक्ष सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सरयु, पासवान, पांडे मुखी ,शारदा देवी रामानंद प्रसाद, रामाशीष राम , जोगेंद्र राम, भरत राम, देव प्रकाश देवता,उपेंद्र रजक गोपाल रजक, रामाशीष यादव, संजय यादव, आदि थे।

## संपादकीय

# लापरवाही छोड़ें, सतर्क रहें

**देश** में एक बार फिर कोरोना संक्रमितों की संख्या में तेजी दिखायी दे रही है, जिसके कारण स्वास्थ्य मंत्रालय सजग हो गया है। देश के विभिन्न शहरों में प्रमुख चिकित्सालयों में कोरोना से निपटने की तैयारियों का परीक्षण किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने नागरिकों से कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह भी किया है। हालांकि, देश में अभी कोरोना की स्थिति व्यापक और खतरनाक नहीं है लेकिन सावधानी रखना अत्यंत आवश्यक है ताकि स्थिति बिगड़ने न पाये। जिन लोगों ने कोरोना रोधी टीके का सतर्कता खुराक नहीं ली है, उन्हें जल्द ही समीप के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर सतर्कता खुराक ले लेनी चाहिए। यदि आवश्यक न हो तब अधिक भीड़-भाड़ के क्षेत्र में न जाएं। मास्क पहनने से भी हम कोरोना संक्रमण से बचे रह सकते हैं। ध्यान रहे कि हमें चिंतित नहीं होना है और घबराना नहीं है लेकिन आवश्यक सावधानी अवश्य रखनी है। जैसे हमने थोड़ी सतर्कता दिखायी तो कोरोना महामारी की तीसरी आवृत्ति को भारत में आने से रोक दिया था, वैसी ही सावधानी रखने से बढ़ते मामलों को भी नियंत्रित किया जा सकता है। कोरोना महामारी के प्रतिकूल एवं खतरनाक प्रभाव हम सबके ध्यान में हैं इसलिए सभी लोगों को लापरवाही छोड़कर, सतर्कता दिखानी चाहिए। सरकार ने जिस तरह देशभर में टीकाकरण अभियान चलाया था, उसके कारण से इस बात की आशंका कम ही है कि कोरोना महामारी अपने भयावह रूप में लौट पाएगी। बावजूद इसके यह मानना सही नहीं है कि कोरोना समाप्त हो गया है या इसका खतरा पूरी तरह टल चुका है। कोविड-19 का नया वेरिएंट एक्सबीबी.1.16 है जिसने दूसरे वेरिएंट्स की जगह ले ली है और तेजी से फैल रहा है। हाल के दिनों में इसके प्रसार में आई तेजी के पीछे यही नया वेरिएंट है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को भारत ने पिछले 24 घंटों में 5,880 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए, जो सक्रिय केस लोड को 35,199 तक ले गए। दैनिक पॉजिटिविटी दर 6.91 प्रतिशत है जबकि साप्ताहिक पॉजिटिविटीदर 3.67 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि वायरस के प्रसार में आई इस तेजी की अनदेखी नहीं की जा सकती। हालांकि यह संख्या भी खतरनाक नहीं कही जा सकती। यह बात भी सही है कि वायरस का नया वेरिएंट वैसा मारक नहीं है। इससे संक्रमित होने के बाद सामान्य मरीज को बुखार होता है, जो धीरे-धीरे चढ़ता है, सिरदर्द, बेचैनी और गले में तकलीफ भी होती है, लेकिन एक-दो दिनों में ही यह ठीक भी हो जाता है। इससे मौत का अनुपात काफी कम है। लेकिन यह फैलता काफी तेजी से है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इस पर नजर रखने की सलाह दी है। अब तक का अनुभव बताता है कि कोरोना वायरस न केवल रूप बदलता है बल्कि अपनी क्षमता में भी वृद्धि कर सकता है। ऐसे में नहीं कहा जा सकता कि इसका जो रूप कम खतरनाक नजर आ रहा है, वही फैल जाने के बाद नए रूप में ज्यादा खतरनाक नहीं हो जाएगा। स्वाभाविक ही, केंद्र सरकार ने इस पर कड़ी नजर बनाए रखी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में ताजा हालात के साथ संभावित चुनौतियों से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की। बहरहाल, कोरोना से घबराने की नहीं अपितु सावधानी की आवश्यकता है। सतर्कता के सामने यह संक्रमण अपने हथियार डाल देता है।

> कोरोना महामारी की तीसरी आवृत्ति को भारत में आने से रोक दिया था, वैसी ही सावधानी रखने से बढ़ते मामलों को भी नियंत्रित किया जा सकता है। कोरोना महामारी के प्रतिकूल एवं खतरनाक प्रभाव हम सबके ध्यान में हैं इसलिए सभी लोगों को लापरवाही छोड़कर, सतर्कता दिखानी चाहिए। सरकार ने जिस तरह देशभर में टीकाकरण अभियान चलाया था, उसके कारण से इस बात की आशंका कम ही है कि कोरोना महामारी अपने भयावह रूप में लौट पाएगी। बावजूद इसके यह मानना सही नहीं है कि कोरोना समाप्त हो गया है या इसका खतरा पूरी तरह टल चुका है। कोविड-19 का नया वेरिएंट एक्सबीबी.1.16 है जिसने दूसरे वेरिएंट्स की जगह ले ली है और तेजी से फैल रहा है। हाल के दिनों में इसके प्रसार में आई तेजी के पीछे यही नया वेरिएंट है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को भारत ने पिछले 24 घंटों में 5,880 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए, जो सक्रिय केस लोड को 35,199 तक ले गए।

## बोध कथा

# गिलहरी की तन्मयता

**एक** संन्यासी जीवन के रहस्यों को खोजने के लिए कई दिनों तक तपस्या और कठोर साधना में लगे रहे, पर आत्मज्ञान की प्राप्ति नहीं हुई। थक हारकर उन्होंने तपस्या छोड़कर घर लौटने का निश्चय किया। दुख और पराजय की भावना ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया था। वह निराश होकर घर वापस आ रहे थे। रास्ते में उन्हें प्यास लगी। पानी पीने के लिए वह एक नदी के किनारे गये। सामने उन्हें एक अजीब नजारा दिखाई दिया। एक नन्हीं गिलहरी नदी के जल में अपनी पूंछ भिगोकर पानी बाहर छिड़क रही थी। गिलहरी बिना थके अविचल भाव से इस कार्य को करती जा रही थी। संन्यासी को उत्सुकता हुई। उन्होंने गिलहरी से पूछा, 'प्यारी गिलहरी, तुम यह क्या कर रही हो?' गिलहरी ने विनम्रता से उत्तर दिया, 'इस नदी ने मेरे बच्चों को बहाकर मार डाला। मैं उसी का बदला ले रही हूं। मैं नदी को सुखाकर ही छोड़ूंगी।' संन्यासी ने कहा, 'तुम्हारी छोटी सी पूंछ में भला कितनी बूंदें आती होंगी। तुम्हारे इतने छोटे बदन, थोड़े से बल और सीमित साधनों से यह नदी कैसे सूख सकेगी ? इतना बड़ा काम असंभव है। तुम इसे कभी खाली नहीं कर सकती।' गिलहरी बोली, 'यह नदी कब खाली होगी, यह मैं नहीं जानती। लेकिन मैं अपने काम में निरंतर लगी रहूंगी। मैं श्रम करने और कठिनाइयों से टकराने के लिये तैयार हूं फिर मुझे सफलता क्यों नहीं मिलेगी ?' संन्यासी सोचने लगा कि जब यह नन्हीं गिलहरी अपने थोड़े से साधनों सें इतना बड़ा कार्य करने का स्वप्न देखती है, तब भला मैं उच्च मस्तिष्क और मजबूत बदन वाला विकसित मनुष्य अपनी मंजिल को क्यों नहीं पा सकता। यह सोचकर संन्यासी दुगने उत्साह से वापस अपने पथ पर चल पड़ा। कोई भी कार्य चाहे कितना भी मुश्किल हो, चाहे कितनी भी कठिनाई हो, हिम्मत नहीं हारना चाहिए, यदि कोई कार्य करने की ठान लें, तो अपने आत्म विश्वास को कायम रखें।धैर्य और उत्साह से बिना थके अविचल भाव एवं तन्मयता से लगे रहें।

## अमृत कलश

# प्रार्थना का अर्थ

**प्रार्थना** का अर्थ यह नहीं होता है कि सिर्फ बैठकर कुछ मंत्रों का उच्चारण किया जाए। इसके लिए आवश्यक है कि आप निर्मल, शांत और ध्यान अवस्था में हों। इसलिए वैदिक पद्धति में प्रार्थना के पहले ध्यान होता है और प्रार्थना के उपरांत भी ध्यान होता है। जब मन एकाग्र होता है तो प्रार्थना और भी शक्तिशाली हो जाती है। जब आप प्रार्थना करते हैं तो उसमें आपको पूर्ण रूप से निमग्न होना होता है। यदि मन पहले से कहीं और भटक रहा है तो फिर वहां प्रार्थना नहीं होती है। जब आपको कोई दुःख होता है तब आप अधिक एकाग्रचित्त हो जाते हैं। इसीलिये दुःख में लोग अधिक सुमिरन करते हैं। प्रार्थना आत्मा की पुकार होती है। प्रार्थना तब होती है जब आप कृतज्ञता महसूस कर रहे होते हैं या आप अत्यंत निस्सहाय या निर्बल महसूस कर रहे होते हैं। इन दोनों ही परिस्थितियों में आपकी प्रार्थना की पुकार सुनी जाएगी। जब आप निःस्सहाय होते हैं तो प्रार्थना अपने आप ही निकलती है। इसीलिए कहते हैं कि "निर्बल के बल राम" - यदि आप कमजोर हैं तो ईश्वर आपके साथ है। यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप किसकी प्रार्थना कर रहे हैं। प्रार्थना में प्रयोग करे जाने वाले शब्द, प्रतीक और अनुष्ठान किसी धर्म विशेष के द्वारा दिए गए हो सकते हैं परंतु प्रार्थना उन सबसे परे होती है। वह भावनाओं के सूक्ष्म स्तर पर घटित होती है और भावनाएं शब्द और धर्म के परे हैं। प्रार्थना के कृत्य ही में परिवर्तन लाने की शक्ति होती है। यदि आपकी प्रार्थना नहीं सुनी जाती तो वह इसलिए क्योंकि आपने अपना सर्वश्रेष्ठ समय कभी भी नहीं दिया।इसलिए नहीं सुनते हैं भगवान आपकी प्रार्थना]आप प्रार्थना सच्चे दिल से करें। और दिव्य शक्ति के साथ अपनी चालाकी दिखलाने का प्रयत्न नहीं करें।आप अपना सर्वश्रेष्ठ समय दिव्यता के लिए निकालें तो निश्चय ही आपको उसका उचित प्रतिफल मिलेगा।

## ट्रैवल एजेंटों आदि को बाजार से बाहर करने के लिए उपभोक्ताओं को भारी छूट देती हैं

# ई-कॉमर्स में गेम चेंजर 'ओएनडीसी'

डा. अश्वनी महाजन

> ई-कॉमर्स ने जीवन को बेहद आसान बना दिया है, क्योंकि लोगों को घर बैठे एक बटन क्लिक करने पर आसानी से वस्तुएं और सेवाएं मिल जाती हैं। रेल-बस टिकट हो या हवाई यात्रा, होटल बुकिंग हो या टैक्सी, ऑटो से आना-जाना सब कुछ बेहद सुविधाजनक हो गया है। इतना ही नहीं, ई-कॉमर्स के माध्यम से विभिन्न प्रकार की घरेलू और व्यावसायिक सेवाओं तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। लेकिन इसके साथ ही कुछ बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों का दबदबा बढ़ रहा है, जिससे पारंपरिक व्यवसायों को भारी नुकसान हो रहा है। सवाल केवल कमीशन का नहीं है, ये ई-कॉमर्स कंपनियां डेटा पर अपने एकाधिकार के कारण विभिन्न विक्रेताओं के बीच भेदभाव करती हैं और अपने पसंदीदा विक्रेताओं को वरीयता देती हैं और इस प्रकार अन्य विक्रेताओं को नुकसान होता है।

**एक** दशक से अधिक समय से, ई-कॉमर्स में भारत और दुनिया में भारी वृद्धि देखने को मिली है। भारत में कुल खुदरा व्यापार का लगभग 6.5 प्रतिशत आज ई-कॉमर्स के माध्यम से होता है। ई-कॉमर्स ने जीवन को बेहद आसान बना दिया है, क्योंकि लोगों को घर बैठे एक बटन क्लिक करने पर आसानी से वस्तुएं और सेवाएं मिल जाती हैं। रेल-बस टिकट हो या हवाई यात्रा, होटल बुकिंग हो या टैक्सी, ऑटो से आना-जाना सब कुछ बेहद सुविधाजनक हो गया है। इतना ही नहीं, ई-कॉमर्स के माध्यम से विभिन्न प्रकार की घरेलू और व्यावसायिक सेवाओं तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। लेकिन इसके साथ ही कुछ बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों का दबदबा बढ़ रहा है, जिससे पारंपरिक व्यवसायों को भारी नुकसान हो रहा है। सवाल केवल कमीशन का नहीं है, ये ई-कॉमर्स कंपनियां डेटा पर अपने एकाधिकार के कारण विभिन्न विक्रेताओं के बीच भेदभाव करती हैं और अपने पसंदीदा विक्रेताओं को वरीयता देती हैं और इस प्रकार अन्य विक्रेताओं को नुकसान होता है। हालांकि, ये कंपनियां अपने ग्राहकों को सस्ता सामान और सेवाएं प्रदान करने का दावा करती हैं, लेकिन वास्तव में अपनी आर्थिक ताकत के चलते ये कंपनियां छोटे पारंपरिक दुकानदारों, ट्रैवल एजेंटों आदि को बाजार से बाहर करने के लिए उपभोक्ताओं को भारी छूट देती हैं। अपने स्वयं के पैसे से और ड्राइवरों को आकर्षित करने के लिए उन्होंने भारी प्रोत्साहन भी दिया। लेकिन अब अपना व्यवसाय स्थापित करने के बाद, उबर सरीखे एग्रीगेट्रों के द्वारा उपभोक्ताओं को अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है, और ड्राइवरों की कमाई का लगभग एक तिहाई इन एग्रीगेट्रों द्वारा छीन लिया जाता है। एग्रीगेटर के रूप में काम करने वाली ई-कॉमर्स कंपनियां छोटे वेंडरों और गरीब कामगारों की आमदनी का एक बड़ा हिस्सा हड़प रही हैं। ऐसे में उनके पास केवल दो विकल्प हैं, या तो अपना शोषण होने दें या व्यवसाय छोड़ दें। इतना ही नहीं, ई-कॉमर्स कंपनियों के कैश बर्निंग मॉडल की वजह से परंपरागत कारोबारी भी धंधे से बाहर हो रहे हैं। चाहे किराना दुकान हो या रेडीमेड परिधान की दुकान या इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान के शोरूम, या पारंपरिक ट्रैवल एजेंट, ई-कॉमर्स कंपनियों के आने से विभिन्न प्रकार के



खुदरा व्यापार में लोगों के रोजगार का क्षरण हुआ है। कहा जा सकता है कि आज का ई-कॉमर्स समावेशी नहीं है। हालांकि, हम ई-कॉमर्स को बंद नहीं कर सकते हैं और ऐसा करने की कोई आवश्यकता भी नहीं है; सवाल विक्रेताओं और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा का है। क्या हम इन ई-कॉमर्स दिग्गजों के लालच पर रोक लगा सकते हैं? इन सवालों के जवाब भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में मिल रहे हैं, जो कंपनी अधिनियम की धारा 8 के तहत पंजीकृत एक कंपनी है। ओएनडीसी नेटवर्क ई-कॉमर्स को एक चैनल प्रदान कर रहा है। यह खरीददारों और विक्रेताओं के बीच एक कड़ी प्रदान करने की कोशिश करता है, जो शोषणकारी नहीं है। इस प्रणाली में, ई-कॉमर्स कंपनियां डेटा पर एकाधिकार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग के माध्यम से विक्रेताओं के बीच भेदभाव नहीं कर सकती हैं। कुल मिलाकर ओएनडीसी एक ऐसा चैनल होगा जिसमें उपभोक्ता विभिन्न प्रकार के विक्रेता, सेवा प्रदाता आदि को आसानी से खोज सकेंगे और ई-कॉमर्स बाजार में एकाधिकार के बजाय प्रतिस्पर्धा के आधार पर विक्रेताओं के व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा सकेगा।

**ओएनडीसी क्या है? :** ओएनडीसी सामान्य ई-कॉमर्स कंपनियों जैसा प्लेटफॉर्म नहीं है। आमतौर पर ई-कॉमर्स कंपनियां एक प्लेटफॉर्म के जरिए काम करती हैं। विक्रेता या सेवा प्रदाता संबंधित प्लेटफॉर्म पर अपना पंजीकरण कराते हैं और उन्हें कई प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराना होता है। हालांकि, ये प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं और विक्रेताओं दोनों को छूट और प्रोत्साहन का लालच देकर, अपनी आर्थिक ताकत के बलबूते उन्हें आकर्षित करने की कोशिश करते हैं, लेकिन एक बार जब उनका व्यवसाय स्थापित हो जाता है, तो अपने लाभ को अधिकतम करने के लिए वे उपभोक्ता और विक्रेता, दोनों का शोषण करते हैं। ओएनडीसी वास्तव में विभिन्न प्लेटफार्मों और उपभोक्ताओं के बीच की एक कड़ी है जो लाभ के उद्देश्य से काम नहीं करता है। अभी तक सामान्य ई-कॉमर्स में विक्रेता और सेवा प्रदात्ताओं को प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कराना होता था, इसलिए वे उन प्लेटफार्मों पर निर्भर होते हैं। उपभोक्ता प्लेटफॉर्म पर केवल उन्हीं विक्रेताओं को देख पाते हैं, जो उस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं। ओएनडीसी एक ऐसी प्रणाली है जिसमें विभिन्न प्रकार के प्लेटफॉर्मों को ही पंजीकरण की सुविधा प्रदान की जाती है। लेकिन ओएनडीसी की शर्त यह है कि इनमें से किसी भी प्लेटफॉर्म पर जिन वेंडरों या सेवा प्रदाताओं ने खुद को पंजीकृत कराया है, उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली वस्तुएं और सेवाएं ओएनडीसी पर आने वाले सभी ग्राहकों को दिखाई देंगी। यानी ओएनडीसी एक ऐसी प्रणाली है जिसमें कुछ भी अपारदर्शी नहीं है। यह प्रणाली जियोग्राफिक इनफारमेशन सिस्टम (जीआईएस) यानि भौगोलिक सूचना प्रणाली के माध्यम से काम करती है और लाखों विक्रेताओं व करोड़ों उपभोक्ताओं को उनके स्थान यानि लोकेशन के आधार पर सुविधा प्रदान कर सकता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई उपभोक्ता घर बैठे किसी रेस्तरां से खाना या किराना सामान मंगवाना चाहता है, तो ओएनडीसी प्रणाली में, आस-पास के सभी रेस्तरां या किराना स्टोर तक वो पहुंच सकता है और जो भी वो खरीदना चाहता है, खरीद सकता है। ये सभी विक्रेता और सेवा प्रदाता, विभिन्न प्लेटफार्मों पर पंजीकृत होने के बावजूद, ओएनडीसी पर संभावित खरीददारों को दिखाई देंगे। हालांकि, जिन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वेंडर पंजीकृत हैं, वे वेंडर के साथ अपने समझौते के अनुसार शुल्क लेना जारी रख सकते हैं, लेकिन व्यवसाय लाने के लिए प्लेटफार्मों के बीच प्रतिस्पर्धा से उनका कमीशन अपने आप कम हो सकता है। हर प्लेटफॉर्म ज्यादा से ज्यादा बिजनेस लाने के लिए अपना कमीशन कम रखना चाहेगा। इस प्रकार ओएनडीसी ई-कॉमर्स को प्लेटफार्मों के एकाधिकार से मुक्त करता है और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करता है।

# भारतीय संस्कृति में छिपा जीवन का रहस्य

> भारतीय समाज और युवा वर्ग पर यदि पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव इसी प्रकार बढ़ता रहा, तो यह एक चिंतनीय विषय होगा। साथ ही पढ़ाई के प्रति उदासीनता भी बच्चों को गलत राह पर ले जाती है। युवाओं में भटकाव के पीछे एकल परिवार भी महत्त्वपूर्ण कारक है। आज दुनिया भौतिकतावादी हो गई है और लोगों की जरूरतें बढ़ती जा रही हैं। इसलिए उनके अंदर तनाव और अवसाद बढ़ता जाता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को अपनी संस्कृति से भी अवगत कराएं ताकि उनको सही दिशा मिल सके। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा, घर से दूर रहकर पढ़ाई, बड़े शहरों और विदेश में नौकरी की ललक, पाश्चात्य परिवेश की ओर झुकाव और मोबाइल फोन ने युवाओं को भारतीय संस्कृति से दूर कर दिया है। टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले अधिकतर सीरियल भी पश्चिमी संस्कृति को पोषित-पल्लवित करते हैं जिससे युवा पीढ़ी प्रभावित होती है।आज का युवा तकनीकी मोहमाया से भ्रमित है। युवा वर्ग भारतीय संस्कृति की मत्तहा को नहीं समझता है। इसके लिए उसके पास अनेक प्रकार के तर्क उपलब्ध होते हैं। युवा वर्ग को भारतीय संस्कृति से जोडऩे की कोशिश की जानी चाहिए। यह समय सांस्कृतिक विरासत को संभालने का समय है।वैश्वीकरण और आधुनिकीकरण की चकाचौंध में युवा वर्ग हमारी पुरातन संस्कृति की महान विरासत को भूलते जा रहा है। नैतिक मूल्यों का पतन होने लगा है, मानवता और संवेदनशीलता कम हो रही है।

**भारतीय** संस्कृति समूचे विश्व को आकर्षित करती है, लेकिन हम भारतीय ही अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। जहां हम कभी अपनी संस्कृति पर गर्व करते थे, वहीं आज का युवा वर्ग का मोह पश्चिमी संस्कृति की तरफ बढ़ता जा रहा है। दिन प्रतिदिन हम पश्चात्य संस्कृति को अपनाते जा रहे हैं और हमारी संस्कृति केवल किताबों और कहानियों में ही कहीं गुम होती जा रही है। सबसे जरूरी है हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना। त्याग, सम्मान, संयम, सत्य, अहिंसा, अध्यात्म ये सभी हमारी संस्कृति की पहचान हैं। आजकल के इनसान ने अपने सिद्धान्तों और मूल्यों से दूरी बनानी शुरू कर दी है। युवा वर्ग पर पश्चिमी सभ्यता का अत्यधिक प्रभाव है। युवाओं में अपनी संस्कृति और मान्यताओं से लगाव नहीं है। युवा वर्ग का गलत रास्तों पर जाना भी पश्चिमी सभ्यता के बढ़ते परिणाम का ही फल है। भारतीय समाज और युवा वर्ग पर यदि पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव इसी प्रकार बढ़ता रहा, तो यह एक चिंतनीय विषय होगा। साथ ही पढ़ाई के प्रति उदासीनता भी बच्चों को गलत राह पर ले जाती है। युवाओं में भटकाव के पीछे एकल परिवार भी महत्त्वपूर्ण कारक है। आज दुनिया भौतिकतावादी हो गई है और लोगों की जरूरतें बढ़ती जा रही हैं। इसलिए उनके अंदर तनाव और अवसाद बढ़ता जाता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को अपनी संस्कृति से भी अवगत कराएं ताकि उनको सही दिशा मिल सके। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा, घर से दूर रहकर पढ़ाई, बड़े शहरों और विदेश में नौकरी की ललक, पाश्चात्य परिवेश की ओर झुकाव और मोबाइल फोन ने युवाओं को भारतीय संस्कृति से दूर कर दिया है। टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले अधिकतर सीरियल भी पश्चिमी संस्कृति को पोषित-पल्लवित करते हैं जिससे युवा पीढ़ी प्रभावित होती है। आज का युवा तकनीकी मोहमाया से भ्रमित है। युवा वर्ग भारतीय संस्कृति की महत्ता को नहीं समझता है। इसके लिए उसके पास अनेक प्रकार के तर्क उपलब्ध होते हैं। युवा वर्ग को भारतीय संस्कृति से जोडऩे की कोशिश की जानी चाहिए। यह समय सांस्कृतिक विरासत को संभालने का समय है। वैश्वीकरण और आधुनिकीकरण की चकाचौंध में युवा वर्ग हमारी पुरातन संस्कृति की महान विरासत को भूलते जा रहा है। नैतिक मूल्यों का पतन होने लगा है, मानवता और संवेदनशीलता कम हो रही है। आपसी सौहार्द, प्रेम और भाईचारे को तो हम भूलते ही जा रहे हैं। हमें याद रखना होगा कि नैतिकता, अपनत्व और देशभक्ति जैसे मूल्यों ने ही भारतीय संस्कृति को बनाए रखने में योगदान दिया है। यह जरूरी है कि हम हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। युवा वर्ग के कन्धों पर ही यह जिम्मेदारी है। आज का युवावर्ग पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर अपनी मूल भारतीय संस्कृति से विमुख होता जा रहा है जो गंभीर चिंता की बात है। भारत ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर की बदौलत ही विश्व में अपनी एक अलग पहचान बना रखी है। इस पहचान को बनाए रखने की जिम्मेदारी युवा वर्ग की है। देश के युवा बेशक इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में आगे बढ़ें, लेकिन अपनी संस्कृति को हमेशा जिंदा रखें। भारतीय संस्कृति विश्व की सभी संस्कृतियों में सर्वश्रेष्ठ है। यहां पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों, धरती-जल को भी देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण, पोर्नसाइट के मकडज़ाल, वेब सीरीज में अश्लील दृश्यों व गंदी गालियों की भरमार ने युवा वर्ग को इस प्रकार अपने जाल में फंसाया है कि वह चाहकर भी इनसे निकल नहीं पा रहा है। युवा के मन में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को लेकर एक आदर्श छवि बनी हुई है, लेकिन जब वह वास्तविकता के धरातल पर स्थितियों को बहुत बदला हुआ पाता है तो जाने-अनजाने में अपनी संस्कृति से दूर होता चला जाता है। अपनी महान संस्कृति से परिचित करवाने एवं युवा पीढ़ी को पथ प्रदर्शित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। बाल्यावस्था से ही परिवार में बच्चों को अच्छे संस्कार और मानवीय मूल्यों की शिक्षा दी जानी चाहिए। उनके अनुचित व्यवहार को नजरअंदाज न करके उन्हें समझाना चाहिए ताकि उनकी छोटी गलतियां भविष्य में अपराध का रूप न ले सकें। संदिग्ध गतिविधियों को जागरूकता और सजगता के द्वारा निरंतर हो रहे अपराधों को रोका जा सकता है। आज का युवा विदेशी संस्कृति से ज्यादा प्रभावित है। उसकी नजर में मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषा का महत्त्व नहीं है। अंग्रेजी को ज्यादा महत्त्व दिया जा रहा है। रीति-रिवाज में नई पीढ़ी को कोई दिलचस्पी नहीं है और पाश्चात्य संस्कृति हावी होती जा रही है। विडंबना यह है कि भारत की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से विमुख हो रही है, वहीं विदेशियों में भारतीय संस्कृति का सम्मान करने के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। प्रदेश में आयोजित होने वाले हर मेले और उत्सव में प्रदेश की संस्कृति की झलक मिलती है, लेकिन धीरे-धीरे इन आयोजनों पर पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेलों को तब तक अधूरा माना जाता है, जब तक कि बालीवुड का बड़ा कलाकार इनमें शिरकत न करे। इसके लिए आयोजन होने के करीब एक माह पूर्व कलाकारों से मोलभाव शुरू हो जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि बाहरी राज्यों के कलाकारों को दोगुने मानदेय पर बुला लिया जाता है, जबकि लोकल कलाकारों को बेहद कम मानदेय दिए जाते हैं। प्रदेश में मेलों के आयोजन का उद्देश्य तभी पूरा हो पाएगा जब इनके माध्यम से प्रदेश की संस्कृति और लोकगीतों व कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के सिमटने का एक बड़ा कारण यह भी है कि आयोजनों में वही घिसा-पिटा पश्चिमी मनोरंजन परोसा जाता है। यही कारण है कि आजकल मेले भीड़ तो जुटाते हैं लेकिन संस्कृति का प्रचार नहीं कर पाते। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए जरूरी है कि लोगों को अपनी संस्कृति की महत्ता के बारे में जागरूक किया जाए, खास कर युवा वर्ग को इस बारे में बताना होगा। बाहरी कलाकारों की अपेक्षा स्थानीय कलाकारों को अधिक मौका दिया जाना चाहिए। स्थानीय कलाकारों को बुनियादी सुविधाएं दी जानी चाहिए। ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि प्रदेश के लोक दल दूसरे राज्यों में जाएं और दूसरे राज्यों के कलाकार यहां आएं। संस्कृति को पर्यटन से जोड़ा जाना चाहिए।

## देश दुनीया से

# भोला राम के जीव

**यमलोक** में उस समय हाहाकार मच गया, जब आज से दो दशक पूर्व भारत सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को ख़त्म कर नई पेंशन योजना शुरू करने का ऐलान किया। यमराज की समझ में नहीं आ रहा था कि जब हरिशंकर परसाई जी के पेंशन न मिलने वाले एक 'भोला राम का जीव' से निपटने में ही उनके पसीने छूट गए थे तो आने वाले समय में उन लाखों भोला राम के जीवों से कैसे निपटेंगे जो सरकार के इस फैसले से जीते जी ही जीवों में बदल जाएंगे। जिनकी भर्ती इस निर्णय से पहले की थी, वे निश्चिंत होकर बैठे थे। पर नए भर्ती हो रहे कर्मचारियों के दिल में पुरानी पेंशन की तड़प लैला-मजनूँ के दिलों की तड़प से कहीं ज़्यादा थी। चित्रगुप्त के साथ बैठे यमराज गंभीर मंत्रणा में मगन थे। दोनों भारत के भविष्य से अधिक उन कर्मचारियों के जीवों के लिए चिंतित थे जो भोला राम के जीव की तरह उनके हाथों से फिसलने वाले थे। अगर इन भोला रामों के जीव मृत्यु लोक में ही विचरने लगे तो अनर्थ हो जाएगा। ब्रह्मा को अपनी सृष्टि के नियम बदलने होंगे। ओल्ड पेंशन स्कीम की चाह रखने वाले भोला रामों के लिए पृथ्वी लोक में काटी गई यातना के आधार पर यमलोक में स्वर्ग की सुविधाओं को अपग्रेड या नर्क की यातनाओं को डॉऊनग्रेड करना होगा। जो भोला राम ओल्ड पेंशन की चाह में उम्र भर जलते रहे होंगे, उनके कर्मों के हिसाब के लिए कोई अलग फार्मूला ईजाद करना होगा। लेकिन उससे बड़ी समस्या थी कि इन भोला रामों के जीवों को ढूढ़ेंगे कहाँ? अगर मिल भी गए तो उनकी दयनीय हालत देखकर मृत और जीवित भोला रामों में अन्तर करना असंभव होगा। ओल्ड पेंशन की चाह में भोला रामों की पहचान के लिए यमदूतों को नए सिरे से प्रशिक्षित करना होगा। सिर पर हाथ धरे बैठे यमराज और चित्रगुप्त के चिंता में डूबे होने से यमलोक नए आने वाले जीवों के कर्मों का हिसाब-किताब बंद हो चुका था। कुरसी सुरक्षित रखने के चक्कर में चित्रगुप्त ने अपने किसी जूनियर को कर्मों के लेखे-जोखे के लिए प्रशिक्षित नहीं किया था। उनके ठीहे पर न बैठने से जीवों की लाईनें लम्बी होकर शिवलोक तक पहुँचने लगी थीं। चारों ओर हाहाकार मचता देख राजऋषि नारद आदत के अनुसार प्रॉब्लम की सैटलमेंट के लिए यमलोक की ओर दौड़े। पहुँचते ही अपने चिरपरिचित अन्दाज़ में 'नारायण-नारायण' का उद्घोष करते हुए बोले, 'माहराज यह क्या अनर्थ हो रहा है। पृथ्वी और देवलोक दोनों जगहों पर त्राहि-त्राहि मची हुई है।' यमराज सिर उठाते हुए बोले, 'राजऋषि! यमलोक में आपका स्वागत है। जम्बोद्वीप में ओल्ड पेंशन स्कीम को समाप्त किए जाने से यह समस्या आन खड़ी हुई है।' 'हे देवर्षि! अब तो आप ही कुछ करें। पिछली बार भी आप ही ढूँढ़ कर लाए थे, भोला राम के जीव को।' चित्रगुप्त नारद की ओर देखते हुए बोले। नारद बोले, 'नारायण-नारायण! महराज, मुझे कहाँ मुसीबत में डाल रहे हो। मैं तो सदियों से देवों को उन राक्षसों से बचने के उपाए बताता आ रहा हूँ, जो जन्म से राक्षस थे। पर मनुष्य तो जानबूझ कर राक्षस बन रहे हैं। हर रोज़ बढ़ते स्वार्थ और भ्रष्टाचार के चलते आने वाले समय में भोला रामों के जीव राजनीतिक दलों के दफ्तरों, चुनावी घोषणापत्रों और नेताओं के घरों, गलियों-चौराहों, सरकारी सचिवालयों और कार्यालयों के गलियारों तथा धूल चाटती फाइलों में लिपटे मिलेंगे। पर ओल्ड पेंशन की चाह इतनी तीव्र होगी कि आपके दूत तो क्या आपका पाश भी उन्हें खींचने में विफल रहेगा।

> चित्रगुप्त के साथ बैठे यमराज गंभीर मंत्रणा में मगन थे। दोनों भारत के भविष्य से अधिक उन कर्मचारियों के जीवों के लिए चिंतित थे जो भोला राम के जीव की तरह उनके हाथों से फिसलने वाले थे। अगर इन भोला रामों के जीव मृत्यु लोक में ही विचरने लगे तो अनर्थ हो जाएगा। ब्रह्मा को अपनी सृष्टि के नियम बदलने होंगे। ओल्ड पेंशन स्कीम की चाह रखने वाले भोला रामों के लिए पृथ्वी लोक में काटी गई यातना के आधार पर यमलोक में स्वर्ग की सुविधाओं को अपग्रेड या नर्क की यातनाओं को डॉऊनग्रेड करना होगा। जो भोला राम ओल्ड पेंशन की चाह में उम्र भर जलते रहे होंगे, उनके कर्मों के हिसाब के लिए कोई अलग फार्मूला ईजाद करना होगा। लेकिन उससे बड़ी समस्या थी कि इन भोला रामों के जीवों को ढूढ़ेंगे कहाँ? अगर मिल भी गए तो उनकी दयनीय हालत देखकर मृत और जीवित भोला रामों में अन्तर करना असंभव होगा। ओल्ड पेंशन की चाह में भोला रामों की पहचान के लिए यमदूतों को नए सिरे से प्रशिक्षित करना होगा।

## नागरिक बोध

# भारत की हुंकार और शेरो की दहाड़ से दुनिया में भारत की बनी पहचान

**विश्व** गुरु बनने जा रहे भारत की हुंकार की परिकल्पना पूरा विश्व समुदाय कर रहा है। दुनिया मे भारत की प्रसिद्धि बढ़ी है। भारत दुनिया मे अव्वल देश बनता जा रहा है । दरअसल,शेरो की दहाड़ पूरे विश्व की हैसियत बनती जा रही है। विश्व की 75 प्रतिशत शेरो की आबादी भारत मे विधमान है।मैसूर इंटरनेशनल बिग कैट्स अलायंस की शुरुआत मोदी के हाथों हुई। पर्यावरण की दृष्टि से दुनिया मे बेहतर स्थिति भारत की है। शेरो की दहाड़ सुनने पर्यटकों की बढ़ती रुचि से पर्यावरण विभाग के आय के स्त्रोत खड़े हुए है।देश मे लगातार आंकड़ा बढ़ने से आज भारत के पास 3167 टाइगर्स की आबादी है। जिसका 75 प्रतिशत दुनिया की आबादी में हिस्सा है। मोदी ने पर्यावरण सुरक्षित रखने और डायवर्सिटी का विस्तार पर जोर देकर भारत का अपना दायित्व बताते हुए जी 20 अध्यक्षता के दौरान निरन्तर प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। अमृतकाल के दौरान विजन डॉक्युमेंट पर पचास रुपए का सिक्का जारी करने की घोषणा की गई। पर्यावरण के प्रति मोदी का लगाव और जंगली प्राणियों के संरक्षण के प्रयास को सरकार की सफलता बताई। मोदी ने उन तमाम सात प्रजाति के संरक्षण के लिए विशेष व्यवस्था का प्रावधान किया गया है।कैरिंग कैपिसिटी के लिए सरकार की मंशा साफ है। देश का विकास और अभ्यारण्य की देखरेख के चलते शेरो की आबादी बढ़ रही है। भारत मे वन्यजीवों के प्रति संवेदना और प्राणियों के संरक्षण से पर्यावरण को नई दिशा और सरंक्षण की पूरी व्यवस्था पर केंद्र सरकार की सीधी नजर है। इसके जरिये राज्य सरकार को भी निर्देश जारी किए है। कुनो नेशनल पार्क में चार सुंदर शावकों के जन्म दिया है। जिसका आयात अफ्रीका से मोदी सरंक्षण में किया गया था। अभयारण्यों के मूल्यांकन के जरिये देश मे लोगो की बढ़ती जिज्ञासा भारत की उपलब्धि है। समय समय पर बाघो के लिए सरकार संकल्पित है। सरकार ने कई देशों की सदस्यता खोलकर उत्साहवर्धन करने का प्रयास किया है।मोदी के अलग अंदाज देश दुनिया ने देखा और अनुभव किया । मोदी ने एलिफेंट कैम्प की मुलाकात कर हाथियों को भोजन और गन्ने खिलाने का आनन्द उठाया। उन्होंने देश को प्रकृति के सरंक्षण भारतीय संस्कृति का एक हिस्सा बताते हुए वन्यजीवों से प्रेम करने का संदेश दिया।

## जंगली सियार के काटने से मां-बेटा घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत के ग्राम झिरमतकोमा टोला चपरी में बुधवार को सियार के काटने से मां और बेटा घायल हो गये ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अनीता देवी 36 वर्ष पति जमुना प्रजापति,प्रिंस कुमार 12 वर्ष पिता जमुना प्रजापति दोनों घर के बाहर खड़े थे ।जहां अचानक एक जंगली सियार ने दोनों पर हमला कर दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के बाद परिजनों के सहयोग से दोनों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया । फिलहाल दोनों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## नहीं रहे पूर्व मुखिया भुवनेश्वर सिंह पंचायत में शोक की लहर

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम




पंचायत क्षेत्र के पूर्व मुखिया अब इस दुनिया में नही रहे । पलामू आरएमसीएस में इलाज के दौरान ब्रेन हेमरेज हो जाने से उनकी मौत हो गई उनकी उम्र 58 वर्ष थी। जहां उनकी मौत की खबर सुनते हैं पूरे पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई और उनके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।उनका अंतिम संस्कार कोयल नदी घाट पर किया गया। वहीं उनके अकास्मिक मौत पर उनके चाहने वालों ने दुख जाहिर की। वहीं उनके अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह वर्तमान विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह,पूर्व जिला परिषद सदस्य सह विधायक रामचंद्र सिंह की पत्नी इंदू देवी सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद पंचायत के मुखिया पति मुन्ना सिंह,उमेश तिवारी,समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने की तैयारी पूर्ण

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड मुख्यालय के कंडरका नदी के समीप जतराटांड मे 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वां जयंती समारोह धुमधाम से मनाने को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष कैलाश राम, उपाध्यक्ष रीगन कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का 132 वां जयंती धुमधाम से मनाने को लेकर सभी तैयारी पुरी कर ली गई है.डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल दिन शुक्रवार को कांडरका नदी के समीप जतराटांड मे कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा.जिसका विचार विमर्श के लिए सभी चयनित कमिटीयों को 13 अप्रैल ग्यारह बजे बारियातू आने का आग्रह किया गया है. वहीं 14 अप्रैल को प्रभातफेरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है. प्रभातफेरी सुबह 9 बजे बाजार टांड से प्रारंभ हो कर एन एच 99 होते परियोजना+2 उच्च विद्यालय तक जाएगी पुनः वापसी में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक,बस स्टैंड,फुलसु चारमुहान होते हुए सभा स्थल पहुंचेगी। अध्यक्ष राम ने क्षेत्र के सभी धर्म समुदाय के लोगों के महिला पुरुष युवक युवती व गन्य मान्य बुद्धिजीवियों को अधिक से अधिक संख्या मे आकर प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## थाना दिवस का हुआ आयोजन बारीसाखी का मामला का हुआ निष्पादन

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना दिवस का आयोजन बुधवार को थाना परिसर में किया गया। जहां अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के नेतृत्व में कार्य का शुरुआत किया गया। जहां दशरथ साव प्रथम पक्ष के द्वारा लिखित आवेदन में मुंशी शाव व अन्य सभी बारीसाखी पंचायत,गांव के लोगों के साथ आपसी जमीनी विवाद को लेकर आवेदन दिया गया।दोनों के बीच 17 डिसमिल जमीन को लेकर मामला चल रहा था।जिसका निपटारा करने के लिए आपसी सामंजस कर अमीन से बराबर बराबर नापी कर मामला सुलझाने की बात अंचलाधिकारी बताएं। एवं बटवारा को नहीं मानने पर न्यायालय जाने की बात कहीं गई।

# बालूमाथ में पुलिस संरक्षण में बढ़ा अवैध कबाड़ी बेचने वालों का मनोबल

## 600 से ज्यादा बांग्लादेशी व रोहांगीयो को बालूमाथ में लाकर धड़ल्ले से कराया जा रहा है लोहे की चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ में अभिजीत ग्रुप से लोहा चोरी कर कबाड़ी दुकान में बेचने वाले बांग्लादेशी व रोहांगीयो का मनोबल इतना बढ़ गया है कि दिनदहाड़े कबाड़ी की चोरी कर लाने वाले लोगों का अगर कोई ग्रामीण वीडियो या फोटो खींच लेता है तो धमकी देते है कि अगर कुछ करोगे तो कबाड़ी दुकानदार से कह कर तुम पर हाईवा चढ़वा देंगे।

ज्ञात हो कि एक तरफ भारत सरकार बांग्लादेशी व रोहांगीयो के लिए एनआरसी व सीसीए जैसे कानून लाई है। ताकि इसे चिन्हित कर आवश्यक करवाई की जा सके।

लेकिन कबाड़ी दुकानदार 600 से ज्यादा बांग्लादेशी व रोहांगीयो को बालूमाथ में लाकर



धड़ल्ले से लोहा चोरी कराना कई सवालों को जन्म दे रहा है।

वही लोगों में चर्चा है कि बालूमाथ के कबाड़ी दुकानदार पुलिस के सरंक्षण में इतने ज्यादा बांग्लादेशी को सरंक्षण देकर देश के लिए क्या संदेश देना चाह रहे हैं।

वही बाहर से आने वाले बांग्लादेशी प्रत्येक दिन विभिन्न सीएसपी व मिनी बैंक से 4000 से 5000 तक अवैध कमाई कर अपने घरों में पैसा भेजा करते हैं जो जांच का विषय है।

## गिद्धौर के नए थाना प्रभारी बने कन्हैया कुमार यादव, लिया पदभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के नए थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव का आगमन बुधवार की सुबह आना हुआ। जहां वर्तमान थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल से लिए जहां थाना के पुलिस अवर निरीक्षक टीकवानंद भगत, विकास सेठ सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा मंडल टंडवा ने हेमंत सोरेन का किया पुतला दहन

**राहुल कुमार सिंह@प्रभात मंत्र**

**टंडवा :** भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल में मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल के सभी नेता एवं कार्यकर्ता एकत्रित होकर, झंडा एवम् हेमंत सोरेन के पुतला के साथ टंडवा बाजार चौक होते हुए टंडवा नगर का भ्रमण किया, साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा हेमंत सोरेन मुर्दाबाद, हेमंत सोरेन चोर है, हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो जैसे गगनभेदी नारों के साथ सभी कार्यकर्ता



एक सभा के रूप में नगर भ्रमण के उपरांत एकत्रित हुए।

## शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ परीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित 9वीं बोर्ड की परीक्षा के लिए बनाए गए प्रखंड के दो परीक्षा केन्द्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय व आदर्श मध्य विद्यालय में बुधवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कक्षा 9वीं प्रथम पाली में गणित व विज्ञान एवं द्वितीय पाली में समाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा लि गई।

मुख्यालय के आदर्श मध्य विधालय परीक्षा कें द्र के केंद्राधीक्षक अनिता देवी ने बताई कि परियोजना+2 उच्च विद्यालय का सेंटर मेरे विद्यालय में दिया गया है। जहाँ दुसरे दिन बुधवार को प्रथम पाली में गणित व विज्ञान कि परिक्षा में 446 परीक्षार्थी में 10अनुपस्थित रहे वहीं द्वितीय पाली में समाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में 446 परीक्षार्थी मे 9 अनुपस्थित रहे। परियोजना +2 उच्च विद्यालय परिक्षा केंद्र के केन्द्राधीक्ष गीता कुमारी ने बताई कि मेरे विद्यालय में अपग्रेड उच्च विद्यालय गोनिया, अपग्रेड उच्च विद्यालय टोंटी,अपग्रेड उच्च विद्यालय फुलस व झारखंड बालिका अवासिय विद्यालय बारियातु के कुल 542 परीक्षार्थी में 534 उपस्थित रहे जबकि 8 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में वीक्षक संजिव कुमार, यमुनाधर मिश्र,शंभु राम, श्रवण कुमार,अल्का तिग्गा,मधु कुजुर, मो महताब, महेंद्र प्रजापति, मिथिलेश कुमार मेहता,बसंती मिंज,शर्मा राम, रामाधार राम, रामाधार प्रसाद गुप्ता सहित कई वीक्षक का सराहनीय भुमिका रहा।

## चितरपुर ग्राम में पुराना मैदान को समतलीकरण के नाम पर निकाली गई 432000 रुपये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के धाधु पंचायत के चितरपुर ग्राम में पुराना मैदान को नया समलतीकरन दिखाकर 432000 रुपये निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है ।ज्ञात हो कि एनएच 22 के किनारे चितरपुर ग्राम के समीप पिछले कई वर्षो से एक मैदान बना हुआ है इस मैदान में बराबर फुटबॉल व अन्य खेल की जाती है।

पिछले एक वर्ष पूर्व झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नगर मंदिर पूजा करने पहुंचे थे तो इसी मैदान में ही हेलीपैड बनाया गया था। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत इसी मैदान को समतलीकरण करने के नाम पर 432000 रुपये निकाल लिए गए। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 -23 में यह योजना की स्वीकृति ली गई हैं तथा योजना में मजदूरी दर 237 रुपये व वर्क कोड 17 4447 दर्शाया गया है।

इस राशि की निकासी में पंचायत सेवक रीना कुमारी ,रोजगार सेवक सुजीत सिंह व मुखिया कुमारी भागवती की मिलीभगत से राशि की बंदरबांट की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि आज तक इस मैदान में ना तो लेबर लगा है ना ही कभी समतलीकरण किया गया है यह मैदान पूर्व से ही समतल है और समतल मैदान में सिर्फ बोर्ड लगाकर पैसे की निकासी कर ली गई है।

*वही इस संबंध में पूछे जाने पर धाधु पंचायत सेवक रीना कुमारी ने बताया कि फील्ड निर्माण को लेकर ग्रामीणों के बीच कुछ विवाद हो गया था ।जिसके कारण काम को फिलहाल बंद कर दिया गया है ।योजना में अभी तक 15 से 20 हजार तक की ही निकासी हुई है । जिसमे छोटे-छोटे गड्ढो को भरा गया है ।जितना काम हुआ है उससे कम ही राशि निकासी हुआ है।

## पंचायत समिति की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/ हंटरगंज :** प्रखण्ड के ब्लॉक ऑफिस के ऑडोटोरियम हॉल में पंचायत समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख ममता कुमारी एवं संचालन बीडीओ अभिषेक पांडे के द्वारा किया गया। बैठक में पूर्व में लिए गए प्रस्ताव पर व्यापक विचार विमर्श किया गया।साथ ही बैठक में लगातार अनुपस्थित रह रहे पदाधिकारियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण का जवाब नहीं मिलने से असंतुष्ट समिति के सदस्यों ने डीसी से करवाई के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।इसके अलावा बैठक में संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा बैठक में भाग नहीं लिए जाने एवं अपने कर्मियों के भेजे जाने पर नाराजगी जताई गई। उन्हें बैठक में शामिल होना अनुचित बताया गया। इस बैठक में अवैध पत्थर उत्खनन एवं ओभर लोडिंग पत्थर की ढुलाई को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। साथ में बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के हाईवा संचालन तथा बिना लाइसेंस के चालको के द्वारा गाड़ी चलाए जाने का मामला उठाया गया। मनरेगा योजना में ली गई योजना को निरस्त करते हुए प्रखंड पंचायत समिति से अनुमोदित कराने की बात कही गई। बिजली विभाग के द्वारा क्षेत्र में उपभोक्ताओं के द्वारा फर्जी बील पर हो रही परेशानियों को लेकर सुधार करने की जरूरत पर बल दिया गया।

## विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने किया हेमंत सोरेन का पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना चौक में मंगलवार देर शाम विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन मुर्दाबाद,हिंदुओं पर अत्याचार करना बंद करो,हिंदुओं का शोषण करना बंद करो सहित कई नारे लगाए ।मौके पर बोलते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री अरुण साव ने कहा की हेमंत सोरेन की सरकार हिंदुओं के साथ अत्याचार कर रही है ।अभी हाल ही में हजारीबाग और जमशेदपुर में जो घटनाएं घटित हुई हैं ।उससे साफ प्रतीत होता है कि यह सरकार हिंदू विरोधी सरकार है।

उन्होंने कहा कि अगर हेमंत सरकार अपने कार्यकलाप में सुधार नहीं लाती है तो अगले विधानसभा चुनाव में हिंदू समाज उन्हें गद्दी से उतारने का काम करेगा ।मौके पर विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझू,प्रखंड बंजर दल संयोजक अनिल प्रजापति, जिला सह मंत्री आशिष ओझा,जिला अखाड़ा प्रमुख उपेन्द्र रंगिला, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद गुप्ता, प्रखंड सेवा प्रमुख संदीप प्रजापति, गौ रक्षा प्रमुख राजन कुमार, प्रखंड सह मंत्री संतोष कुमार, मनोज साव राजन पिंटु कुमार, जितेन्द्र साव, राकेश कुमार, ओम पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समुदायिक स्वस्थ केंद्र के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पधिकारी डॉ.नीलमणी कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सरकार द्वारा चलायें जा रहे स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वस्थ सेवाओं के बारे में एवं ग्रामीणों को कैसे जागरूक किया जाये ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीण उठा सकें इसके बारे में चर्चा किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों के उपलब्धियों के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से जानकारीयां लिया गया। साथ ही कार्यक्रम को कैसे बेहतर तरीके से आमजनों तक पहुंचाया जाये , इसको



लेकर प्रभारी चिकित्सा डॉ.नीलमणी कुमार ने बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मीयों को क?ई दिशा निर्देश भी दिया है। इस बैठक में गोल्डने कार्ड,मिशन इंद्रधनुष , कुपोषण, टीकाकरण , कोविड एवं सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में चर्चा किया गया। आज के मासिक समीक्षा बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलमणी कुमार,रूद्र वर्मन, डॉ. राजेश कुमार झा, डॉ. रूबी कुमारी,आषिश डीन,बै.एम. सुनील कुमार,बीपीएम विशाल मिश्रा, संध्या कुमारी, एएन एम शोभावती कुमारी, एएनएम ऐली संजिता कुमारी, एएनएम पूनम कुमारी, सबीता कुमारी, एएनएम संयुक्ता कुमारी, बंसती नगेशिया, कविता कुमारी, बीणा कुमारी , रीता कुमारी, एमपीडब्ल्यू सर्व पांडेय, विकेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, पप्पू कुमार, प्रमेश्वर कुशवाहा, सीएचओ बृजीट आंइद , पुनम कुमारी, सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है।सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है की जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 3 स्थित जटाधारी हनुमान मंदिर के चौक पर गत 8 अप्रैल को महावीरी झंडा के बांस में असामाजिक तत्वों के द्वारा प्रतिबंधित मांस के टुकड़ों को पॉलिथिन की पोटली बनाकर बाध दिया गया था। इस घटना के संदर्भ में हिंदु समुदाय द्वारा प्रशासन को सूचना देने पर मामला को सुला दिया गया था। और रविवार 9 अप्रैल को इस मंदिर समिति के लोग मंदिर की शुद्धिकरण कर रहे थे। इसी बीच अजमेरी खान के इफ्तार पार्टी से निकलकर जिहादी मुस्लिम समुदाय के असामाजिक तत्वों के द्वारा मंदिर को क्षति पहुंचाया गया।और हिंदुओं के दुकान व वाहन लूटे एवं जलाए गए तथा मंदिर में उपस्थित लोगों तथा घटनास्थल पर पहुंचे प्रशासन पर जमकर पत्थरबाजी किए तथा पेट्रोल बम आदि छोड़े गए। घटना के कारन लाखों की क्षति के साथ समाजिक सद्भावना पर आघात पहुंची है। इस घटना को लेकर विश्व हिंदु परिषद के कार्यकर्ताओं सहित हिंदु समुदाय के कई निर्दोष लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है।प्रशासन द्वारा गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं के संबंध में बात करने हेतु जब 10 अप्रैल को जमशेदपुर के वरीय आरक्षी अधीक्षक से विश्व हिंदू परीषद का एक प्रतिनिधी मंडल मिलने गए तो उन्होंने मिलने गये सभी कार्यकर्ताओं को वहीं गिरफ्तार करा लिए। प्रतिनिधी मंडल में गए सभी कार्यकर्ता प्रांत एवं विभाग स्तर के हैं तथा सभी निर्दोष हैं। अतः महामहिम राज्यपाल महोदय से विनम्र निवेदन है कि इस घटना की त्वरित उच्च स्तरिय जाँच / सीबीआई जांच कराने तथा निर्दोषों को न्याय दिलाने हेतु उचित आदेश देने की कृपा करें।प्रतिनिधि मंडल में जिला सहसंयोजक नीतीश यादव समेत अन्य शामिल थे।

## पत्थलगड़ा बजरंग दल ने राज्यपाल को बीडीओ के माध्यम से सौंपा ज्ञापन



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर घटना को लेकर पत्थलगड़ा बजरंग दल प्रखंड मंत्री मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में झारखंड राज्यपाल को प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया और जमसेदपुर महानगर अंतर्गत कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीय नगर बलॉक नंबर 3 स्थित जटाधारी हनुमान मंदिर के चौक पर विगत शनिवार विगत 8 अप्रैल 2023 को महावीरी झंडा के बांस में सामाजिक तत्वों के द्वारा प्रतिबंधित मांस के टुकड़ों को पॉलिथिन की पोटली बना कर बांध दिया गया था इस घटना के संदर्भ में हिंदू समुदाय द्वारा प्रशासन को सूचना देने पर मामला को सुलझा दिया गया था। लेकिन रविवार 9 अप्रैल 2023 को इस मंदिर समिति के लोग मंदिर की शुद्धीकरण कर रहे थे। इसी बीच अजमेरी खान की इफ्तार पार्टी से निकलकर जिहादी मुस्लिम असामाजिक तत्व के द्वारा मंदिर को क्षति पहुंचाए हिंदुओं की दुकान व वाहन लूटे एवं चलाएं तथा मंदिर में उपस्थित लोगों तथा घटनास्थल पर पहुंचे प्रशासन पर जमकर पत्थरबाजी की तथा पेट्रोल बम आधी छोड़ें घटना के कारण लाखों के साथ सामाजिक सद्भावना पर दरार पड़ी है इस घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं सहीत हिंदू समुदाय के कई निर्दोष लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है प्रशासन द्वारा गिरफ्तार किए गए ।

## मुखिया के मनमानी से तंग हो उप मुखिया व वार्ड सदस्यों ने जिला उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन पत्र

## मुखिया व पंचायत सचिव पर मनमानी करने का लगाया आरोप

**बिना कार्यकारिणी के बैठक किए सभी योजना गटकने का है आरोप**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के मुखिया निर्मला देवी एवं पंचायत सचिव महेश मिस्त्री पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए मुखिया मंजू देवी के साथ सभी वार्ड सदस्यों ने जिला उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड20 सूत्री अध्यक्ष को ज्ञापन पत्र सौंपा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि पंचायत में बिना कार्यकारिणी के बैठक का सभी योजना मुखिया अपने मर्जी से पंचायत में चयन कर रहे हैं। एवं बंदरबांट कर लिया जा रहा है। पंचायत में बिना वार्ड सदस्य के जानकारी का सभी योजना पारित किया जाता है। जो कमीशन देता है उसी के नाम योजना चयन किया जाता है। पंचायत में लगे जलमिनार जो सरपंच टोला में आंगनबाड़ी में लगाया गया है। वह बेकार किस्म का लगा हुआ है।



जिसका उच्च स्तरीय पदाधिकारी से जांच की मांग की गई है। पंचायत विकास के लिए14वीं वित का बचा राशि एवं 15 विं वित का राशि का वार्ड सदस्यों कि बिना जानकारी के मुखिया और पंचायत सचिव बंदरबांट कर गटक जा रहे हैं। मनरेगा योजना का अनलीगल तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। मुखिया द्वारा कंबल वितरण मनमर्जी तरीके से किया गया। कोई वार्ड सदस्य की जानकारी तक नहीं मिला। जो इस लायक नहीं थे। वैसे लोगों को कंबल दिया गया है। मुखिया के द्वारा किसी भी प्रकार के विकास को लेकर जानकारी अपने नीचे जनप्रतिनिधियों को नहीं बताते यहां तक की मिशन अंत्योदय की बैठक की जानकारी भी मुखिया ने किसी को नहीं बताया।और योजना निरीक्षण कर दिया। शिकायत करते वार्ड सदस्य प्रीति देवी, सुनीता देवी,रामदेव यादव, रंजू देवी, इंद्रजीत दांगी, मुसाफिर कुशवाहा,सुरेश प्रसाद राणा, सुषमा देवी शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुखिया ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतगर्त ग्राम डूमरडीहा मे 15वें वित्त आयोग के तहत पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास मुखिया सह जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष रीता देवी,पंचायत समिति सदस्य सूर्यमुन्नी देवी,वार्ड सदस्य हीरामुन्नी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान मुखिया रीता देवी ने बताया की 15वें वित्त आयोग के तहत पीसीसी पथ दासो मांझी घर से परगण मांझी घर तक 2 लाख 49 हजार की लागत से निर्माण की जाएगी। साथ ही मुखिया रीता ने कहा की विगत कई दिनों से ग्रामीणों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई थी सड़क नहीं रहने से राहगीरों को काफी परेशानी होती है।जिसे मुखिया ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए सड़क का शिलान्यास किया। जिससे ग्रामीणों में काफी हर्ष व्यापत है।साथ ही मुखिया ने कहा अपने पंचायत की चौमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव,पंचायत समिति प्रतिनिधि रामकृष्ण मुर्मू,शिबू मांझी,सुजान बास्के,अर्जुन बास्के,रामजी मांझी, भिखोलाल मांझी,विनोद मांझी,बालेश्वर बास्के, सीताराम बास्के,सुखदेव मांझी,महावीर मांझी,सीता राम मांझी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय पेंटिंग प्रदर्शनी में चित्रकार टिंकू की कृति का हुआ प्रदर्शन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 23 वे अंतर्राष्ट्रीय पेंटिंग प्रदर्शनी शिमला गेटी थिएटर हॉल में पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन 6 से 11 अप्रैल तक किया गया। जिसके आयोजक चारुकृत आर्ट एकेडमी के प्रत्युष बाग और टोबिओविमान के सांखा बिस्वास ने किया।इस प्रदर्शनी में यूएई, बंगलादेश, दुबई, यूक्रेन, सेरिया, स्पेन, बेनिन समेत देश के विभिन्न जगहों के कलाकार व फोटोग्राफरो ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी में झारखंड से हजारीबाग के आर्टिस्ट टिंकू, कोडरमा के मुकेश कुमार, रांची के मनीष कुमार महतो और रामगढ़ के निधि बंसल की पेंटिंग भी प्रदर्शित हुई। मुख्य अतिथि डॉ.गुलाब सिंह नरवाल के द्वारा प्रदर्शनी के अंतिम दिन सभी को मोमेंटो सर्टिफिकेट एवं कैटलॉक देकर सम्मानित किया गया।

### लैम्पस पैक्स की ट्रेनिंग के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले में लैम्पस पैक्स को सीएससी सर्विसेज की ट्रेनिंग और महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को जिला सहकारिता कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिन्हा,डीडीएम नाबार्ड प्रेम प्रकाश सिंह,सीएससी स्टेट हेड शंभू कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इस एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से लैम्पस पैक्स को सीएससी सेंटर के रूप में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, सर्विसेज की ट्रेनिंग और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। सीएससी के सदस्यों को इस कार्यक्रम के बारीकियों के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान ग्रामीण ई-स्टोर से किसी प्रोडक्ट को सर्च करने एवं आर्डर करने एवं डिलीवरी की पूरी जानकारी के विषय में बताया गया।

आधार आधारित भुगतान प्रणाली के तहत भुगतान करने की जानकारी भी दी गयी। इसके अलावे कार्यशाला में जिला स्तर पर सभी लैम्पस पैक्स को रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक डाक्यूमेंट की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में सीएससी मैनेजर, जिला लैम्प्स पैक्स के सदस्य समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## प्रबंधन दस दिनों के अंदर सकारात्मक पहल करें, नहीं तो होगा चक्का जाम : आजाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा जीएम ऑफिस गेट पर बुधवार को स्थानीय बेरोजगार युवाओं के द्वारा लोकल सेल गिद्दी सी में रोजगार, अनियमितता को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इसकी अगुवाई मोहम्मद आजाद रैन के द्वारा की गई। इससे पूर्व गिद्दी सी ट्रेकर स्टैंड से भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी जुलूस की शक्ल में महाप्रबंधक ऑफिस के समक्ष पहुंचे। प्रदर्शन के बाद प्रबंधन को एक मांग पत्र सौंपा गया। मुख्य



वक्ता आजाद रैन व अन्यो ने कहां कि करीब 1983/84 से कोलयरी गिद्दी सी में लोकल सेल में 116 दंगल बने हैं। जबकि आज तक दंगलो की पुनः निरीक्षण नहीं हुआ हैं। हाईवा लोडिंग में ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरती जा रही हैं। जबकि दूसरी ओर बेरोजगारी के कारण स्थिति बहुत भयवाह बनी हैं। क्षेत्र के युवा पलायन करने को मजबूर हैं।

इधर दंगल में उक्त कमेटियों से ठेकेदारी में रोजगार दिलाने की संभावना हैं। कुछ लोगों के दबंगई के कारण बेरोजगार युवाओं में काफी विक्षोभ हैं। मांग किया कि विभिन्न कमेटियों का पुनरीक्षण करवा बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने का काम हो। हाईवा लोडिंग में भी बेरोजगारों को रोजगार मिले। बीते आंदोलन के बाद लिफ्टरों को दी गई नोटिस के बावजूद कोई हिसाब नहीं मिला। आगाह किया कि यदि 10 दिनों के अंदर प्रबंधन स्थानीय बेरोजगार युवाओं के बारे में नहीं सोचती हैं, तो बड़े पैमाने पर आंदोलन कर कोलयरी गिद्दी सी ट्रांसपोर्टिंग ठप करने का कार्य किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी। मौके पर विक्की राईन, महेश महतो, आजाद अंसारी, राजू महतो, मायकल महतो, गोविंद राम, राजेश राम, तबारक अंसारी, सीताराम महतो, अजय मुंडा, वाहिद, उमेश भुईयां, कमलनाथ बेदिया, कारीनाथ बेदिया, मेघानी देवी, ललिता देवी, निकिता देवी, बिनीता देवी, अलीमा देवी, सुशीला देवी, मालती देवी, लीला देवी, शंकर मुंडा, लालेश्वर महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिप सदस्य सुनीता देवी ने गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के महुगाई कला के गुहिया पोखर में गार्डवाल निर्माण का शिलान्यास बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी ने किया। विधिवत पूजा पाठ कर के नारियल फोड़ कर कार्य का शिलान्यास किया गया। नौ लाख साठ हजार की लागत से गार्डवाल का निर्माण कार्य करवाया जाएगा।

मौके पर जिप सदस्य ने कहा के छेत्र के चहुमुखी विकास के लिए मैं तत्पर हूं। उन्होंने से संवेदक से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से पंसस सुनिता देवी, पंचम कुमार, ननकु रविदास, गिरधारी साव, गणेश साव, नरेश साव, बसंत राम, मदन राम, बलदेव राम, जयंती देवी, कोलिया देवी, राधा देवी, आशा देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## हत्या कर दुर्घटना साबित करने की साजिश रची गई : डॉ. आरसी मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लुंदरू महावीर कुशवाहा की हत्या कर शव सबको बाउंड्री के अंदर फेंक कर उस पर मोटरसाइकिल लादना जघनय अपराध है आज महावीर कुशवाहा सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या टाटीझरिया प्रखंड के खैरा गांव में किया गया। अपराधियों द्वारा उनकी हत्या कर रोड से दूर एवं बाउंड्री के अंदर शव के ऊपर मोटरसाइकिल लादकर दुर्घटना साबित करने का साजिश रच आ गया। महावीर कुशवाहा एक स्वच्छ छवि के आदमी थे टाटीझरिया थाना प्रभारी ने पूछताछ हेतु कुछ लोगों को हिरासत में लिया है हमें लगता है जो बाद में खानापूर्ति मैं परिणत हो जाएगा।आज तक हजारीबाग के दर्जनों हत्या अपहरण एवं वारदातों का कोई खुलासा नहीं हुआ है झारखंड सरकार को हजारीबाग के कानून व्यवस्था पर संज्ञान लेने की जरूरत है। सुजीत देव हत्या कांड का कोई खुलासा नहीं हुआ है देवकली हत्याकांड का आज तक खुलासा नहीं हुआ। हत्यारे अपराधी बेधड़क घूम रहे हैं परंतु बालू का ठेका नही होने के कारण अनेकों गाड़ियों को अवैध बताकर पकड़ने में हजारीबाग जिला प्रशासन व्यस्त है जब किसी अवैध बालू से सभी सरकारी एवं गैर सरकारी निर्माण का कार्य हो रहा है।जिस सड़क के किनारे यह हत्या हुई है जो दिन-रात चलने वाला व्यस्त आवाजाही वाला सड़क है इसी सड़क से बरकट्ठा भाया इचाक हजारों गाड़ियां का आवाजाही होता है अपराध को देखते हुए अब आवाजाही कम हो सकता है। यह बातें कांग्रेस पार्टी के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आर सी मेहता ने घटनास्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा। पूर्व विधायक श्री जानकी यादव ने इस घटना का निंदा करते हुए कहा कि पुलिस निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें यह दुर्घटना नहीं हत्या है महावीर कुशवाहा के बड़े पुत्र खगेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मेरे पिता का हत्या किया गया है प्रशासन एवं सरकार से मांग करता हूं हमें उचित न्याय मिले एवं हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। घटनास्थल पर हजारों लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा सैकड़ों महिलाएं बेटियां का रुदन देखकर दिल ढल गया।घटना एवं शोक सभा में मुख्य

## गोबरदरहा मण्डा पूजा 4 मई को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नं 27 गोबरदरहा के ग्रामीणों की मन्दिर परिसर में एक बैठक रखी गई। जिसमें मण्डा पूजा को भव्य रूप से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष पूरे मन्दिर परिसर को रंग रोगन के साथ आकर्षक विधुत से सजाया जाएगा एवं बंगाल एवं पुरुलिया के छः नृत्य के कलाकारों द्वारा 4 मई की रात्री में देवी देवताओं पर अधारित कला दिखाया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं उद्घघाटन



कर्ता रामगढ के विधायक सुनीता चौधरी होंगे। सर्व सहमती से कमेटी गठन किया गया अध्यक्ष चन्द्रशेखर महतो,सचिव निरंजन कुमार, कोषाध्यक्ष गणेश महतो को बनाया गया। मौके पर कुंवर महतो राजेन्द्र महतो, बिनोद महतो, कैलाश महतो,सजंय महतो,मनोज कुमार महतो,धनेश्वर महतो, कुंजलाल महतो, पुरुषोत्तम कुमार,पवन कुमार, अरुण महतो,अनिल कुमार, लालदेव कुमार, देवेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, उमेश महतो,विकास कुमार, रुदलाल महतो, रितिक कुमार,सुन्दन कुमार, संदीप कुमार,उमाचरण महतो,आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना के विरोध में ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम गोंदलपुरा में ग्रामीणों के द्वारा गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना के विरोध में सतत धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। कड़क धूप और चिलचिलाती गर्मी में गोंदलपुरा, गाली, बलोदर, हाहे गांव के सैंकड़ों महिला पुरुष अपनी जमीन को बचाने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों के द्वारा धरना प्रदर्शन की जानकारी हजारीबाग अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित रूप से दी गई है। ग्रामीणों का कहना है के कई बार गोंदलपुर कोल खनन परियोजना के लिए होने वाले ग्राम सभा और आम सभा को ग्रामीणों के द्वारा भरपूर विरोध के कारण रद्द किया गया है। अब कंपनी के लोग स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ गांव में प्रवेश करते हैं।



कंपनी के लोग अपने समर्थकों के माध्यम से ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने का धमकी देते हैं। इन सब चीजो से तंग आ कर ग्रामसभा के द्वारा ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने कहा के शांतिपूर्ण रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जब तक पूरी तरह से गोंदलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द नहीं हो जाता है तब तक धरना प्रदर्शन करते रहेंगे।

# मेरी रिहाई रामगढ़ की जनता की जीत है: ममता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बहुचर्चित गोला गोलीकांड में हाईकोर्ट से बेल मिलने के बाद हजारीबाग जेल से निकलने के बाद रामगढ़ की पूर्व कांग्रेस विधायक ममता देवी न्याय यात्रा के साथ बुधवार को पटेल चौक पहुंची। यहां पर उनका कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। न्याय यात्रा में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुई । मौके पर पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि रामगढ़ में लोकतंत्र को पैसे के बल पर खरीदा गया है । मैं रामगढ़ की जनता के लिए पहले भी तत्पर थी और आगे भी मैं तत्पर रहूंगी। उन्होंने कहा कि जनता ही हमारी प्राथमिकता है। वहीं, विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि



आज रामगढ़ के लिए खुशी का दिन है कि हम सबों के बीच पूर्व विधायक ममता देवी वापस आ गई हैं । उन्होंने कहा कि ममता देवी हमेशा लोगों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करती रही हैं। कहा कि लोगों के हित में संघर्ष की उनकी पहचान है। इसके बाद एक सुसज्जित खुली जीप पर पूर्व विधायक ममता देवी और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद सवार हुई और न्याय यात्रा समर्थकों के काफि ले के साथ आगे बढ़ी। इस क्रम में दोनो ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र की प्रतिमा पर दोनो ने माल्यार्पण किया। यहां से अंबा प्रसाद अपने गंतव्य की ओर चली गई। जबकि ममता देवी की न्याय यात्रा जारी रही। इस दौरान उन्होंने अंबेडकर पार्क स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा व गांधी चौक स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया है।

ममता देवी की न्याय यात्रा गोला के बारियातु पहुंचकर संपन्न हुई। जहां ममता देवी ने सभा को संबोधित किया। बुधवार को जब पूर्व विधायक ममता देवी की न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए बड़कागांव विधायक ममता देवी टायरमोड़ पहुची और ममता देवी का बुके देकर स्वागत किया। उस दौरान ममता देवी अंबा प्रसाद के गले लगकर रो उठीं। जिससे माहौल पूरी तरह से भावुक हो गया। ममता देवी अपने कार्यकर्ताओं से भी मिलकर रो पड़ी।

## सामाजिक न्याय मार्च जनता की हक की लड़ाई का आगाज : रोशनलाल चौधरी

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड आजसू पार्टी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सामाजिक न्याय मार्च कार्यक्रम में प्रखंड के सैंकड़ों आजसू पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे ढ्ढ जिसमें पार्टी प्रखंड कमिटी के मूल इकाई, अनुषंगी इकाई एवं सभी स्तर के पदाधिकारी और सम्मानित कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे ढ्ढ कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा की सामाजिक न्याय मार्च आमजनता की हक की लड़ाई की आवाज है ढ्ढ वर्तमान राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आमजनता में उबाल है ढ्ढ मौके पर केंद्रीय सचिव विजय साहु,प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो,राजू कुमार,नित्यानंद कुमार, अशोक पाठक,विश्वरंजन सिन्हा, ब्रजेश सिंह,लालू महतो,उज्ज्वल कुमार सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## दो बाइको की भिड़ंत, एक की मौत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोनार होटल के समीप गोमियाँ -विष्णुगढ़ मुख्य मार्ग पर बुधवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने के जबरदस्त भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई।मृतक की पहचान 46 वर्षीय विजय महतो पिता मंगर महतो बोकारो जिला कंजकीरों के बखरी टोला निवासी के रूप में की गई है। जिससे आनन फानन इलाज हेतु विष्णुगढ़ हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा मृत घोषित किया गया। मृतक विजय महतो पेशे से किराना दुकान के व्यापारी था और मंगलवार को अपने बहन के घर विष्णुगढ़ गोविंदपुर गया था। बुधवार दोपहर अपने बहन के घर से महुआ लेकर कंजकीरों अपने घर लौट रहा था इसी बीच विपरीत दिशा और तेज रफ्तार से आ रही बाइक से भीषण टक्कर हो गई। जिससे मृतक के माथे और नाक पर गहरे चोटे आई और उसकी मौत हो गई।लोगो ने बताया कि शायद मृतक हेलमेट पहने रहता तो उसको मौत नही होती।इसकी सूचना पाकर विष्णुगढ़ पुलिस घटनास्थल पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जप्त में लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार सुबह हजारीबाग सदर भेजा जाएगा।

## योजना के शिलापट्ट में सभी स्थानीय एवं पंचायत प्रतिनिधियों का नाम अंकित किया जाए : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद ने जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत चलने वाले विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन में स्थानीय व पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष आमंत्रण प्रदान करने तथा योजना के शिलापट्ट में सभी स्थानीय एवं पंचायत प्रतिनिधियों का नाम अंकित करवाने की मांग की है और इस संदर्भ में उन्होंने जिला उपायुक्त को पत्र भी लिखा है। इस संबंध में उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिले में विभिन्न विभागों के द्वारा कई विकास योजनाएं क्रियान्वित हो रही है तथा योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की काफी शिकायतें प्राप्त होते रहती है। ज्ञातव्य हो कि विकास योजनाओं को



धरातल पर उतारने एवं उसके सफल क्रियान्वयन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों यथा जिला परिषद सदस्य,प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत कई अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है तथा काफी प्रयासों के पश्चात योजना धरातल पर उतरती है। वर्तमान में योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण नहीं देने एवं योजना के शिलापट्ट में उनका नाम भी अंकित नहीं रहता है जो कतई न्याय संगत नहीं है।

विधायक ने इस संदर्भ में हजारीबाग डीसी से मांग की है कि जिला प्रशासन एक स्पष्ट दिशा निर्देश सभी विभागों एजेंसियों को देते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों के उचित मान-सम्मान को ध्यान में रखते हुए जिले में हो रहे विकास कार्यों के उपलक्ष्य में आयोजित उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह में विशेष आमंत्रण देने तथा शिलापट्ट में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम अंकित करने व पूर्व में लगे हुए सभी शिलापट्टों में सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम अंकित करवाया जाए।

## धार्मिक अनुष्ठान से मन को मिलती शांति व बढ़ता है धर्म के प्रति आस्था : सांसद चंद्रप्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** श्री श्री 1008 रुद्र प्राण प्रतिष्ठा मद्गहायज्ञ सह पंचदिवसिय मानस पाठ दुलमी प्रखंड के गांव बोंगासोरी में आयोजित की गई जिसके मुख्य गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसे अतिथि के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया गया। इस मौके पर सांसद चौधरी के द्वारा यज्ञ स्थल पर नवनिर्मित नए मंदिर के चारों ओर परिक्रमा करते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान के भक्ति करते हैं तो उनकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है भोलेशंकर का आशिर्वाद लेते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर यज्ञ जैसे अनुष्ठान का आयोजन होने से लोगों में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ती है और



गांव में सुख समृद्धि और शांति मिलती है की क्षेत्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन होने से हद हजारों महिला पुरुष अनुयाई को अपने जीवन सुखमय भरा हो इसकी जानकारी धार्मिक विद्वानों के प्रवचन द्वारा प्राप्त होता है इस अवसर पर सांसद ने यज्ञ आयोजन समिति के लोगों को आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। देर रात यज्ञ में शामिल प्रवचन करता धर्मगुरु आचार्य हेमंत दुबे के द्वारा रात भर लोग प्रवचन और धार्मिक और भक्ति जागरण का आंनद लेते हुए झूमते रहे। इस शुभअवसर पर साथ मे रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, होन्हे पंचायत के मुखिया राजू मेहता, यज्ञ समिति के अध्यक्ष बैजनाथ ओहदार, सचिव गजेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष गोपाल महतो, उपाध्यक्ष प्रकाश रंजन महतो, होन्हे पंचायत समिति सदस्य सुमन देवी सिकनी पूर्व उप मुखिया किलश महतो, प्रखंड प्रवक्ता छोटेलाल महतो, सीडी महतो, मिडिया प्रभारी राजेन्द्र उर्फ रमन पटेल, आजसू नेता प्रशांत महतो, पवन चौधरी, बहादुर महतो, सुधीर महतो, सहित यज्ञ समिति के सभी सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## वैष्णवी लेबर एंड वेलफेयर एसोसिएशन के मजदूरों ने रजरप्पा में ट्रांसपोर्ट को किया बाधित

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वैष्णवी लेबर एंड वेलफेयर एसोसिएशन के? सैकड़ों मजदूर ग्रामीण रजरप्पा प्रोजेक्ट के आर ओ एम / सैलरी/ रिजेक्ट कोयले की हैंड लोडिंग की मांग को लेकर बुधवार को सीसीएल रजरप्पा के बाईपास सड़क से जाने वाले कोयला ट्रांसपोर्टिंग ट्रक को रोककर अपना प्रदर्शन बिरसा मुंडा फाटक चौक में किया। उन्होंने कहा यदि प्रबंधन हम लोगों को रोजगार नहीं देती है तो हम इसी तरह सीसीएल के प्रोडक्शन और डिस्पैच पर रोक लगा देंगे। माननीय मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद महाप्रबंधक पी एन यादव और एस के गोस्वामी हमारी मांगों को दरकिनार कर रहे हैं।अपने लाभ के लिए पेश्च लोडर से कोयले का लोडिंग करवा रहे है। 1 वर्ष से अधिक हो गया है हम लोगों को आंदोलन करते हुए लेकिन प्रबंधन सिर्फ धोखा दे रही है। हमारा संगठन सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सहकारी समिति हैं।इसके बावजूद प्रबंधन नजर अंदाज कर रही है।आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर उपस्थित अध्यक्ष-प्रेमचंद सोरेन, सचिव- राजू मुंडा, कार्यकरनी अध्यक्ष - विमला देवी , उपाध्यक्ष- अर्जुन महतो, मनीषा देवी, शीला कुमारी देवी, रीनादेवी, राजेंद्र मरांडी, बिना देवी, सुनीता पासवान लखन मांझी, ममता देवी और सविता देवी और ममता देवी, सविता देवी, चिना देवी, अजीत करमाली उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## 22 अप्रैल को मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जयंती, कृषि मंत्री होंगे शामिल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को लाडू गोपाल तिवारी के नेतृत्व में धारकिरो, लेवाटाड एवं रथटाड़ में सम्पूर्ण विप्र समाज, ब्राह्मण कल्याण मंच, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। तत्पश्चात धारकिरो मंदिर प्रांगण में ग्रामिणों ने एक बैठक सम्पन्न की। ज्ञात हो आगामी 22 अप्रैल शनिवार के दिन कतरासगढ़ के डीएवी पब्लिक स्कूल+2 में भगवान परशुराम का जयंती भव्यता से मनाया जायगा। सुबह 8 बजे कतरासगढ़ नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर से थाना मोड़ होते हुए डीएवी स्कूल+2 तक एक मोटरसाइकिल जूलुस निकलेगी और भगवान परशुराम की पूजा अर्चना वैदिक रीति-रिवाज के साथ विद्वान आचार्य पंडितों के द्वारा किया जायगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथिगण श्रद्धालुओं को सम्बोधित करेंगे। उसके पश्चात प्रसाद ग्रहण किया जायगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, विशिष्ठ अतिथि ओजस्वी वाणी के मालिक यदुनाथ पाण्डेय, झारखण्ड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, जेएमएम के नेता विनोद कुमार पाण्डेय, जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, झारखण्ड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री के सचिव राजेन्द्र तिवारी आदि के साथ और भी अतिथियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है।



## उपायुक्त ने उद्घाटन किया मिजिल्स रूबेला अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में बुधवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कार्मेल स्कूल, जी.डी बगड़िया से मिजिल्स रुबेला अभियान का उद्घाटन किया। एक माह तक चलने वाले इस अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। मौके पर उपायुक्त ने मीडिया कर्मियों व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मिजिल्स रुबेला एक जानलेवा बीमारी है। वैक्सीन से ही खसरा और रुबेला को नियंत्रित किया जा सकता है। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शुरु हुए इस महाअभियान के तहत खसरा के संक्रमण से बच्चों को बचाने के लिए मिजिल्स-रुबेला का टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों में मीजल्स रूबेला के टीकाकरण के लिए उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मिजिल्स रूबेला का टीका पूरी तरह सुरक्षित है। यह बच्चों को रूबेला जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने का काम करेगा। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी से मिजिल्स रूबेला का टीका लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में हमें सभी का सहयोग मिल रहा है। सभी के सहयोग एवं समन्वय से मिजिल्स रूबेला जैसी खतरनाक बीमारी से बच्चों को बचाने में कामयाब होंगे। उपायुक्त ने लोगों से अपील किया कि सभी लोग अपने नौ माह से पंद्रह वर्ष तक के बच्चों को एमआर का टीका जरूर लगवाएँ। ये पूरी तरह सुरक्षित है। पहले भी ये टीका बच्चों को लगता आया है। मिजिल्स रुबेला तेज़ी से फैल रहा है, इसके लिए सभी बच्चे जो पहले से ये टीका ले चुके हैं या टीका नहीं लिए है सभी को एमआर से सुरक्षा के लिए टीका दिया जाना है।



## ईद-उल-फितर को लेकर शांति समिति की बैठक



**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह थाना में आज ईद उल फितर को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गयी बैठक की अध्यक्षता मनियांडीह थाना प्रभारी अशफ़ाक आलम ने किया। प्राप्त समाचार के अनुसार आज बुधवार को क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक हुई जिसमें सभी लोगों से ईद उल फितर जैसे पर्व को शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया मौके पर मंछियारा मुखिया प्रतिनिधि बुधन हेंब्रम, महेंद्र सिंह चौधरी, कन्हाई दां,किसन दां,मनियांडीह थाना के ए एस आई राजु मांझी,परेश सेन, कृष्णा कन्हाई दां, रामबाबू सिंह,अनाउल अंसारी, समाजसेवी नवीन चन्द्र सिंह, मुख्तार अंसारी आदि के अलावा कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में हुई गोलीबारी से एक की मौत, एक गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिले के बरवाअड्डा थाना में बुधवार की दोपहर जमीन विवाद में फायरिंग होने की सूचना है। जिसमें 2 लोगों को गोली लगने की बात सामने आ रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आनन-फानन में शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम राजकुमार बताया जाता है। वही बरवाअड्डा पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। स्थानीय लोगों की माने तो बुधवार को एक जमीन विवाद के दौरान दो पक्षों में झड़प हुई। जिसमें गोलीबारी की घटना घटी। जिसके बाद मौके पर मौजूद 1 को गोली लगने की बात सामने आई है। एक घायल की अस्पताल आने के क्रम में मौत हो गई। वहीं 1 गंभीर बताया जा रहा हैं।

## कॉपी किताब के गोदाम में लगी भीषण आग कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया काबू

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिले के राजपुरा स्थित कॉपी और किताब के एक प्रिंटिंग प्रेस और उसके गोदाम में आग लग गई. इससे आर्यन इंडस्ट्रीज नाम के प्रिंटिंग प्रेस सह गोदाम को लाखों का नुकसान हुआ है. कई मशीनों के पार्ट्स जल गए हैं, तो लाखों के कॉपी किताब भी जलकर राख हो गए. घटना की जानकारी मिलने के बाद इंडस्ट्रीज के मालिक विजय सिंह मौके पर पहुंचे. बताया कि उनके आर्यन इंडस्ट्रीज नाम के प्रतिष्ठान में कॉपियां बनती हैं और किताबों की प्रिंटिंग की जाती है. बुधवार की सुबह अचानक प्रेस सह गोदाम से धुआं निकलने लगा. मैनेजर ने इसकी सूचना उन्हें दी. इसके बाद दमकल को सूचित किया गया. दमकल की टीम पहुंची और लगभग 45 मिनट तक कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया गया. उन्होंने बताया कि बनी हुई कॉपियां, प्रिंटेड किताब के साथ रॉ मेटेरियल जलकर राख हो गए. आग से मशीनों को भी खासा नुकसान हुआ है. उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शॉट सर्किट है. लगभग एक करोड़ का नुकसान है।



## कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह मे कई बड़े नेता पहुंचे धनबाद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कांग्रेस का धनबाद में आयोजित जय भारत सत्याग्रह की शुरुआत लुबी सर्कुलर रोड कांग्रेस के पुराने कार्यालय के समक्ष की गई। झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्याग्रह में शामिल हुए। राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म किए जाने के विरोध में तथा मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ सत्याग्रह किया गया। प्रदेश प्रभारी ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गलत तरीके से राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किया गया। सरकार की अलोकतांत्रिक हुआ तानाशाही के खिलाफ जय भारत सत्याग्रह का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है।

## बगोदर थाना की पुलिस वाहन पलटी, पुलिस अधिकारी समेत कैदी घायल, दो की स्थिति चिंताजनक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरिया :** बुधवार की शाम लगभग 4:00 सरिया बागोडीह पथ स्थित सिंगदाहा गौशाला मैदान के समीप बगोदर थाना की पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई.जिसमें कैदी सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए.जिसमें दो की स्थिति चिंताजनक है.जिसे बेहतर इलाज हेतु धनबाद भेजने की तैयारी की जा रही थी.घायलों में बगोदर थाना के एएसआई रोहित कुमार दांगी,जैप के जवान प्रशांत कुमार,चौकीदार विजय महतो तथा कैदी मोहम्मद अब्दुल बारिक अंसारी के नाम शामिल हैं.वहीं गाड़ी के चालक अजीत महतो मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं.घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बगोदर थाना के कांड संख्या 56/23 एसटी-एससी एक्ट के आरोपी को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा पूछताछ के बाद अग्रिम कार्रवाई हेतु न्यायिक दंडाधिकारी गिरिडीह प्रस्तुत करने के लिए ले जाया जा रहा था.इसी बीच प्राप्त सूचना के अनुसार सिंगदाहा गौशाला मैदान के समीप बगोदर पुलिस का कैदी ले जाया जा रहा जिप्सी वाहन जेएच 01ए वाई 4415 का एक्सल टूट जाने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराकर पलट गई. स्थानीय लोगों के अनुसार यह संयोग ही माने कि जिस वक्त यह हादसा हुआ उससे महज कुछ दूरी पर ही पेड़ के समीप दो वृद्ध महिला भी बैठी हुई थी.गाड़ी की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई.घटना की सूचना पाकर सरिया मध्य जिप सदस्य अनूप कुमार पांडेय घटनास्थल पर पहुंचे.सभी घायलों को देवकी अस्पताल में इलाज हेतु पहुंचाया. वहीं इसकी सूचना प्रशासनिक पदाधिकारियों को दी गई.सूचना पाकर एसडीपीओ नौशाद आलम अंचल पुलिस निरीक्षक नवीन कुमार सिंह,बगोदर थाना प्रभारी नीतीश कुमार,सरिया थाना प्रभारी संतोष कुमार मौर्य सहित कई पुलिस के जवान अस्पताल पहुंचे.स्थिति का जायजा लिया.घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों को भी इसकी सूचना दी गई।

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को सीमेंटेड टीन शेड व पानी टंकी का किया गया वितरण

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के तिसरो में 7 वीं बटालियन द्वारा बुधवार को कमाण्डेन्ट कपिंग गिल के निर्देश पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत तिसरो, गन्साडीह, टिकुलिया, निहालपुर, करनपुरा, हरहरा, सकसकिया आदि गावों के ग्रामीणों से मुलाक़ात की गयी साथ ही उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की गयी। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 25-30 ग्रामीणों को सीमेंटेड टीन शेड एवं पानी की टंकी का वितरण किया गया एवं ग्रामीणों को यह विश्वास दिलाया गया की लोगो की सुरक्षा के लिए 7 वीं बटालियन के0रि0पु0बल सदैव तत्पर है। कार्यक्रम के समापन पर कंपनी कमाण्डर निरीक्षक/जीडी पी. एफ. नेपुनी ने नक्सल विचारधारा से ग्रसित लोगों से मुख्य धारा में जुडने हेतु आवाहन किया तथा अस्वाशन दिया कि 7 वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगातार इस प्रकार का आयोजन भविष्य में भी किया जायेगा।




## डीडीसी ने किया कार्मेल स्कूल में एमआर अभियान का शुभारंभ

## जीवन रक्षक है मिजल्स रूबेला वैक्सीन : डीडीसी

- 9 माह से 15 वर्ष तक के आठ लाख से अधिक बच्चों को वैक्सीन देने का लक्ष्य।
- अभियान के दौरान सभी बच्चों को टीका लगवाने की जिला प्रशासन ने की अपील।
- मीजल्स रूबेला जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज मीजल्स रूबेला (एमआर) अभियान का झारुडीह स्थित कार्मेल स्कूल से शुभारंभ किया। अभियान का शुभारंभ करने के बाद उप विकास आयुक्त ने कहा कि मीजल्स रूबेला का टीका जीवन रक्षक है। सरकार चाहती है की हर बच्चा स्वस्थ रहे। परंतु जानकारी एवं जागरूकता के अभाव में कई बच्चे वैक्सीन लेने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने वैक्सीन लेने वाले बच्चों से अनुरोध किया कि वे अपने आसपास और पास पड़ोस के बच्चों को भी वैक्सीन लेने के लिए जागरूक करें और इस महाअभियान का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि यह अभियान आज से लेकर 5 सप्ताह तक चलेगा। प्रत्येक स्कूल, आंगनबाड़ी सहित 5000 साइट्स वैक्सीन के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए हैं। वैक्सीन डोर टू डोर नहीं लगाया जाएगा। इसमें 9 महीने से लेकर 15 साल तक के जिले के लगभग आठ लाख से अधिक बच्चों का टीकाकरण निर्धारित है।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने कहा अगर किसी बच्चे ने पहले भी टीका लिया है तो भी उसे टीका दिया जाएगा। कहा खसरा रोग के सफाया तथा रूबेला को नियंत्रित करने के लिए बच्चों को यह टीका दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही बताया कि खसरा एक जानलेवा रोग है। यह वायरस द्वारा फैलता है। इसके कारण बच्चों में दिव्यांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है। वहीं रूबैला भी एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं।



## ईद-उल-फितर को लेकर भाटडीह ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के भाटडीह ओपी परिसर में ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक में क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, पत्रकार,सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में भाटडीह ओपी प्रभारी बीरेंद्र कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में कोई भी पर्व त्यौहार होता है सभी मिला जुल कर मानते हैं जबकि यह एक मिशाल है। सभी से अपील करते हुए कहा कि ईद हम सभी मिल जुल कर मनाएंगे। अफवाह पर ध्यान न दे। कोई भी परेशानी हो सीधे आप हमसे संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर ओपी पुलिस के अलावा उमेश तुरी, भागीरथ , बदुरुद्दी, दीपनारायण शर्मा, कमल महतो दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## शार्ट सर्किट में झुलसे बच्चे का इलाज के दौरान मौत



फाइल फोटो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** शॉट सर्किट के कारण झुलसा बच्चा जीवन युद्ध में आज 17 वें दिन हार गया, जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया. आपको बता दें कि प्रखण्ड मुख्यालय के नजदीक पलौंजिया बाजार स्थित फल दुकान में बीते 27 मार्च को अचानक 11 हज़ार वोल्टेज तार में शॉर्ट सर्किट होने से दो माँ-बेटी झुलस गया था, जिसकी पहचान पलौंजिया निवासी 32 वर्षीय द्रौपदी देवी तथा 2 वर्षीय आयुष कुमार किया गया था. घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी में उपचार के बाद दोनों को बाहर रेफर कर दिया गया था. आनन-फानन में दोनों को धनबाद के असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा 1 सप्ताह बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई थी. 4 दिनों बाद नवजात की हालत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद पुनः उसे रांची स्थित रानी चिल्ड्रेन होस्पिटल में भर्ती कराया गया था. जहाँ 6 दिनों तक उपचार चलने के बावजूद स्थिति में सुधार नही हुई अंततः बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गया. परिजनों ने जानकारी देते हुए कहा कि दोनों माँ-बेटे के झुलसने से अब तक लगभग 6 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और झुलसी महिला में डॉ के अनुसार अब भी 6 लाख रुपये खर्च होंगे।

## विद्यालय में नामांकन के लिए गलत ढंग से सूची तैयार करने का आरोप, उपायुक्त को लिखा पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झामुमो नेता मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने शिक्षा विभाग पर निश्शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय में नामांकन के लिए गलत ढंग से सूची तैयार करने का आरोप लगाया है। उन्होने पुनः आवेदन जांच करने की मांग को लेकर धनबाद उपायुक्त को आग्रह पत्र दिया है।

सद्दाम हुसैन ने बताया कि सत्र 2023-24 में निश्शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 के तहत प्रवेश कक्षा में अभीवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को नामांकन के लिए जो सूची तैयार की गई है उसमें अनेक प्रकार की त्रुटियां हैं। आरोप लगाते हुए कहा है की जिस किसी की विद्यालय से निवास स्थान की दूरी कम होगी उसे पहले प्राथमिकता मिलनी थी परंतु विभाग ने ऐसा नहीं किया। शिक्षा विभाग की तरफ से किसी भी कर्मचारी ने आकर बच्चों के घरों की दूरी देखी ही नहीं और स्वयं अपनी मर्जी से ही दूरी तय करके सूची जारी कर दिया गया। आगे कहा की पहले लॉटरी के माध्यम से बच्चों को चयन किया जाता था परंतु इस साल लॉटरी का सिस्टम खत्म करके ना जाने किस प्रकार से नामांकन सूची तैयार किया गया है। गलत ढंग से सुचि तय्यार करना आखिर कहां तक उचित है। सद्दाम हुसैन ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ वो कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिसका जो अधिकार है उसे वे दिला कर ही रहेंगे।

## रहमसिया पंचायत की योजना सिमराढाब में हो रही है संचालित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत में मनरेगा योजना के साथ साथ 15 वीं वित्त योजनाओं में भी काफी गड़बड़ी बरती जा रहा है. पंचायत के पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि प्रेमचन्द प्रसाद कुशवाहा ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय मुखिया की मिलीभगत से 15वीं वित्त से कूप मरम्मती में काफी गड़बड़ी किया जा रहा है. लाभुक बरहमसिया पंचायत के नाम से कूप मरम्मती का सेंशन करवा कर सिमराढाब पंचायत के ग्राम नवादा में कूप को मरम्मती करवा रहा है. आपको बता दें कि योजना के अनुसार विजय कुमार वर्मा के जमीन पर कूप मरम्मती किया जा रहा है परन्तु यह कूप स्थल बरहमसिया पंचायत में नहीं बल्कि सिमराढाब पंचायत के ग्राम नवादा के आदर्श उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्थित कूप की मरम्मती किया जा रहा है. इस सम्बंध में जब पंचायत सेवक तुलसी राम से पुछा गया तो उन्होंने कहा कि जमीन की जांच करना राजस्व कर्मचारी का काम है हालांकि जहां तक मुझे जानकारी है वह बरहमसिया पंचयात में ही होना चाहिए. वहीं जेई राहुल गुप्ता ने बताया कि रेकड देखना मेरा काम नहीं है, यह काम मुखिया एवं पंचायत सेवक का काम है. हालांकि मुखिया के द्वारा विद्यालय में स्वयं जाकर जांच कर एमबी बुक किया गया है. अलबत्ता अब तक उक्त योजना में लाभुक के द्वारा 22 हजार की निकासी भी कर लिया गया है. आखिर मामला जो भी हो जांच का विषय है, इसके पूर्व भी इसी पंचायत के ग्राम टाटो में देवेंद्र वर्मा के जमीन पर बिहार के मजदूरों के द्वारा 60 हजार रुपये ठिक्के पर डोभा बनाये जाने का विडियो वायरल हुआ था।



## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया बरकाकाना-सोननगर रेलखंड का निरीक्षण पतरातू-सोननगर तिहरी लाईन परियोजना का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा आज 12.04.2023 को बरकाकाना-सोननगर रेलखंड का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक एवं उसके अनुरक्षण की गुणवत्ता, प्वाइंट, क्रासिंग सहित रेल संरक्षा से संबंधित अन्य बिंदुओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक ने पतरातू-सोननगर तिहरी लाईन परियोजना के जारी निर्माण कार्य के अंतर्गत हेंदेगीर-कोले के बीच पुल संख्या 77 का जायजा लिया । साथ ही उन्होंने डाल्टेनगंज-बरवाडीह के मध्य केचकी और चियांकी के बीच पुल संख्या 310 का भी गहन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण में धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, आर.वी.एन.एल. के ई.डी., एवं मुख्यालय तथा मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

## कृषि व वनोपज आधारित जीविकोपार्जन विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारिता संघ लिमिटेड द्वारा कृषि एवं वनोपज आधारित जीविकोपार्जन विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उत्सव भवन में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री विकास पालिवाल एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया।

जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि कृषक परिवारों को कृषि तथा वनोपज से जोड़कर अधिकाधिक लाभ देने के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि उपज के अलावा अन्य वनोत्पादों की बहुत सारी विविधता होती है। ये उत्पाद ग्रामीण समुदायों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि ये उनके लिए मुख्य आय स्रोत के रूप में काम करते हैं। ग्रामीण समुदायों को इन उत्पादों के लिए उचित मूल्य नहीं मिल पाता जिसके कारण उन्हें अपने जीवनस्तर में सुधार लाने का मौका नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि बिचौलियों द्वारा उनका विभिन्न स्तर पर शोषण किया जाता है। सहकारिता का उद्देश्य है ग्रामीण समुदायों को अपने उत्पादों के लिए उचित मूल्य मिल सके और उनके जीवनस्तर में सुधार आ सके। इसके अलावा, ग्रामीण समुदायों को उनके वनोत्पादों की मार्केटिंग, उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के बात भी कही।



जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम ने कहा कि कृषि से वनोपज जुड़ा हुआ है। गांवों में रहने वाले ग्रामीण अपनी आय को बढ़ाने के लिए कृषि कार्य के साथ-साथ वन उत्पादों का संग्रह कर बिक्री करते हैं। लेकिन खुदरा बिक्री के कारण उनको उचित कीमत नहीं मिलता है। ऐसे में संघ से जुड़े पैक्सों के माध्यम से वन उत्पादों या वनोपज की बिक्री करने से उनको उचित कीमत मिल सकेगी।

जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी-फल, लाह, ईमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, महुआ, करंज, हर्रे, बहेरा, रेशम आदि का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना, क्रय-विक्रय एवं वितरण की ऐसी व्यवस्था करना जिससे की सदस्यों को सर्वोत्तम लाभ मिले।

# उपायुक्त ने वन क्षेत्र के ईकोटूरिज्म को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वन क्षेत्र के इको टूरिज्म को लेकर बैठक की गई। बैठक में लावापानी जलप्रपात, धरधरिया जलप्रपात, चूल्हा पानी दामोदर के उद्गम स्थल तथा 27 नंबर ब्रिज जाने वाले पहुंच पथों की स्थिति की जानकारी ली गई। उक्त पर्यटन स्थलों के पहुंच पथ एवं दूरी का आकलन कर आवश्यक कार्य हेतु वस्तु स्थिति से अवगत कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता आई ओ को दिया गया। आज के बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार, नारायण राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## ईवीएम वज्रगृह का किया निरीक्षण



लोहरदगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज दिनांक 12.04.2023 को ईवीएम वज्रगृह (2arehouse), 72-लोहरदगा (अ0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र, लोहरदगा) का मासिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन के कर्मी, कोषागार के कर्मीगण उपस्थित थे।

## सदर प्रखंड संसाधन केंद्र का किया निरीक्षण

लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज प्रखंड संसाधन केंद्र लोहरदगा सदर का निरीक्षण किया गया। प्रखंड संसाधन केंद्र की स्थिति को देखकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से प्रखंड संसाधन केंद्र की उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली। प्रखंड संसाधन केंद्र लोहरदगा के मरम्मति का कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर नारायण राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं बीआरसी कर्मी उपस्थित थे।

# बीरु सेम्बीटोली गांव पहुंच विधायक भूषण बाड़ा ने सुनी समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा मंगलवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बीरु पंचायत के सेम्बीटोली गांव पहुंचे। मौके पर विधायक ग्रामीणों की जन समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते ही सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार में दूर कराने का भरोसा दिया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्या उनके समक्ष रखें। ग्रामीणों की समस्याओं सुनने के लिए उन्होंने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम शुरु किया है। इसके माध्यम से ग्रामीणों के घर पहुंच कर समस्या सुन रहे हैं। साथ ही समस्या दूर भी करा रहे हैं। विधायक ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं को भी आगे आने का आह्वान किया। मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी, शिशिर मिंज, बिरांजन बाड़ा, जयवंत बरला, रामकिशन सिंह, अजीत केरकेट्टा, राजेश कुमार पांडा, विजय कुमार सिंह, मुकेश कुमार पांडा, सोनू नायक, आकाश बैठा, राजकुमार बैठा, अमृत टेटे, श्रीकांत प्रसाद, सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

## जमशेदपुर घटना को लेकर विहिप ने राज्यपाल से किया उच्च स्तरीय जांच की मांग

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम विश्व हिंदू परिषद के जिला सह प्रखंड मंत्री ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप जमशेदपुर महानगर में घटी घटना से कराया अवगत। सेन्हा प्रखंड के विहिप कार्यकर्ता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंप जमशेदपुर महानगर में 8 अप्रैल को हुई घटना से अवगत कराते हुए राज्यपाल महोदय से उच्च स्तरीय जांच का मांग विश्व हिंदू परिषद के जिला सह प्रखंड मंत्री अजय सोनी ने किया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया गया। कि जमशेदपुर महानगर अंतर्गत कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर स्थित ब्लॉक नम्बर 3 में निर्मित जटाधारी हनुमान मंदिर के चौक पर विगत 8 अप्रैल को महावीरी झंडा के बांस में असमाजिक तत्वों द्वारा प्रतिबंधित मांस के टुकड़ों को पॉलीथिन की पोटली बना कर टांगा गया था। इस घटना को हिन्दू संगठन द्वारा प्रशासन को अवगत कराने पर मामला को सुलझा दिया गया। परंतु इस घटना के पीछे किस असमाजिक तत्वों का हाथ है। और इस प्रकार की घटना को आंजम दे समाजिक सौहार्द और साम्प्रदायिक को बिगाड़ने का प्रयास किया गया था। जिसके विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने को लेकर सेन्हा में विश्व हिंदू परिषद के जिला सह प्रखंड मंत्री द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंप घटना का निंदा करते हुए जांच का मांग किया गया।

## 13 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवहार न्यायालय, खूंटी परिसर में 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर आज डालसा, खूंटी के सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें एसडीओ, खूंटी, सभी बैंकों के एलडीएम, शाखा प्रबंधक, एसबीआई के शाखा प्रबंधक, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी एवं स्थाई लोक अदालत के सदस्य शामिल हुए।

मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ने न्यायिक पदाधिकारियों एवं सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वह भी अपने-अपने वादों का राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन करा सकेंगे।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय, खूंटी परिसर में आयोजित होने वाले उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत अवश्य पहुंचे और न्यायालय में लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन कराएं।

उक्त जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी मनोरंजन कुमार द्वारा देते हुए लोगों से अपील की गई हैं कि आयोजित हाने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कराएं। उन्होंने बताया कि उक्त लोक अदालत में लगभग 5,000 से अधिक मामलों के निष्पादन होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च 2023 से ही प्रीकोंशिलियेशन सेशन में आकर लोग अपने वादों का निष्पादन करा रहे हैं।

## अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चलाए गए जांच अभियान के दौरान बरकाकाना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बालू लदे हाईवा एवं एक ट्रैक्टर तथा रामगढ़ थाना क्षेत्र में दो बालू लदे ट्रैक्टरों को बिना परिवहन चालान के खनिज का परिवहन करने का दोषी पाया गया है जिसके उपरांत वाहन को जब्त कर रामगढ़ थाना को आगे की कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर एफ आई आर दर्ज किया गया। जांच दल में खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक, रामगढ़ व बरकाकाना थाना के पुलिस बल सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर के बच्चों ने अब्दुल कलाम आजाद पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री कृष्ण विद्या मंदिर, रामगढ़ के प्राइमरी कक्षा के छात्रों का परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समस्त छात्रों ने छत्तरमांडू स्थित विशाल अबुल कलाम आजाद उद्यान का अत्यंत उत्साह से भ्रमण किया। सभी बच्चों ने झूले का आनंद उठाया और वहां पर बनी कलाकृतियों को देखकर उत्साहित हुए तथा योग से संबंधित आकृति सूर्य नमस्कार योगासन को देखकर बच्चों ने सीखा कि योग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। साथ ही अन्य खेलने के चीजों का मजा लेते हुए बच्चे बहुत प्रफुल्लित नजर आए।

उक्त कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा आयोजित की गई थी विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) तथा अन्य सम्मानित सदस्यों ने विद्यालय की ओर से की गई इस प्रयास की सराहना की। विद्यालय प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी, खेल शिक्षक मनोरंजन चौधरी तथा विभिन्न वर्गों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ-साथ शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी बच्चों के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

# जनसहयोग से जल्द होगा आंदोलनकारी कल्याण कोष का गठन एवं आंदोलनकारी कॉरिडोर का निर्माण : राजू महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष राजू महतो, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, महासचिव कयूम खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जल्द आंदोलनकारी कल्याण कोष गठन और आंदोलनकारी कॉरिडोर का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा वर्षों से जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, नियोजन पेंशन, आंदोलनकारी कल्याण कोष का गठन एवं आंदोलनकारी कॉरिडोर का निर्माण सहित 11 सूत्री मांगें सरकार से करती रही, लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी है। इसलिए हमलोग आंदोलनकारी कल्याण कोष का गठन और आंदोलनकारी कॉरिडोर का निर्माण स्वयं अपने बलबूते जनसहयोग से करेंगे। उन्होंने आंदोलनकारियों के मामले में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आग्रह किया कि अविलंब आंदोलनकारियों से वार्ता कर पहचान, सम्मान एवं व्यवस्था का लाभ दें। उन्होंने कहा कि आन्दोलनकारियों की समस्याओं और मांगों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हठधर्मिता छोड़ें और जल्द से जल्द निदान करें। मुख्यमंत्री की हठधर्मिता से आंदोलनकारियों, झारखंड वासियों में तीव्र जनाक्रोश भड़क रहा है, जिससे उन्हें बड़ी कीमत चुकानी होगी। वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा चिन्हितीकरण के नाम पर लोगों को बरगला कर आर्थिक दोहन करने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सावधान रहें। उन्होंने कहा कि जो सही में आंदोलनकारी हैं उन सभी का चिन्हितीकरण होगा। इसके लिए आयोग के चेयरमैन से बात हुई है। जल्द ही जिले के किसी प्रखंड में चेयरमैन व सदस्यों का दल पहुंच कर स्थल पर ही चिन्हित करेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें। बिना किसी दबाव के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, पहचान, नियोजन, पेंशन आदि के मामले को अविलंब निष्पादित करें।

केन्द्रीय महासचिव कयूम खान ने कहा कि झारखंड राज्य बने 22 वर्ष से अधिक हो गए, लेकिन आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। चिन्हितीकरण आयोग का पुनर्गठन तो कर दी गई है, लेकिन पूर्ण रूप से पावर नहीं दी गई, जिससे हजारों आंदोलनकारियों का चिन्हितीकरण कार्य अधर पर लटका है। संबोधित करने वालों में केन्द्रीय महिला संयोजिका सीता उरांव, चैतू मुंडा, इसरार अहमद, जिला प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, दशरथ उरांव, अमर किन्डो, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान, दीपक वर्मा, जगदीश उरांव, कृष्णा ठाकुर, तरामनी मिंज, सुशीला लकड़ा आदि शामिल थे। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता अनिल कुमार भगत ने की।

## हनुमान मंदिर निर्माण कार्य में अर्थदान के साथ महिलाओं ने किया श्रमदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बदला पंचायत में भव्य हनुमान मंदिर निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने श्रमदान एवं अर्थदान कर छत ढलाई के पश्चात गुंबज निर्माण में जुटे महिलाओं ने किया श्रमदान। अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत स्थित महावीर चौक के समीप स्थानीय ग्रामीण सहित हिन्दू संगठन के सहयोग से हनुमान मंदिर निर्माण कार्य आरम्भ किया गया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा श्रमदान एवं अर्थदान से छत की ढलाई पूर्व में किया गया था। वहीं मंदिर का गुंबज निर्माण में सनातनी महिला पुरुष श्रमदान कर निर्माण में जुटे। और सुंदरीकरण को लेकर चयनित समिति एवं ग्रामीणों द्वारा तैयारी जारी है। स्थानीय ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए कहा कि हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य 20 मार्च से प्रारंभ हुआ था। जिसमे छत की ढलाई कर छोड़ दिया गया था। और गुंबज निर्माण के साथ सुंदरीकरण का कार्य रुका हुआ था। जिसे देखते हुए सभी सनातनी के सहयोग से चढ़ बढ़ कर मंदिर निर्माण कार्य मे हिस्सा लेते हुए कार्य को गति प्रदान किया। साथ ही बताते हुए कहा कि हनुमान मंदिर भव्य रूप से निर्माण में ग्रामवासियों के साथ जय श्रीराम समिति लोहरदगा के युवा वर्ग का भी सराहनीय योगदान रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण रूप से सम्पन्न होते ही विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम भी आयोजित किया जयेगा।

## कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के प्रयास से बारह लोगों को मिला इलेक्ट्रिक चाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को झारखंड कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के प्रयास से 12 लोगों को इलेक्ट्रिक चाक का वितरण कराया गया। वितरण समारोह में मुख्य रूप से जिला उद्योग केंद्र के समन्वयक आसिफ एवं रविशंकर साथ में जिला कुम्हार समिति के जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति, उपाध्यक्ष रामदेव प्रजापति, हरिनारायण प्रजापति, अक्षय प्रजापति उपस्थित थे। एवं चाक प्राप्त करने वालो में घनश्याम प्रजापति, नितेश कुमार, अमन कुमार प्रजापति, परोज प्रजापति, दिलीप प्रजापति, नीरज प्रजापति, मुकेश प्रजापति, सुनील प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, अशोक प्रजापति, हरीश प्रजापति को इलेक्ट्रिक चाक प्राप्त हुआ। चाक प्राप्त करने वाले लाभुको में काफी हर्ष है।

# आम बागवानी का कार्य प्रारम्भ करने के लिये बीपीओ ने दिया आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बीपीओ की अध्यक्षता में पंचायत सचिव व रोजगार सेवक के साथ बैठक सम्पन्न हुआ। सरकार द्वारा संचालित विकास योजना के तहत मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र में लगभग दो सौ एकड़ भूमि में बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी का कार्य को प्रारम्भ करने के लिये प्रखंड कार्यक्रम पदादिकारी निलेन्द्र कुमार के द्वारा पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा गया। कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतो में यथाशिघ्र शत प्रतिशत कार्य को चालू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि वजट के अनुसार मानव दिवस सृजन के लिये सरकार के निर्देशानुसार सेन्हा प्रखंड को स्वीकृत मिला गया है। जिसके अनुरूप मानव दिवस में कार्य देने की बात कही गई। और साथ ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के लिये मजदूरों का आधार कार्ड को बैंक खाता से लिंक करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव महिपाल उराँव, अधीश खाखा, आनन्द सिंह, सुजीत उराँव, भैया भगत, नागमनी उराँव रोजगार सेवक कृष्णा राम, देवेन्द्र कुमार, अंजू तिर्की, प्रवीण कुमार, रेखा कुमारी उपस्थित थे।

## विहिप ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा :** जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीय नगर जटाधारी हनुमान मंदिर चौक पर विगत आठ अप्रैल को असामाजिक तत्वों द्वारा महाबीर झंडा में प्रतिबंधित मांस से भरा थैला बांधे जाने के विरोध में विहिप भंडरा के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। साथ ही दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। विहिप भंडरा के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंप कहा है कि विगत आठ अप्रैल को महाबीर झंडा में प्रतिबंधित मांस का थैला लगाएं जाने के बाद नौ अप्रैल को मंदिर को शुद्धिकरण किया गया। मंदिर शुद्धिकरण के दौरान भी असमाजिक तत्वों द्वारा पत्थरबाजी की घटना को अंजाम दिया गया। तथा कई निर्दोष हिंदुओ को गिरफ्तार किया गया है। जिसे यथा-शीघ्र छोड़ने की बात कही है। मौके पर भीम नाथ शाहदेव, अमर साहू, प्रमेश महतो, राजेश कुमार, उमेश प्रजापति, रामवृक्ष साहू, आनंद दुबे, मनोज साहू सहित विहिप के लोग मौजूद थे।

## लंबित पीएम आवास के छः लाभुको पर कारवाई हेतु बीडीओ ने नोडल पदा. को किया अनुशंसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी कैरो लोहरदगा कार्यालय के 13/आ0 दिनांक 11-04-2023 के आलोक में प्रखंड के 06 लंबित पीएम आवास के लाभूको पर निलाम पत्र दायर करने के संबंध मे नोडल पदाधिकारी विधि शाखा लोहरदगा को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने पत्र अनुशंसा कर दिया है। इस संबंध मे संवाददाता को कैरो प्रविपदा0 श्री महतो ने बताया की रामदास मिंज पिता बुधु उराँव ग्राम बाघी, जोगा उराँव पिता मँगा उराँव, शनि उराँव पिता रोपा उराँव दोनो ग्राम हुद्दू, अवधेश साहू पिता फलिंद्र साहू ग्राम खरता, चन्द्रिका शाह पिता दामोदर शाह ग्राम चरिमा, एवं सत देव महली पिता बालगोविंद महली ग्राम खरता, ये सभी प्रखंड के 06 पीएम आवास के लाभुक योजना वितीय वर्ष 2020-21 व 22 मे आवास निर्माण कार्य की प्रथम किस्त भुगतान के वावजूद भी योजना निर्माण कार्य में कोई मतलब नहीं रखा।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में मिजिल्स-रूबेला वैक्सीनेशन कैंप का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में बुधवार को मिजिल्स-रूबेला वैक्सीनेशन कैंप का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर कोडरमा डीसी आदित्य रंजन मुख्य अतिथि के रूप में थे। जबकि सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार, नोडल ऑफिसर डॉ आशीष राज, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉक्टर दीपक कुमार व डॉक्टर मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने किया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। छात्रा नयनतारा गुप्ता ने मिजिल्स रूबेला के लक्षण और बचाव पर अपने विचार रखे। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा की हमारे लिए यह गर्व की बात है कि जिला स्तर पर वैक्सीनेशन कैंप की शुरुआत सेक्रेड हार्ट स्कूल से हो रही है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि मिजिल्स रूबेला का प्रसार कोडरमा में हो रहा है, जिस पर अंकुश लगाने के लिए इस कैम्प की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि 2023 में कोडरमा को रूबेला मुक्त बनाने की योजना है। उन्होंने वैक्सीनेशन के प्रति अभिभावकों को जागरूक होने और अपने बच्चों को टीका लगवाने की जरूरत बताई। कोडरमा डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि जिले में पौने तीन लाख बच्चों को वैक्सीन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसकी शुरुआत सेक्रेड हार्ट स्कूल से की गई है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हर क्षेत्र में यहां के बच्चे अच्छा कर रहे हैं। कोडरमा में सेक्रेड हार्ट स्कूल सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में शुमार है। उन्होंने अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। डीसी आदित्य रंजन ने फीता काटकर कैंप का उद्घाटन किया। यहां पर सात वैक्सीनेशन कैंप लगे हुए थे। जहां जाकर बच्चे बारी-बारी से वैक्सीन लगवा रहे थे। डीसी आदित्य रंजन ने वैक्सिन लेने वाले छोटे-छोटे बच्चों से बात की और से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल ने कई डॉक्टर, इंजीनियर और बैंकर्स दिए हैं। यहां के बच्चों ने हर स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन कैंप 1139 बच्चों को रूबेला का टीका दिया गया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### कांग्रेस ने डोकलाम पठार के करीब बड़े पैमाने पर चीनी सैन्य निर्माण पर चिंता जताई

**नई दिल्ली** : कांग्रेस ने चीन से लगती सीमा के डोकलाम पठार के करीब भूटान के अमु चू में बड़े पैमाने पर चीनी सैन्य निर्माण और उसकी गतिविधियों को लेकर चिंता जाहिर की है। पार्टी का कहना है कि स्थिति को लेकर केन्द्र सरकार भ्रम की स्थिति पैदा करने की बजाय यथास्थिति बहाल करे। कांग्रेस पार्टी ने भारतीय सेना पर चीन के किसी दुस्साहस का जवाब देने में भारतीय सशस्त्र बल की ताकत पर भरोसा जताया है लेकिन केन्द्र सरकार से मामले पर चुप्पी तोड़ने का आग्रह किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक वक्तव्य में कहा कि हाल ही में प्रकाशित एक न्यूज़ रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सशस्त्र बलों ने डोकलाम पठार के करीब भूटान के अमु चू में बड़े पैमाने पर चीनी सैन्य निर्माण को लेकर चिंता व्यक्त की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने बड़ी संख्या में सैनिकों के रहने के लिए 1,000 स्थायी एवं कई अस्थायी शेड्स बनाए हैं।उन्होंने कहा कि अमु चू से झम्पेरी रिज की तरफ एक वैकल्पिक रास्ता हो सकता है, जहां से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर दिखता है, जिसे चिकन नेक के रूप में भी जाना जाता है। यह कॉरिडोर पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत को जोड़ता है।जयराम रमेश ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि हम किसी को भारतीय क्षेत्र का 1 इंच भी नहीं लेने नहीं देंगे।卐 लेकिन सच्चाई यह है कि मई 2020 के बाद से चीन ने हमारे सैनिकों को 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने से रोका। आज भी चीन के गश्ती दल डेपसांग, डेमचोक, हॉट स्प्रिंग्स (कुंगरंग नाला) और गोगरा पोस्ट में कई पेट्रोलिंग पॉइंट्स तक हमें नहीं जाने दे रहे हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पहले की स्थिति बहाल करने में मोदी सरकार तीन साल से विफल है।

### महिला-20 समूह की बैठक 13-14 अप्रैल को जयपुर में

**जयपुर** : महिला-20 समूह की दो दिवसीय बैठक 13 एवं 14 अप्रैल को जयपुर के ललित होटल में होगी। बैठक में जी-20 के 18 देशों की 120 महिलाएं शिरकत करेंगी और लैंगिक समानता, वैश्विक स्तर पर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगी।बैठक में समावेशी एवं टिकाऊ भविष्य को गति देने के लिए महिलाओं की अभी तक अप्रयुक्त क्षमता का लाभ उठाने पर भी विचार किया जाएगा। महिला-20 की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा ने जयपुर में बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि महिला- 20 (डब्ल्यू-20) जी-20 का आधिकारिक समूह है जिसकी स्थापना 2015 में तुर्की की अध्यक्षता में लैंगिक समानता के लिए की गई थी। इसका प्राथमिक उद्देश्य महिला सशक्तीकरण, महिला अधिकारों की वकालत और उनके लिए एक मंच का निर्माण करना है, ताकि वे समानता के साथ अपनी राय रख सकें। जयपुर में होने वाली बैठक की थीम है- महिलाओं के नेतृत्व में समावेशी विकास और सतत भविष्य को गति देने के लिए महिलाओं की अप्रयुक्त क्षमता का लाभ उठना। महिला-20 भारत ने अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए चार रणनीति अपनाई है- अपने मिशन और लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सहयोग देना, सहयोग करना, संवाद करना और आम सहमति बनाना तथा उसे कार्यान्वित करना। भारत के महिला- 20 एजेंडे में पांच प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं- उद्यमिता क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना, जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व, लैंगिक डिजिटल असमानता, शिक्षा एवं कौशल विकास और जलवायु परिवर्तन।

## किसानों के खाते में आज से बीमित राशि का भुगतान शुरू

# 810 करोड़ रुपए का होगा भुगतान

### कुल 683922 किसानों को होगा लाभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : किसानों के चेहरे पर एक बार फिर आई खुशियां। वर्ष दो हजार अट्ठारह एवं 2019 में खरीफ और रबी फसल के लिए जिन किसानों ने बीमा करवाया था। उनके राशि का भुगतान शुरू हो गया है। यह बातें झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्री बादल ने कही। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही जब मैंने देखा की राज्य सरकार बीमा कंपनियों को सैकड़ों करोड़ दे रही है। लेकिन किसानों को विभिन्न कारणों से क्लेम सेटेलमेंट एवं भुगतान नहीं किए जा रहे थे। इसे देखते हुए हमने अपने राज्यांश की राशि नहीं देने का निर्णय लिया साथ ही स्टैटिकल डिपार्टमेंट के साथ समन्वय स्थापित कर डाटा को दुरुस्त एवं सत्यापन की कार्यवाही करते हुए हर एक कंपनी से वास्तविक योग्य राशि का प्रतिवेदन भी प्राप्त करने की बातें की। बीमा कंपनियों सहित केंद्र सरकार के साथ शर्त रखी कि जब तक बीमा कंपनियां शपथ पत्र नहीं देगी, कि हम किसानों का कितना भुगतान करने वाले हैं। तब तक हम राज्यांश की राशि नहीं देंगे। इस



निर्णय के बाद केंद्र सरकार की और से संयुक्त सचिव रितेश चौहान एवं बीमा कंपनियों के साथ विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीक और मेरी अध्यक्षता में हाई लेवल बैठक हुई। जहां आखिरकार बीमा कंपनियां तैयार हुई कि हम शपथ पत्र देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने हिस्से का 362 दशमलव 50 करोड़ बकाया का भुगतान करें, तो केंद्र सरकार भी अपने हिस्से की राशि रिलीज कर देगी। बीमा कंपनियों ने लिखित रूप में दिया की वह राज्य के किसानों को 810 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी, इसके बाद हमने अनुपूरक बजट के माध्यम से राशि का प्रावधान किया और यह राशि उन्हें दी, जिसका परिणाम है की आज से किसानों के खाते में राशि जानी शुरू हो गई है। राज्य के कुल 683922 किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

### टाटीसिल्वे में 14 को मनाई जाएगी अंबेडकर की जयंती

**रांची** : आजसू केंद्रीय कमेटी के दिशा-निर्देश अनुसार 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती मनाने का निर्देश मिला है। इसे देखते हुए खिजरी विधानसभा क्षेत्र के नामकुम प्रखंड के टाटीसिल्वे में बाबासाहेब की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रतिमा का रंग-रोगन, साफ-सफाई आदि कार्यों को पूरा किया जा रहा है। जयंती के अवसर पर आजसू के जिला सचिव राजू नायक ने आजसू पार्टी के केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी, प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी, महिला समिति एवं पार्टी के सभी विंग को इस जयंती में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## राहुल गांधी को 25 अप्रैल को पटना कोर्ट में पेश होने का आदेश



एजेंसी

**पटना** : मोदी उपनाम पर टिप्पणी की वजह से दो साल कारावास की सजा और संसद की सदस्यता खो चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को पटना एमएलए-एमपी कोर्ट में पेश नहीं हुए। उनके वकील ने कोर्ट में अगली तारीख मांगी। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी आदिदेव की अदालत ने राहुल गांधी को 25 अप्रैल को पेश होने की तारीख मुकर्रर की है।राहुल के अधिवक्ता अंशुल ने आवेदन देकर अदालत को बताया कि उन्हें 13 अप्रैल को सूरत की अदालत में पेश होना है। इस कारण राहुल गांधी आज नहीं आ सके। 25 अप्रैल को राहुल गांधी अदालत में उपस्थित रहेंगे। इस पर कोर्ट ने कहा कि अगर अगली सुनवाई में राहुल गांधी सशरीर पेश नहीं होते हैं तो उनका बेल बॉन्ड रद्द कर दिया जाएगा।उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान साल 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक जनसभा में कहा था कि मोदी सरनेम वाले सभी मोदी चोर हैं। इस पर 2019 में ही सुशील कुमार मोदी ने पटना कोर्ट में मामला दर्ज करवाया था। पिछली सुनवाई में राहुल को कोर्ट ने 12 अप्रैल को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया था।

### महापौर अरुणा शंकर ने संभाला जलापूर्ति का कमान

## यथासंभव पानी देगा नगर निगम : महापौर



**ड्राई जोन में पेयजल उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : महापौर अरुणा शंकर ने बुधवार को स्वयं चैनपुर व शाहपुर के वार्डों में जाकर निगम द्वारा कराई जा रही टैंकर से जलापूर्ति का निरीक्षण किया। महापौर ने उपस्थित माताओं और बहनों को आश्वस्त किया कि मैं लगातार निगम के सभी क्षेत्रों में जाऊंगी और जहां भी पानी की समस्या होगी वहां तत्काल यथासंभव टैंकर द्वारा पानी बढ़ा कर दी जाएगी। महापौर ने यह भी कहा कि अभी सभी वार्ड में (1/2 वार्ड छोड़कर) पार्षदों के माध्यम से 5/5 टैंकर पानी की आपूर्ति की जा रही है। जरूरत पड़ी तो टैंकर बढ़ाए जाएंगे। महापौर ने कहा कि मेरी विशेष निगाह ड्राइ जॉन में है। कल मैं स्वयं ड्राई जोन में जाऊंगी और जहां जहां पानी की आवश्यकता है, जितनी होगी निगम यथासंभव पानी देगा। इस क्रम में महापौर ने डोर टू डोर कचरा का भी निरीक्षण किया। कर्मियों को कई निर्देश भी दिए। महापौर ने यह भी बताया कि पूरे निगम में लगभग डेढ़ सौ पॉइंट नई बोरिंग कराई जा रही है। ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। महापौर ने कहा किए एनीकेट (मिनी बांध) शहर के पानी का लेवल बढ़ाने का एकमात्र विकल्प है। मैं सरकार एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मांग करूंगी। कोयल पर शहर के बाहर उचित स्थान पर निगम बोर्ड द्वारा पारित मिनी बांध बनाई जाए। ताकि शहरी क्षेत्र के नदी में 5 फीट पानी हमेशा बना रहे। जिससे शहरी क्षेत्र के हर बोरिंग और कुएं में पानी आ जाएगा तथा जानवरों को भी नदी में जगह-जगह पानी सुलभ तरीका से मिल सके और किसान भी जमीन सिंचित कर पाए।

# अरहर और उड़द की कालाबाजारी पर हो कड़ी कार्रवाई : केंद्र



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने बुधवार को प्रमुख दलहन उत्पादक और उपभोग करने वाले राज्यों के साथ अरहर और उड़द के स्टॉक खुलासे की स्थिति की समीक्षा की। राज्यों को उपयुक्त अधिनियमों के तहत कालाबाजारी की रोकथाम और अघोषित स्टॉक पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव रोहित कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सरकार के अनुसार जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन करने के लिए उपभोक्ता मामलों के विभाग ने 12 वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न राज्यों की राजधानियों और प्रमुख तुअर उत्पादक और व्यापारिक केंद्रों के जिलों में प्रतिनियुक्त किया है ताकि विभिन्न बाजार के खिलाड़ियों, मिलरों और भंडारण संचालकों से जमीनी स्तर पर प्रतिक्रिया प्राप्त की जा सके। उनकी प्रतिक्रिया आगे की कार्रवाई का निर्धारण करेगी।बैठक के दौरान पंजीकृत संस्थाओं की संख्या और घोषित स्टॉक की मात्रा की राज्य और क्षेत्रवार समीक्षा की गई। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि आयातक, मिलर, स्टॉकिस्ट और व्यापारी सही जानकारी दें। स्टॉक डिस्क्लोजर पोर्टल में पंजीकृत संस्थाओं की संख्या में वृद्धि हुई है और यह देखा गया है कि कुछ राज्यों में हितधारकों की वास्तविक संख्या अधिक हो सकती है। कुछ राज्यों में उत्पादन और खपत की तुलना में घोषित की गई तुअर के स्टॉक की मात्रा भी कम पाई गई है।बाजार कवरेज को व्यापक बनाने के लिए राज्य सरकारों को एफएसएसएआई लाइसेंस, एपीएमसी पंजीकरण, जीएसटी पंजीकरण, गोदामों और कस्टम बांडेड गोदामों से संबंधित आंकड़ों को देखने के लिए कहा गया है। राज्यों ने सूचित किया कि वे निगरानी तेज कर रहे हैं ।

### बिहार के कुछ जिलों में 4.3 तीव्रता का भूकंप, कहीं से भी नुकसान की सूचना नहीं

**पटना** : बिहार के सीमांचल इलाके के कुछ जिलों में आज (बुधवार) सुबह करीब साढ़े पांच बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जिले पूर्णिया, अररिया और भागलपुर आदि हैं। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग आनन-फानन में घरों से बाहर निकल गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। कहीं से भी किसी तरह के नुकसान होने की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार रानीगंज और बनमनखी के बीच भूकंप का केंद्र रहा। भूकंप के झटके नेपाल में भी महसूस किए गए। वहीं दूसरी ओर जम्मू कश्मीर के हिमालयी क्षेत्र में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने फ्रांसीसी समकक्ष के साथ की चर्चा



एजेंसी

**नई दिल्ली-पेरिस** : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष ओलिवियर बेख्त के साथ भारत और यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार करार वार्ता की प्रगति पर चर्चा की है। इसके अलावा गोयल ने फ्रांस के विदेश व्यापार मंत्री ओलिवियर बेख्त के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि पीयूष गोयल और ओलिवियर बेख्त ने भारत-यूरोपीय संघ एफटीए से संबंधित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर चर्चा की। इस दौरान दोनों मंत्रियों के बीच बाजार पहुंच के मुद्दे पर भी बातचीत हुई।

इस अवसर पर गोयल ने कहा कि भारत अगले 10 साल में 2 हजार वाणिज्यिक विमान खरीदना चाहता है। गोयल ने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए भारत में वाणिज्यिक विमान बनाने का एक बड़ा अवसर है। राफेल की खरीद और एयरबस को हालिया ऑर्डर के बाद इस भागीदारी का महत्व और बढ़ा है। इसके अलावा वाणिज्य मंत्री ने कई मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठकें कीं।

उल्लेखनीय है कि गोयल भारत-फ्रांस व्यापार शिखर सम्मेलन और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) की गोलमेज बैठक में भाग लेने फ्रांस गए हैं। दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2021-22 में 15.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह पिछले दशक में दोगुना हुआ है।

फ्रांस से भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 10 अरब डॉलर रहा है। भारत में फ्रांस शीर्ष विदेशी निवेशक बन चुका है।

## रोजगार मेले में प्रधानमंत्री गुरुवार को असम के 207 समेत 71 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



एजेंसी

**गुवाहाटी** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार (13 अप्रैल) को सुबह साढ़े 10 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम रोजगार मेले के तहत 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। ये नियुक्तियां देश के विभिन्न मंत्रालयों में होंगी। इस दौरान गुवाहाटी में 207, डिमापुर में 217 और सिलीगुड़ी में 225 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बुधवार को बताया कि पूसीरे के क्षेत्राधिकार के अधीन रोजगार मेला तीन अलग-अलग स्थानों- असम के गुवाहाटी, उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी और नगालैंड के डिमापुर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल नव चयनित युवाओं को रेलवे के रंग भवन सांस्कृतिक हॉल, गुवाहाटी में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली इम्लियांगर मेमोरियल सेंटर, डिमापुर में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री निशीथ प्रामाणिक सिलीगुड़ी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और रेलवे ऑफिसर्स क्लब, न्यू जलपाईगुड़ी में नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस दौरान गुवाहाटी में 207, डिमापुर में 217 और सिलीगुड़ी में 225 उम्मीदवारों को विभिन्न सरकारी विभागों के नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। देशभर से चुने गए नवनियुक्त कर्मियों को भारत सरकार के तहत ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, वरिष्ठ वाणिज्यिक लिपिक सह टिकट लिपिक, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, कनिष्ठ लेखापाल, डाक सहायक, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, टैक्स सहायक, सीनियर ड्राफ्ट्समैन, जेई/सुपरवाइजर, सहायक प्रोफेसर, शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, नर्स, परिवीक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस और अन्य जैसे पदों पर कार्य करने के लिए शामिल किया जाएगा। नवनियुक्त कर्मियों को 'कर्मयोगी प्रारंभ' के माध्यम से स्वयं को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नवनियुक्त कर्मियों के लिए एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम है।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हर महिला वोटर तक पहुंचेगी भाजपा

**नई दिल्ली** : कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हर महिला वोटर तक भाजपा पहुंचेगी। इसकी रणनीति भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन ने तैयार की है। उन्होंने कहा है कि सभी सरकारी योजनाओं में 50 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं। सभी महिला लाभार्थियों के साथ एक करोड़ सेल्फी नमो ऐप पर अपलोड की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा होने के नाते हम महिला मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करेंगे। यूपी, मणिपुर, गोवा और गुजरात में बड़ा बदलाव हुआ है। इन राज्यों की महिलाओं ने भाजपा पर अभूतपूर्व आत्मविश्वास जताया है। वैसे तो पूरे देश में महिलाएं भाजपा के साथ हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता हर महिला मतदाता तक पहुंचे। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक विधानसभा की 224 सीटों के लिए भाजपा 189 उम्मीदवारों की सूची मंगलवार को जारी कर चुकी हैं।

# नवाचार से नई क्रान्ति ला रहे भारतीय युवा : ओम बिरला



एजेंसी

**जयपुर** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जयपुर में बुधवार को एमएनआईटी के 16वें दीक्षांत समारोह और आईआईआईटी कोटा के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। बिरला ने पंडित मदन मोहन मालवीय को श्रद्धांजलि अर्पित की और एक नए भारत तथा सुविज्ञ और सुसंस्कृत युवा पीढ़ी के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान का उल्लेख किया। इस अवसर पर बिरला ने प्राचीन भारत में गुरुकुलों की समृद्ध संस्कृति और शिक्षा प्रणाली की बात की और इस बात का उल्लेख भी किया कि एमएनआईटी जैसे संस्थान उस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों में नई सोच को विकसित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। एमएनआईटी जैसे संस्थानों की शिक्षा-दीक्षा के परिणामस्वरूप भारत के युवा अनुसंधान और नवाचार में सबसे आगे हैं। बिरला ने कहा कि युवा ही देश के भविष्य की दिशा तय करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नए भारत में अपार संभावनाएं और अवसर उपलब्ध हैं और यह युवाओं पर निर्भर करता है कि वे अपनी कड़ी मेहनत और नवाचार के माध्यम से व्यक्तिगत विकास के साथ ही राष्ट्र के विकास के लिए इन संभावनाओं का उपयोग कैसे करते हैं। भारत को युवाओं से बहुत उम्मीदें हैं और युवाओं में इन अपेक्षाओं को पूरा करने की क्षमता, ऊर्जा और उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार के इस युग में, भारत के युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहिए और तकनीकी नवाचारों, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, स्टार्ट-अप आदि जैसे क्षेत्रों में देश को अग्रणी बनाना चाहिए। युवाओं का हर कदम प्रगति की दिशा में होना चाहिए। बिरला ने छात्रों से यह भी कहा कि वे वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की प्रधानमंत्री की संकल्पना को पूरा करने को अपना मिशन बना लें। बिरला ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहें और दूसरों की नकल न करें। इस बात पर जोर देते हुए कि छात्र और युवा हमारी संस्कृति और परंपरा के ध्वजवाहक हैं, बिरला ने सुझाव दिया कि उन्हें बड़े सपने देखने चाहिए, कड़ी मेहनत करनी चाहिए और अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना चाहिए। बिरला ने शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि नए भारत में हर शिक्षण केंद्र नवाचार का केंद्र बन गया है। बिरला ने कहा कि ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास की ओर बढ़ रही है, भारत आर्थिक और तकनीकी प्रगति के साथ-साथ अपनी संस्कृति और मूल्यों को भी आगे बढ़ा रहा है।